सामान्य हिन्दी

अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

- UP सब इंस्पेक्टर - UP सिपाही - UPSSSC
- सहायक अध्यापक - UPTET/CTET - PCS (CSAT) - RO/ARO
- लोअर सबॉर्डिनेट - डॉयट प्रवक्ता - GIC - आश्रम पद्धति
- TGT/PGT - BEd - रेलवे - हाईकोर्ट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु

# सामान्य हिन्दी

## परीक्षा प्लानर

## पूर्व परीक्षाओं के अध्यायवार

## सॉल्व्ड पेपर्स

विश्लेषण एवं व्याख्या सहित हल प्रश्न - पत्र

5965+ पूछे गये प्रश्नों का संग्रह

पूर्णतः आयोग की आन्सर-की द्वारा प्रमाणित

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

# वस्तुनिष्ठ सामान्य हिन्दी

## अध्यायवार सॉल्वड पेपर्स

### व्याख्या सहित हल

**प्रधान सम्पादक**
आनन्द कुमार महाजन

**सह-सम्पादक**
अधिवक्ता अभिषेक सिंह

**लेखक**
हिन्दी परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**आंतरिक सज्जा**
बालकृष्ण, चरन सिंह

**संपादकीय कार्यालय**
यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
**मो. : 9415650134**
**Email : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com**

**प्रकाशन घोषणा**
सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, प्रयागराज-2 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सहयोग एवं सुझाव सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

**मूल्य : 395/-**

# विषय-सूची


- प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट ........ 3-7
- प्रश्न-पत्रों का पाई चार्ट एवं बार ग्राफ ........ 8-8
- ध्वनि एवं हिन्दी वर्णमाला व वर्णक्रम ........ 9-17
- विराम चिह्न ........ 18-20
- वर्तनी शुद्धि ........ 21-30
- संज्ञा ........ 31-36
- सर्वनाम ........ 37-40
- विशेषण ........ 41-53
- क्रिया ........ 54-58
- अव्यय ........ 59-67
- लिंग, वचन, काल, वाच्य ........ 68-89
- कारक एवं परसर्ग ........ 90-96
- शब्द सौष्ठव ........ 97-97
- शब्द भण्डार ........ 98-112
- उपसर्ग प्रत्यय ........ 113-124
- विलोम शब्द ........ 125-146
- पर्यायवाची शब्द ........ 147-173
- अनेकार्थी शब्द ........ 174-176
- युग्म शब्द ........ 177-179
- अनेक शब्दों के लिये एक शब्द ........ 180-198
- संधि ........ 199-214
- समास ........ 215-230
- वाक्य रचना ........ 231-283
- रस ........ 284-290
- छन्द ........ 291-297
- अलंकार ........ 298-324
- मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ ........ 325-352
- पत्र लेखन ........ 353-354
- अपठित गद्यांश एवं पद्यांश प्रश्नोत्तर ........ 355-364
- हिन्दी भाषा व साहित्य ........ 365-379
- रचना एवं रचनाकार तथा विधाएँ ........ 380-408
- अनुवाद ........ 409-411
- विविध ........ 412-416

# प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण

## उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | UPSI 12 Dec Batch I | 40 |
| 2. | UPSI 12 Dec Batch II | 40 |
| 3. | UPSI 12 Dec Batch III | 40 |
| 4. | UPSI 13 Dec Batch I | 40 |
| 5. | UPSI 13 Dec Batch II | 40 |
| 6. | UPSI 13 Dec Batch III | 40 |
| 7. | UPSI 14 Dec Batch I | 40 |
| 8. | UPSI 14 Dec Batch II | 40 |
| 9. | UPSI 14 Dec Batch III | 40 |
| 10. | UPSI 15 Dec Batch I | 40 |
| 11. | UPSI 15 Dec Batch II | 40 |
| 12. | UPSI 15 Dec Batch III | 40 |
| 13. | UPSI 16 Dec Batch I | 40 |
| 14. | UPSI 16 Dec Batch II | 40 |
| 15. | UPSI 16 Dec Batch III | 40 |
| 16. | UPSI 19 Dec Batch I | 40 |
| 17. | UPSI 19 Dec Batch II | 40 |
| 18. | UPSI 19 Dec Batch III | 40 |
| 19. | UPSI 20 Dec Batch I | 40 |
| 20. | UPSI 20 Dec Batch II | 40 |
| 21. | UPSI 20 Dec Batch III | 40 |
| 22. | UPSI 21 Dec Batch I | 40 |
| 23. | UPSI 21 Dec Batch II | 40 |
| 24. | UPSI 21 Dec Batch III | 40 |
| 25. | UPSI 22 Dec Batch I | 40 |
| 26. | UPSI 22 Dec Batch II | 40 |
| 27. | UPSI 22 Dec Batch III | 40 |
| 28. | UPP CONSTABLE RE-EXAM 26-10-2018 SHIFT I | 36 |
| 29. | UPP CONSTABLE RE-EXAM 26-10-2018 SHIFT II | 36 |
| 30. | UPP CONSTABLE RE-EXAM 25-10-2018 | 36 |
| 31. | UPP CONSTABLE EXAM 19-06-2018 SHIFT I | 36 |
| 32. | UPP CONSTABLE EXAM 19-06-2018 SHIFT II | 36 |
| 33. | UPP CONSTABLE EXAM 18-06-2018 SHIFT I | 36 |
| 34. | UPP CONSTABLE EXAM 18-06-2018 SHIFT II | 36 |
| 35. | UPP CONSTABLE EXAM 2014 | 36 |
| 36. | UPP CONSTABLE EXAM 2011 | 36 |
| 37. | UPP CONSTABLE EXAM 2009 | 36 |

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत अधिकारी 2018 (I shift) | 50 |
| 2. | ग्राम पंचायत अधिकारी 2018 (II shift) | 50 |
| 3. | ग्राम पंचायत अधिकारी 2018 (I shift) | 50 |
| 4. | ग्राम पंचायत अधिकारी 2018 (II shift) | 50 |
| 5. | व्यायाम प्रशिक्षक (प्रथम पाली) | 50 |
| 6. | व्यायाम प्रशिक्षक (द्वितीय पाली) | 50 |
| 7. | विधान भवन/वन रक्षक (प्रथम पाली) | 80 |
| 8. | विधान भवन/वन रक्षक (द्वितीय पाली) | 80 |
| 9. | नलकूप चालक | 25 |
| 10. | लोअर-II | 25 |
| 11. | ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा | 30 |
| 12. | आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा – 2016-17 | 30 |
| 13. | जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा –2016 | 40 |
| 14. | अमीन परीक्षा – 2016 (द्वितीय प्रश्नपत्र) | 25 |
| 15. | राजस्व निरीक्षक –2016 (द्वितीय प्रश्नपत्र) | 25 |
| 16. | गन्ना पर्यवेक्षक –2016 (द्वितीय प्रश्नपत्र) | 25 |
| 17. | लोवर–III भर्ती परीक्षा – 2016 (द्वितीय प्रश्नपत्र) | 25 |
| 18. | ग्राम विकास अधिकारी (V.D.O) भर्ती परीक्षा –2016 | 30 |
| 19. | जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा–2016 | 40 |
| 20. | स्टोनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा –2016 | 40 |
| 21. | लोवर–II भर्ती परीक्षा –2015 (द्वितीय प्रश्नपत्र) | 25 |
| 22. | लोवर–I भर्ती परीक्षा –2015 (द्वितीय प्रश्नपत्र) | 25 |
| 23. | ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा –2015 | 40 |
| 24. | कम्बांइड मेडिकल सर्विसेस (फाइलेरिया, मलेरिया इंस्पेक्टर) भर्ती परीक्षा 2015 | 15 |
| 25. | जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा – 2015 | 40 |
| 26. | वन रक्षक भर्ती परीक्षा – 2015 | 80 |
| 27. | यू.डी.ए./एल.डी.ए. भर्ती परीक्षा –2015 (द्वितीय प्रश्नपत्र) | 60 |
| 28. | असिस्टेन्ट एकाउन्टेंट भर्ती परीक्षा – 2015 | 40 |
| 29. | चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 (प्रथम पाली) | 40 |
| 30. | चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015 (द्वितीय पाली) | 40 |
| 31. | राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा –2015 (प्रथम पाली) | 25 |
| 32. | राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा – 2015 (द्वितीय पाली) | 25 |
| 33. | परिचालक भर्ती परीक्षा –2015 | 50 |
| 34. | स्टोनोग्राफर भर्ती परीक्षा –2015 | 40 |
| 35. | जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा–2015 | 40 |
| 36. | उत्तर प्रदेश की अन्य विभिन्न भर्ती परीक्षा–1991–2018तक | 150 |

## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2017 | 60 |
| 2. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2017 | 30 |
| 3. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2016 | 60 |
| 4. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2014 | 60 |
| 5. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2014 | 30 |
| 6. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2013 | 60 |
| 7. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2013 | 30 |
| 8. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2010 | 60 |
| 9. | उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी मुख्य परीक्षा 2010 | 30 |
| 10. | उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. (प्रारम्भिक) परीक्षा सी-सैट में पूछे गये सामान्य हिन्दी के सभी प्रश्न (वर्ष 2012-2018) | 140 |
| 11. | अन्य प्रदेश पी.सी.एस. (प्रारम्भिक) परीक्षा में पूछे गये सामान्य हिन्दी के सभी प्रश्न (वर्ष 2012-2018) | 140 |

## उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | UPTET (I-V) 15-OCT- 2017 | 30 |
| 2. | UPTET (VI-VIII) 15-OCT- 2017 | 30 |
| 3. | UPTET (I-V) 19-DEC- 2016 | 30 |
| 4. | UPTET (VI-VIII) 19-DEC- 2016 | 30 |
| 5. | UPTET (I-V) 2-FEB- 2016 | 30 |
| 6. | UPTET (VI-VIII) 2-FEB- 2016 | 30 |
| 7. | UPTET (I-V) 23-FEB- 2014 | 30 |
| 8. | UPTET (VI-VIII) 23-FEB- 2014 | 30 |
| 9. | UPTET (I-V) 27-JUN- 2013 | 30 |
| 10. | UPTET (VI-VIII) 27-JUN- 2013 | 30 |
| 11. | UPTET (I-V) 13-NOV- 2011 | 30 |
| 12. | UPTET (VI-VIII) 13-NOV- 2011 | 30 |

## केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | CTET (I-V) 18-SEP- 2016 | 30 |
| 2. | CTET (VI-VIII) 18-SEP- 2016 | 30 |
| 3. | CTET (I-V) 21-FEB- 2016 | 30 |
| 4. | CTET (VI-VIII) 21-FEB- 2016 | 30 |
| 5. | CTET (I-V) 20-SEP- 2015 | 30 |
| 6. | CTET (VI-VIII) 20-SEP- 2015 | 30 |
| 7. | CTET (I-V) 22-FEB- 2015 | 30 |
| 8. | CTET (VI-VIII) 22-FEB- 2015 | 30 |
| 9. | CTET (I-V) 21-SEP- 2014 | 30 |
| 10. | CTET (VI-VIII) 21-SEP- 2014 | 30 |
| 11. | CTET (I-V) 16-FEB- 2014 | 30 |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | CTET (VI-VIII) 16-FEB- 2014 | 30 |
| 13. | CTET (I-V) 28-JUL- 2013 | 30 |
| 14. | CTET (VI-VIII) 28-JUL- 2013 | 30 |
| 15. | CTET (I-V) 18-NOV- 2012 | 30 |
| 16. | CTET (VI-VIII) 18-NOV- 2012 | 30 |
| 17. | CTET (I-V) 29-JAN- 2012 | 30 |
| 18. | CTET (VI-VIII) 29-JAN- 2012 | 30 |
| 19. | CTET (I-V) 26-JUN- 2011 | 30 |
| 20. | CTET (VI-VIII) 26-JUN- 2011 | 30 |

## उत्तराखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | UTET (I-V) 29-JAN- 2011 | 30 |
| 2. | UTET (I-V) 12-NOV- 2013 | 30 |
| 3. | UTET (VI-VIII) 12-NOV- 2013 | 30 |
| 4. | UTET (I-V) 26-APR- 2016 | 30 |

## छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | CHTET (I-V) 2011 | 30 |
| 2. | CHTET (VI-VIII) 2011 | 30 |

## बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | BTET (I-V) 2011 | 30 |
| 2. | BTET (VI-VIII) 2011 | 30 |

## राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | RTET (I-V) 2011 | 30 |
| 2. | RTET (VI-VIII) 2011 | 30 |
| 2. | RTET (I-V) 2012 | 30 |
| 2. | RTET (I-V) 7-FEB-2016 | 30 |

## हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | HTET (I-V) 2011 | 30 |
| 2. | HTET (I-V) 2012 | 30 |
| 3. | HTET (I-V) 2014 | 30 |
| 4. | HTET (VI-VIII) 2014 | 30 |
| 5. | HTET (I-V) 2015 | 30 |

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय भर्ती परीक्षा


| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी मुख्य परीक्षा, 2017 | 25 |
| 2. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप सी परीक्षा, 12.11.2017 | 25 |
| 3. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 12.11.2017 | 25 |
| 4. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप सी परीक्षा, 22.07.2017 | 25 |
| 5. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 23.07.2017 | 25 |
| 6. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 20.12.2017 | 25 |
| 7. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप सी परीक्षा, 18.10.2017 | 25 |
| 8. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ग्रुप डी परीक्षा, 27.09.2014 | 25 |
| 9. | इलाहाबाद हाई कोर्ट ए.आर.ओ. परीक्षा 18.12.2016 | 20 |
| 10. | इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ. परीक्षा 08.01.2017 | 25 |
| 11. | इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ/ए.आर.ओ. परीक्षा 28.09.2014 | 10 |
| 12. | इलाहाबाद हाई कोर्ट आर.ओ./ए.आर.ओ. परीक्षा 06.02.2011 | 10 |


## उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड भर्ती परीक्षा

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | सामान्य हिन्दी प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | UP PCL ARO 18.02.2018 (Morning Shift) | 70 |
| 2. | UP PCL ARO 18.02.2018 (Evening Shift) | 70 |
| 3. | UP PCL Stenographer 18.02.2018 | 65 |
| 4. | UP PCL APS 18.02.2018 | 60 |
| 5. | UP PCL RO/ARO 24.07.2016 | 50 |
| 6. | UP PCL Assistant Accountant 09.02.2018 | 25 |
| 7. | UP PCL JE Electrical 11.02.2018 (Morning & Evening Shift) | 10 |
| 8. | UP PCL Assistant Electrical Engineer 12.11.2016 | 10 |
| 9. | UP PCL JE Electrical 11.11.2016 | 10 |
| 10. | UP PCL Technical Grade-II 06.10.2016 | 10 |
| 11. | UP PCL Technical Grade-II 26.06.2016 | 10 |
| 12. | UP PCL JE Electrical 14.03.2016 | 10 |
| 13. | UP PCL JE Electrical 23.08.2015 | 10 |
| 14. | UP PCL Technical Grade-II 02.08.2015 | 10 |
| 15. | UP PCL Technical Grade-II (Electrician) 09.05.2015 | 10 |
| 16. | UP PCL Technical Grade-II (Electrical) 08.11.2014 | 10 |
| 17. | UP PCL JE Electrical 17.11.2013 | 10 |
| | संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड. | 90 |

**नोट–**उपरोक्त प्रश्नपत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त यथा संभव समान प्रकृति एवं प्रवृत्ति से बचते हुए सामान्य हिन्दी से सम्बन्धित कुल **4405+1560 ( दुहराव वाले प्रश्न ) = 5965** प्रश्नों को अध्यायवार प्रस्तुत किया गया है। दुहराव वाले प्रश्नों का परीक्षा वर्ष एवं परीक्षा नाम यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है।

# पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये सामान्य हिन्दी के प्रश्नों का विश्लेषणात्मक पाई चार्ट एवं बार ग्राफ



# 01.

# ध्वनि एवं हिन्दी वर्णमाला व वर्णक्रम

**1. शब्द की सबसे छोटी इकाई क्या कहलाती है?**
(a) स्वर (b) वर्ण
(c) व्यंजन (d) अयोगवाह

**UPP, 2017**

**उत्तर (b) :** शब्द (भाषा) की सबसे छोटी इकाई 'वर्ण या ध्वनि' कहलाती है। हिंदी में कुल 52 वर्ण होते हैं, जिसमें स्वरों की संख्या ग्यारह (11), मूल व्यंजनों की संख्या 33, दो अयोगवाह (अं, अः), दो द्विगुण (ड़, ढ़) तथा चार संयुक्त वर्ण (क्ष, त्र, ज्ञ तथा श्र) हैं।

**2. भाषा की मूल इकाई -**
(a) अक्षर (b) ध्वनि
(c) संकेत (d) वर्णमाला

**UPSI, 2016**

**उत्तर : (b)** भाषा की मूल इकाई **ध्वनि** है। भाषा की पूर्ण सार्थक इकाई **वाक्य** है। वाक्य से छोटी इकाई **उपवाक्य,** उपवाक्य से छोटी इकाई **पदबंध,** पदबंध से छोटी इकाई **पद (शब्द),** पद से छोटी इकाई **अक्षर** और अक्षर से छोटी इकाई **ध्वनि/वर्ण** है।
**उदाहरण –** 'राम' शब्द में 2 अक्षर (रा, म) एवं 4 वर्ण (र, आ, म्, अ) हैं। ध्यातव्य है कि 'शब्द' भाषा की सबसे छोटी सार्थक इकाई है।

**3. वर्णों के समुदाय को क्या कहते हैं?**
(a) वर्णमाला (b) सर्वनाम
(c) अक्षर (d) क्रिया

**UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift**

**उत्तर : (a)** वर्णों के समुदाय को 'वर्णमाला' कहते हैं। वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई होती है। इसके उच्चारित स्वरूप को 'ध्वनि' भी कहा जाता है।

**4. वर्णमाला किसे कहते हैं?**
(a) शब्द–समूह को (b) वर्ण–समूह को
(c) शब्द गणना को (d) व्यवस्थित वर्ण–समूह को

**UP Bed Exam 2007**

**उत्तर : (d) :** 'व्यवस्थित वर्ण-समूह' को वर्णमाला कहते हैं। हिन्दी वर्णमाला में कुल 52 वर्ण हैं। इसमें स्वरों की संख्या 11 तथा मूल व्यंजनों की संख्या 33 है।

**5. हिन्दी भाषा की कुल वर्ण लिपियाँ हैं-**
(a) 44 (b) 33
(c) 52 (d) 48

***जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016***

**उत्तर (c) :** हिन्दी भाषा की कुल वर्ण लिपियों की संख्या 52 है।
**स्वर -** अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ = 11

| | | | |
|---|---|---|---|
| **व्यंजन - क वर्ग -** | क, ख, ग, घ, ङ | = | 5 |
| **च वर्ग -** | च, छ, ज, झ, ञ | = | 5 |
| **ट वर्ग -** | ट, ठ, ड, ढ, ण | = | 5 |
| **त वर्ग -** | त, थ, द, ध, न | = | 5 |
| **प वर्ग -** | प, फ, ब, भ, म | = | 5 |
| **अन्तःस्थ-** | य, र, ल, व | = | 4 |
| **ऊष्म -** | श, ष, स, ह | = | 4 |
| **संयुक्त व्यंजन -** | क्ष, त्र, ज्ञ, श्र | = | 4 |
| **अयोगवाह-** | अं, अः | = | 2 |
| **द्विगुण व्यंजन** | ड़, ढ़ | = | 2 |
| **कुल वर्णों की संख्या** | | = | 52 |

**6. हिन्दी में ध्वनियाँ कितने प्रकार की होती हैं?**
(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (a)** हिन्दी वर्णमाला में ध्वनियाँ मुख्यतः दो प्रकार की होती हैं–(1) स्वर (2) व्यंजन। स्वतंत्र रूप से उच्चरित होने वाले वर्ण 'स्वर' कहलाते हैं तथा स्वरों की सहायता से उच्चरित होने वाले वर्ण 'व्यंजन' कहे जाते हैं।

**7. वर्णों के कितने भेद हैं?**
(a) दस (b) सात
(c) दो (d) आठ

**UPP, 2017**

**उत्तर (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. जिनका उच्चारण स्वतंत्रता से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं उसे कहते हैं :**
(a) संज्ञा (b) स्वर
(c) व्यंजन (d) विसर्ग

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (b)** जिनका उच्चारण स्वतंत्रता से होता है और जो व्यंजन के उच्चारण में सहायक होते हैं उसे स्वर कहते है। इनके उच्चारण में भीतर से आती हुई वायु मुख से निर्बाध रूप से निकलती है। हिन्दी में स्वर वर्णों की संख्या ग्यारह है।

**9. जिन वर्णों का उच्चारण स्वतन्त्र होता है उन्हें________ कहते हैं।**
(a) स्वर (b) बोली
(c) व्याकरण (d) व्यंजन

**UPSI Batch - III 22 Dec.2017**

**उत्तर (a) :** जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र होता है, उन्हें 'स्वर' कहते हैं। स्वरों की सहायता से बोले जाने वाले वर्ण 'व्यंजन' कहलाते हैं। भाषा के शुद्ध और स्थायी रूप को निश्चित करने के लिए आवश्यक नियमबद्ध योजना को 'व्याकरण' कहते हैं तथा भाषा का क्षेत्रीय रूप 'बोली' कहलाता है।

**10. हिंदी वर्णमाला में स्वरों की संख्या ......... है। रिक्त स्थान की पूर्ति करें–**
(a) 11 (b) 10
(c) 9 (d) 13

**UPSI Batch - I 21 Dec.2017**

**उत्तर : (a)** हिन्दी वर्णमाला में स्वरों की संख्या 11 है, जो इस प्रकार है– अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ।

**11. निम्नलिखित में कौन स्वर नहीं है?**
(a) अ (b) उ
(c) ए (d) ञ

**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**उत्तर (d) :** प्रश्नगत विकल्पों में से 'ञ' 'स्वर' नहीं है, यह व्यंजन वर्ण है, जो 'च' वर्ग का पंचमाक्षर है।

**12. कौन स्वर नहीं है?**

(a) अ (b) उ
(c) ए (d) ब

**UP Bed Exam 2007**

**उत्तर (d) :** उपर्युक्त विकल्पों में 'ब' स्वर नहीं है। यह एक स्पर्श व्यंजन है। यह प वर्ग का तृतीय व्यंजन है, जिसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

**13. निम्नलिखित में से कौन सा मूल दीर्घ स्वर नहीं है?**

(a) आ (b) ई
(c) ऊ (d) ओ

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर :** (d) स्वतंत्र रूप से उच्चरित वर्ण 'स्वर' कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में 11 स्वर हैं, जिनका वर्गीकरण निम्न है–

**(1) ह्रस्व स्वर–** जिन स्वरों की उत्पत्ति दूसरे स्वरों से न होकर स्वतंत्र रूप से होती है, वे 'ह्रस्व स्वर' कहलाते हैं; जैसे– अ, इ, उ, ऋ। इन्हें 'मूल स्वर' भी कहा जाता है।

**(2) दीर्घ स्वर–** दो समान मूल स्वरों के योग से निर्मित स्वर 'दीर्घ स्वर' कहलाते हैं। 'आ' (अ+अ),'ई' (इ+इ), 'ऊ' (उ+उ) मूल दीर्घ स्वर हैं।

**(3) संयुक्त स्वर–** जब दो असमान स्वर परस्पर जुड़ते हैं, तो उनके योग से 'संयुक्त स्वरों' का निर्माण होता है। 'ए' (अ+इ), 'ऐ' (अ+ए), ओ (अ+उ), औ (अ+ओ) संयुक्त स्वर हैं।

अतः प्रश्नगत विकल्पों में से 'ओ' मूल दीर्घ स्वर नहीं है, यह संयुक्त स्वर है।

**14. निम्न में दीर्घ स्वर है :**

(a) इ (b) ई
(c) ए (d) ऐ

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (b)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. निम्न में दीर्घ स्वर कौन सा है?**

(a) आ (b) ओ
(c) ए (d) ऐ

**UP Bed Exam 2004**

**उत्तर : (a)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा संयुक्त स्वर है?**

(a) ए, ऐ, ऋ (b) अ, ए, ओ
(c) आ, ऐ, औ (d) ए, ऐ, ओ, औ

**स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015**

**उत्तर (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**17. मात्रा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं?**

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (b)** उच्चारण में लगने वाला समय 'मात्रा' कहलाता है। इसी मात्रा के आधार पर स्वरों के तीन भेद हैं–

**(1) ह्रस्व स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में एक मात्रा का समय लगता है, उन्हें 'ह्रस्व स्वर' कहते हैं। अ, इ, उ, ऋ ह्रस्व स्वर हैं। इन्हें 'एक मात्रिक स्वर' भी कहते हैं।

**(2) दीर्घ स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में दो मात्रा का समय लगता है, वे 'दीर्घ स्वर' कहलाते हैं। इन्हें 'द्विमात्रिक स्वर' भी कहते हैं। ये हैं– आ,ई,ऊ,ए,ऐ,ओ,औ।

**(3) प्लुत स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में तीन मात्रा का समय लगे, उसे 'प्लुत स्वर' कहते हैं। (३) अंक इसका चिह्न होता है। संस्कृत व्याकरण में प्लुत स्वरों की संकल्पना प्राप्त होती है। हिन्दी में इसका प्रयोग नहीं किया जाता है।

**विशेष–** (समग्रतः मात्रा के आधार पर स्वर के तीन भेद हैं, किन्तु हिन्दी वर्णमाला में मात्रा के आधार पर स्वरों के प्रकार पूछे जाने पर उत्तर 2 होगा– (1) ह्रस्व (2) दीर्घ, क्योंकि प्लुत का प्रयोग हिन्दी व्याकरण के अन्तर्गत नहीं किया जाता है।)

**18. वर्ण तालिका के अनुसार ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत क्या हैं?**

(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) मात्रा (d) विसर्ग

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (a)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें

**19. 'स्वर ध्वनि' के प्रकार हैं?**

(a) दीर्घ (b) प्लुत
(c) ह्रस्व (d) उपर्युक्त तीनों

**UP Bed Exam 2003**

**उत्तर (d) :** ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत तीनों ही उच्चारण की मात्रा के आधार पर 'स्वर ध्वनि' के प्रकार हैं।

**20. जिह्वा के आधार पर स्वर कितने प्रकार के होते हैं?**

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 6

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (b)** जिह्वा के उत्थापित होने या उसकी क्रियाशीलता के आधार पर स्वर 3 प्रकार के होते हैं–

**(1) अग्र स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग सक्रिय रहता है, उन्हें 'अग्र स्वर' कहते हैं, जैसे – इ, ई, ए,ऐ।

**(2) मध्य स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा का मध्य भाग क्रियाशील रहता है, उन्हें 'मध्य स्वर' कहते हैं, जैसे–अ।

**(3) पश्च स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में जिह्वा का पिछला भाग उत्थापित होता है, उन्हें 'पश्च स्वर' कहते हैं, जैसे– आ,उ, ऊ, ओ, औ।

**21. अर्द्ध विवृत स्वर है :**

(a) ऊ (b) ऐ
(c) आ (d) ए

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (b) :** मुखद्वार के खुलने के आधार पर स्वर चार प्रकार होते हैं, जो इस प्रकार हैं–

**विवृत –** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार पूरा खुलता है, जैसे– आ

**अर्ध विवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार आधा खुलता है, जैसे– अ, ऐ, ऑ, औ।

**अर्ध संवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार आधा बन्द रहता है, जैसे- ए, ओ।

**संवृत–** जिन स्वरों के उच्चारण में मुखद्वार लगभग बन्द रहता है, जैसे- इ, ई, उ, ऊ।

अतः दिये गये विकल्पों में से 'ऐ' अर्ध विवृत स्वर है।

**22. जिनकी ध्वनि केवल मुख से निकलती है, वे हैं :**

(a) वृत्ताकार स्वर (b) संवृत स्वर
(c) अनुनासिक स्वर (d) निरनुनासिक स्वर

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (d) :** जिनकी ध्वनि केवल मुख से निकलती है, वे 'निरनुनासिक स्वर' हैं। 'अनुनासिक स्वरों' (ङ, ञ, ण, न, म) के उच्चारण में वायु/ध्वनि मुख के साथ-साथ नाक से भी निकलती है। 'वृत्ताकार स्वर' ऐसे स्वर हैं, जिनके उच्चारण में होठों का आकार गोल हो जाता है, जैसे- उ, ऊ, ओ, औ, ऑ। 'संवृत स्वर' के उच्चारण में मुख द्वार लगभग बंद रहता है, जैसे– इ, ई, उ, ऊ।

**23. भाषा-विज्ञान की दृष्टि से 'ऊ' किस प्रकार का स्वर है?**

(a) पश्च विवृत (b) अग्र संवृत
(c) अग्र विवृत (d) पश्च संवृत

**कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**उत्तर (d)** भाषा विज्ञान की दृष्टि से 'उ' तथा 'ऊ' पश्च संवृत स्वर हैं। जिन स्वरों के उच्चारण में जीभ का पश्च भाग कार्य करता है, उसे 'पश्च स्वर' कहा जाता है, जैसे – आ, उ, ऊ, ओ, औ, ऑ। 'संवृत' उन स्वरों को कहा जाता है, जिन स्वरों के उच्चारण में मुख-द्वार लगभग बंद रहता है, जैसे – इ, ई, उ, ऊ ।

**24. ओठों की आकृति के आधार पर निम्नलिखित में से कौन अवृत्तमुखी स्वर है?**

(a) इ (b) ऊ
(c) ओ (d) उ

**UPPCL ARO, 2018**

**उत्तर : (a)** ओठों की आकृति के आधार पर स्वरों को दो भागों में विभाजित किया गया है–

**(i) अवृत्तमुखी–**जिन स्वरों के उच्चारण में ओंठ वृत्तमुखी या गोलाकार नहीं होते हैं, 'अवृतमुखी स्वर' कहलाते हैं; जैसे- अ, आ, इ, ई, ए ऐ।

**(ii) वृत्तमुखी–**जिन स्वरों के उच्चारण में ओंठ गोलाकार होते हैं, वे 'वृत्तमुखी' स्वर कहे जाते हैं; जैसे– उ, ऊ, ओ, औ, ऑ। अतः दिये गये विकल्पों में से 'इ' अवृत्तमुखी स्वर है।

**25. निम्न में कंठ्य वर्ण कौन सा है?**

(a) उ (b) अ
(c) इ (d) ई

**उत्तर : (b)** दिये गये वर्णों में अ कंठ्य वर्ण इ, ई तालव्य वर्ण तथा उ ओष्ठ वर्ण है।

**26. कौन वर्ण ओष्ठ्य नहीं है?**

(a) म (b) ब
(c) ऊ (d) आ

**UP Bed Exam 2011**

**उत्तर (d) :** आ' वर्ण ओष्ठ्य नहीं है। यह कंठ्य ध्वनि है। उ, ऊ तथा प वर्ग के वर्ण ओष्ठ्य ध्वनियाँ हैं।

**27. निम्न में ओष्ठ्य वर्ण कौन सा है?**

(a) अ (b) आ
(c) इ (d) उ

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों में से 'उ' ओष्ठ्य वर्ण है। हिन्दी वर्णमाला के स्वर वर्णों के उच्चारण स्थान का विवरण निम्न है–

| **उच्चारण स्थान** | | **स्वर** |
|---|---|---|
| कंठ | – | अ, आ |
| तालु | – | इ, ई |
| मूर्धा | – | ऋ |
| ओष्ठ | – | उ, ऊ |
| कंठ तालु | – | ए, ऐ |
| कंठ ओष्ठ | – | ओ, औ |

**28. कंठतालव्य कौन–सा हैः**

(a) उ, ऊ (b) र, ष
(c) ए, ऐ (d) अ, आ

**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

**उत्तर (c) :** कंठतालव्य वर्ण 'ए, ऐ' है। 'उ, ऊ' का उच्चारण स्थान ओष्ठ, 'र, ष' का उच्चारण स्थान मूर्धा तथा 'अ, आ' का उच्चारण स्थान कण्ठ है।

**29. किस वर्ण का उच्चारण-स्थान कंठ-तालु है?**

(a) ओ (b) ऐ
(c) ह (d) छ

**चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015**

**उत्तर (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**30. 'ऐ' के उच्चारण में ______ और ______ की सहायता ली जाती है।**
**रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें।**

(a) छंद तालु (b) इचयश तालु
(c) कंठ, तालु (d) दन्त, ओष्ठ

**UPSI Batch - III 22 Dec.2017**

**उत्तर (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**31. 'ओ', 'औ' किस प्रकार के वर्ण हैं?**

(a) तालव्य (b) मूर्धन्य
(c) दन्तोष्ठ्य (d) कंठोष्ठ्य

**UP Bed Exam 2007**

**उत्तर (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**32. इनमें से 'ओ' का उच्चारण–स्थल कौन–सा है?**

(a) दन्त (b) मूर्द्धा
(c) दत्त (d) कण्ठ–ओष्ठ

**उत्तर (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**33. इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ आदि का उच्चारण किससे होता है?**

(a) कंठ्य से (b) मूर्धन्य से
(c) तालव्य से (d) ओष्ठ से

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (c)** ऐसे वर्ण, जिनकों उच्चारण में जिह्वा तालु को स्पर्श करती है, उन्हें 'तालव्य वर्ण' कहते हैं, जैसे–इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ आदि।

**34. वर्णमाला का कौन-सा 'अक्षर' पुल्लिंग नहीं है?**

(a) ज, आ (b) च, ट
(c) इ, ई (d) अ, प

**UPSI Batch - III 20 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** वर्णमाला का इ, ई अक्षर पुल्लिंग नहीं होता, इनसे स्त्रीलिंग शब्दों का निर्माण होता है; जैसे– स्त्री, नदी, बालिका आदि।

**35. किस शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है?**

(a) कृपा (b) कृष्ण
(c) दृष्टि (d) आज

**UP Bed Exam 2012**

**उत्तर (d) :** 'आज' शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है। शेष सभी शब्दों में 'ऋ' स्वर की मात्रा का प्रयोग हुआ है। विवरण देखें–
कृपा = क् + ऋ + प् + आ
कृष्ण = क् + ऋ + ष् + ण् + अ
दृष्टि = द् + ऋ + ष् + ट् + र
आज = आ + ज् + अ।

36. **निम्नलिखित में से कौन-से शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है?**
(a) क्रिया (b) वर्षा
(c) रिपु (d) वृष्टि
**UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift**

**उत्तर : (d)** वृष्टि शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है; यथा– वृष्टि–व् + ऋ + ष् + ट् + इ। शेष शब्दों में 'र' व्यंजन के अलग–अलग रूपों का प्रयोग हुआ है।

37. **निम्नलिखित में से कौन से शब्द में अनुनासिकता है?**
(a) संभावित (b) संभावना
(c) संभव (d) संभालना
**UPPCL JE Electrical, 2015**

**उत्तर : (d)** निम्नलिखित में से 'संभालना' शब्द में अनुनासिकता है। 'अनुनासिक' स्वरों की विशेषता है। इनके उच्चारण में वायु नाक से कम, मुख से अधिक निकलती है। हिन्दी में यह विशेषता चँद्रबिन्दु के रूप में दर्शायी जाती है। चँद्रबिन्दु प्रायः तद्भव रूपों में प्रयुक्त किया जाता है।

38. **एक से अधिक वर्णों के मेल को कहते हैं :**
(a) अक्षर (b) स्वर
(c) व्यंजन (d) अनुस्वार
**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (c)** एक से अधिक वर्णों के मेल को 'व्यंजन' कहते हैं अर्थात् व्यंजन वर्णों का उच्चारण स्वरों की सहायता से होता है। प्रत्येक व्यंजन में स्वर दिया रहता है; जैसे– क्+अ = क, ख् + अ = ख

39. **हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों की संख्या है-**
(a) 32 (b) 34
(c) 33 (d) 36
**ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर (c) :** हिन्दी वर्णमाला में मूल रूप से व्यंजनों की संख्या '33' मानी गयी है, जो इस प्रकार है–

क, ख, ग, घ, ङ
च, छ, ज, झ, ञ
ट, ठ, ड, ढ, ण
त, थ, द, ध, न
प, फ, ब, भ, म
य, र, ल, व
श, ष, स, ह

इनके अतिरिक्त वर्णमाला में 4 संयुक्त व्यंजन भी हैं, यथा – क्ष, त्र, ज्ञ, श्र।

40. **निम्नलिखित में कंठ्य ध्वनियाँ कौन-सी हैं–**
(a) क, ख (b) य, र
(c) च, ज (d) ट, ण
**UP Bed Exam 2010**

**उत्तर (a) :** क, ख कंठ्य ध्वनियां हैं। च, ज तालव्य ध्वनि, ट, ण मूर्धन्य ध्वनि तथा य, र अन्तःस्थ व्यंजन हैं।

41. **उच्चारण स्थान के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा ''दंत्य'' है?**
(a) म (b) ल
(c) प (d) उ
**UPPCL ARO, 2018**

**उत्तर : (b)** उच्चारण स्थान के आधार पर निम्न में से 'ल' दंत्य वर्ण है, शेष 'प', 'म', 'उ' ओष्ठ्य वर्ण हैं।

42. **'घ' का उच्चारण स्थान कौन–सा है?**
(a) मूर्द्धा (b) कण्ठ
(c) तालु (d) दन्त
**UP Bed Exam 2017**

**उत्तर (b) :** उक्त विकल्पों में 'घ' का उच्चारण स्थान कण्ठ है। अ, आ, क वर्ग, ह एवं विसर्ग कण्ठ्य ध्वनियाँ है।

43. **हिंदी की 'श' ध्वनि है–**
(a) मूर्धन्य (b) तालव्य
(c) दंत्य (d) ओष्ठ्य
**UP Bed Exam 2012**

**उत्तर (b) :** हिन्दी का 'श' वर्ण तालव्य ध्वनि है। अन्य तालव्य वर्ण इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ और य हैं।

44. **तालव्य व्यंजन है–**
(a) द, ट, ड, ढ (b) च, छ, ज, झ
(c) त, थ, द, ध (d) म, फ, ज, भ
**UP Bed Exam 2009**

**उत्तर (b) :** च, छ, ज, झ 'तालव्य व्यंजन' हैं।

45. **'च' और 'छ' वर्ण का उच्चारण स्थान कौन–सा है?**
(a) तालु (b) मूर्द्धा
(c) ओष्ठ (d) कण्ठ
**UP Bed Exam 2013**

**उत्तर (a) :** च' और 'छ' वर्ण का उच्चारण स्थान 'तालु' है।

46. **'य' का उच्चारण स्थान है :**
(a) ओष्ठ्य (b) दाँत
(c) मूर्धा (d) तालु
**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (d) :** 'य' वर्ण का उच्चारण स्थान 'तालु' है।

47. **निम्न में तालव्य ध्वनि है–**
(a) ट (b) प
(c) श (d) क
**UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में से 'श' तालव्य ध्वनि है। 'ह' मूर्धन्य ध्वनि, 'प' ओष्ठ्य ध्वनि तथा 'क' कंठ्य ध्वनि है।

48. **हिन्दी की तालव्य ध्वनियाँ हैं–**
(a) च, छ, ज, झ (b) प, फ, ब, भ
(c) त, थ, द, ध (d) ट, ठ, ड, ढ
**UP Bed Exam 2010**

**उत्तर (a) :** हिन्दी की तालव्य ध्वनियां हैं – च, छ, ज, झ। त, थ, द, ध दंत्य ध्वनि, ट, ठ, ड, ढ मूर्धन्य ध्वनि तथा प, फ, ब, भ ओष्ठ्य ध्वनियाँ हैं।

49. **'श' का उच्चारण स्थान है–**
(a) कंठ (b) तालु
(c) दंत (d) मूर्धा
**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 18.6.2018 (द्वितीय पाली)**

**उत्तर : (b)** 'श' वर्ण का उच्चारण स्थान तालु है।

50. **च वर्ग ध्वनियाँ किस वर्ग में आती हैं?**
(a) वर्त्स्य वर्ण (b) कंठ्य
(c) तालव्य (d) दंत्य
**UPSI Batch - III 14 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** च वर्ग (च, छ, ज, झ, ञ) ध्वनियाँ तालव्य के अन्तर्गत आती हैं। कण्ठ्य में क वर्ग (क, ख, ग, घ, ङ) की तथा दंत्य में त वर्ग की (त, थ, द, ध, न) ध्वनियाँ आती हैं।

**51. 'ढ' वर्ण का उच्चारण स्थान है________और वर्ग ________है। रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें।**
(a) त वर्ग, चौथा (b) ट वर्ग चौथा
(c) ट वर्ग, तीसरा (d) ट वर्ग, दूसरा

**UPSI Batch - III 22 Dec.2017**

**उत्तर (b) :** 'ढ' वर्ण का उच्चारण स्थान 'मूर्धा' है। यह ट वर्ग का चौथा वर्ण है।

**52. निम्नलिखित में से कौन–सा वर्ण उच्चारण की दृष्टि से दन्त्य नहीं है?**
(a) त (b) न
(c) द (d) ट

**RRB Exam 2012**

**उत्तर (d) :** ट' वर्ण उच्चारण की दृष्टि से 'दन्त्य' नहीं है। 'ट' वर्ग के वर्णों का उच्चारण मूर्धा से होता है। शेष 'त' वर्ग के व्यंजन दंत्य हैं।

**53. निम्नलिखित में से दंत्य ध्वनि है–**
(a) क (b) छ
(c) त (d) प

**UP Bed Exam 2009**

**उत्तर (c)**–उक्त विकल्पों में 'त' दंत्य ध्वनि है। अन्य दंत्य ध्वनि- त वर्ग के वर्ण तथा स हैं। 'क' कंठ्य ध्वनि, 'छ' तालव्य ध्वनि तथा 'प' ओष्ठ्य ध्वनि है।

**54. निम्नलिखित में से 'दंतव्य' वर्ण है–**
(a) य (b) च
(c) त (d) उ

**RRB Exam 2010**

**उत्तर (c)**–दिये गये विकल्पों में से 'त' दंतव्य वर्ण है। त वर्ग के सभी वर्ण दंतव्य हैं। 'य' वर्ण और 'च' वर्ग के सभी वर्ण 'तालव्य' एवं 'उ' ओष्ठ्य ध्वनि है।

**55. निम्न में से दंत्य ध्वनि है–**
(a) ख (b) च
(c) ल (d) फ

**UPP Constable, 19.06.2018 I<sup>st</sup> Shift**

**उत्तर : (c)**
मुख के जिस भाग से जिन वर्णों का उच्चारण होता है, उसे उस वर्ण का उच्चारण स्थान कहते हैं। हिन्दी वर्णमाला के व्यंजनों का उनके उच्चारण स्थानों के साथ सम्पूर्ण विवरण निम्नलिखित है–

| उच्चारण स्थान | | व्यंजन |
|---|---|---|
| कंठ | – | क, ख, ग, घ, ङ, ह, विसर्ग |
| तालु | – | च, छ, ज, झ, ञ, य, श |
| मूर्धा | – | ट, ठ, ड, ढ, ण, र, ष |
| दंत | – | त, थ, द, ध, न, ल, स |
| ओष्ठ | – | प, फ, ब, भ, म |
| दंतओष्ठ | – | व |

अतः 'ल' दंत्य ध्वनि है।

**56. प, फ, ब, भ, म......... व्यंजन होते हैं।**
(a) दंत्य (b) ओष्ठ्य
(c) तालव्य (d) कंठ्य

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (b)** प, फ, ब, भ, म **ओष्ठ्य व्यंजन** हैं।
**दंत्य व्यंजन –**त, थ, द, ध, न
**तालव्य व्यंजन –**च, छ, ज, झ,ञ
**कंठ्य व्यंजन** – क,ख, ग, घ, ङ।

**57. हिन्दी की 'ब' ध्वनि है–**
(a) दंत्य ध्वनि (b) ओष्ठ्य ध्वनि
(c) वर्त्स्य ध्वनि (d) तालव्य ध्वनि

**UP Bed Exam 2007**

**उत्तर (b)**–हिन्दी की 'ब' ध्वनि ओष्ठ्य ध्वनि है। 'प' वर्ग के वर्ण ओष्ठ्य ध्वनियों के अन्तर्गत आते हैं।

**58. 'व' का उच्चारण स्थान है-**
(a) दन्त (b) ओष्ठ
(c) दन्तोष्ठ (d) कण्ठोष्ठ

**लोअर-1 परीक्षा, 2015**

**उत्तर (c)**– 'व' का उच्चारण स्थान 'दन्तोष्ठ' है।

**59. निम्नलिखित ध्वनियों में कौन सी दंत्योष्ठ्य है?**
(a) थ (b) फ
(c) म (d) व

**RRB Exam 2001**

**उत्तर (d)**–दिये गये विकल्पों में 'व' ध्वनि दंत्योष्ठ्य है। 'थ' दंत्य ध्वनि तथा 'फ' और 'म' ओष्ठ्य ध्वनियाँ हैं।

**60. निम्नलिखित में से कौन 'ट' वर्ग में नहीं है?**
(a) ठ (b) ढ
(c) ध (d) ण

**परिचालक परीक्षा, 2015**

**उत्तर (c)** दिये गये वर्णों में से 'ध' वर्ण ट वर्ग के अन्तर्गत नहीं आता है। हिन्दी वर्णमाला में व्यंजनों के पाँच वर्ग हैं तथा प्रत्येक वर्ग में 5–5 व्यंजन शामिल हैं। इन वर्गों का नाम वर्ग के पहले वर्ण के अनुसार रखा गया है; जैसे–
**क वर्ग–** क, ख, ग, घ, ङ
**च वर्ग –** च, छ, ज, झ, ञ
**ट वर्ग –** ट, ठ, ड, ढ, ण
**त वर्ग –** त, थ, द, ध, न
**प वर्ग –** प, फ, ब, भ, म
पाँचों वर्गों के इन्हीं व्यंजनों को **'स्पर्श व्यंजन'** नाम दिया जाता है।

**61. इनमें से कौन सा वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं है?**
(a) क (b) च
(c) ट (d) य

**UP Bed Exam 2013**

**उत्तर (d)** 'य' वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं बल्कि अंतःस्थ व्यंजन है। शेष सभी स्पर्श व्यंजन ध्वनियाँ हैं।

**62. सभी स्पर्श व्यंजन कौन–से वर्ग में है?**
(a) क, र, ल, ह (b) य, श, द, र
(c) क, च, प, द (d) ह, श, र, ब

**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

**उत्तर (c) :** 'क, च, प, द' सभी स्पर्श व्यंजन हैं। अन्य विकल्प के सभी वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं हैं।

**63. निम्न में अन्तःस्थ व्यंजन कौन सा है?**
(a) ग (b) ज
(c) व (d) स

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (c)** दिये गये व्यंजनों में 'व' अन्तःस्थ व्यंजन है। जिन वर्णों का उच्चारण स्वर और व्यंजनों के मध्यवर्ती होता है, वे वर्ण (व्यंजन) 'अन्तःस्थ व्यंजन' कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में य (तालव्य), र (मूर्धन्य), ल (दंत्य) तथा व (दन्तोष्ठ्य) चार अन्तःस्थ व्यंजन हैं। इनमें 'य' तथा 'व' अर्धस्वर भी कहे जाते हैं।

**64. निम्नलिखित में से अन्तःस्थ व्यंजन कौन–सा है?**
(a) ड (b) य
(c) स (d) ट

**UP Bed Exam 2009**

**उत्तर (b)** 'य' अन्तःस्थ व्यंजन है। इसे 'अर्धस्वर' भी कहते हैं।

**65. 'व' व्यंजन है-**
(a) ऊष्म (b) अन्तस्थ
(c) महाप्राण (d) अघोष

**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**

**उत्तर (b)अन्तःस्थ व्यंजन** - य, र, ल, व।
**ऊष्म व्यंजन -** श, ष, स, ह।
**महाप्राण –** प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा व्यंजन
**अघोष –** वर्ग का पहला, दूसरा व्यंजन तथा श, ष, स

**66. य, र, ल, व किस प्रकार के व्यंजन हैं?**
(a) ऊष्म (b) अन्तस्थ
(c) स्पर्श (d) अयोगवाह

UPP, 2017

**उत्तर : (b)** हिन्दी में व्यंजन वर्णों की संख्या 33 है। य, र, ल, व 'अन्तःस्थ व्यंजन' हैं, जबकि ऊष्म व्यंजन श, ष,स, ह हैं। स्पर्श व्यंजन 'क' से 'म' तक होते हैं और इनकी संख्या (25) होती है। अयोगवाह में अं तथा अः को शामिल किया जाता है।

**67. हिन्दी वर्णमाला में अन्तःस्थ व्यंजन कौन-से हैं?**
(a) श ष स ह (b) य र ल व
(c) क्ष त्र ज्ञ श्र (d) च छ ज झ

**ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016**

| **उत्तर (b) : व्यंजन** | **व्यंजन का वर्गीकरण** |
|---|---|
| य र ल व | अन्तःस्थ व्यंजन |
| च छ ज झ | स्पर्श व्यंजन (तालव्य) |
| श ष स ह | ऊष्म व्यंजन |
| क्ष त्र ज्ञ श्र | संयुक्त व्यंजन |

**68. ऊष्म व्यंजन कौन-सा है?**
(a) ह (b) ल
(c) म (d) ज

**लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018**

**उत्तर (a) :** दिये गये विकल्पों में वर्ण 'ह' ऊष्म व्यंजन है। जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय वायु मुख के किसी विशेष स्थान से घर्षण करती हुई निकले तथा ऊष्मा उत्पन्न करें, उसे 'ऊष्म व्यंजन' कहते हैं, जैसे–श, ष, स, ह।

**69. कौन ऊष्म व्यंजन नहीं है?**
(a) श (b) ष
(c) ग (d) स

**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**

**उत्तर (c)** दिये गये वर्णों में से 'ग' ऊष्म व्यंजन नहीं है। यह एक स्पर्श व्यंजन है, जिसका उच्चारण स्थान कंठ है। शेष वर्ण ऊष्म व्यंजन हैं।

**70. अन्तःस्थ और ऊष्म वर्ण कितने हैं :**
(a) 6 (b) 8
(c) 9 (d) 7

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (b) :** अन्तःस्थ व ऊष्म वर्णों की कुल संख्या 8 है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 52 ध्वनियाँ हैं, जिनमें से 4 अन्तःस्थ व्यंजन तथा 4 ऊष्म व्यंजन हैं। य, र, ल, व वर्ण अन्तःस्थ व्यंजन तथा श, ष, स, ह ऊष्म व्यंजन कहलाते हैं।

**71. दो व्यंजन जब एक साथ मिलते हैं तो क्या कहलाते हैं?**
(a) संयुक्त व्यंजन (b) अल्पप्राण
(c) अन्तःस्थ (d) महाप्राण

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (a)** जब दो व्यंजन एक साथ मिलते हैं, तो उनके योग से निर्मित व्यंजन 'संयुक्त व्यंजन' कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में 4 संयुक्त व्यंजन को स्थान प्राप्त है–

| | | |
|---|---|---|
| **क्ष** | – | क् + ष |
| **त्र** | – | त् + र |
| **ज्ञ** | – | ज् + ञ |
| **श्र** | – | श् + र |

**72. इनमें से कौन संयुक्त व्यंजन नही है?**
(a) क्ष (b) त्र
(c) ज्ञ (d) फ

**असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015**

**उत्तर (d)** क्ष, त्र, ज्ञ, श्र संयुक्त व्यंजन हैं। जबकि 'फ' स्पर्श व्यंजन है।

**73. निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन कौन सा है?**
(a) ढ (b) ज्ञ
(c) ङ (d) ड़

**RRB Exam 2002**

**उत्तर (b)** 'ज्ञ' एक संयुक्त व्यंजन है, जो 'ज् + ञ वर्णों संयोग से बना है। 'ढ' स्पर्श व्यंजन, 'ड़' द्विगुण व्यंजन तथा 'ङ' नासिक्य व्यंजन है।

**74. 'क्ष' वर्ण किसके योग से बनता है?**
(a) क् + ष (b) क् + च
(c) क् + छ (d) क् + श

**RRB Exam 2012**

**उत्तर (a)** 'क्ष' वर्ण 'क्' + 'ष' के योग से बनता है।

**75. 'क्ष' ध्वनि निम्न में से किसके अन्तर्गत आती है?**
(a) मूल स्वर (b) घोष वर्ण
(c) संयुक्त व्यंजन (d) तालव्य

**UP Bed Exam 2010**

**उत्तर (c)** 'क्ष' ध्वनि संयुक्त व्यंजन के अंतर्गत आती है।

**76. 'ज्ञ' वर्ण किन वर्णों के संयोग से बना है?**
(a) ज + ञ (b) ज् + ञ
(c) ज + ध (d) ज + न्य

**जूनियर इंजीनियर - 2015**

**उत्तर (b)** 'ज्ञ' वर्ण 'ज् + ञ' वर्णों के संयोग से बना है।

**77. हिन्दी वर्णमाला में कुल कितने अयोगवाह हैं?**
(a) 2 (b) 5
(c) 3 (d) 4

**UPPCL ARO, 2018**

**उत्तर : (a)** हिन्दी वर्णमाला में कुल दो [अनुस्वार ( ं ) तथा विसर्ग (:)] अयोगवाह होते हैं। अयोगवाह का अर्थ है– 'योग न होने पर भी जो साथ रहे'। ये ध्वनियाँ न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन, परन्तु इनका प्रयोग स्वरों की सहायता से ही किया जाता है। इनका जातीय योग न तो स्वर के साथ है और न ही व्यंजन के साथ, इसलिये इन्हें अयोगवाह कहते हैं।

78. निम्नलिखित में से 'नासिक्य' व्यंजन कौन–सा है?

(a) ष (b) ञ
(c) ग (d) ज

**UP Bed Exam 2002**

**उत्तर (b)** जिन वर्णों के उच्चारण में वायु का निर्गमन केवल नासिका विवर से होता है, वे 'नासिक्य व्यंजन' कहलाते हैं। प्रत्येक वर्गों के पंचम वर्ण नासिक्य व्यंजन हैं– ङ, ञ, ण, न, म। अतः दिये गये वर्णों में से 'ञ' नासिक्य व्यंजन है। 'ष' ऊष्म व्यंजन तथा 'ग' और 'ज' स्पर्श व्यंजन हैं।

79. निम्न में से कौन-सा व्यंजन संघर्षी है?

(a) ह (b) म
(c) झ (d) ठ

**चकबन्दी लेखपाल परीक्षा, 2015**

**उत्तर (a)** जिन वर्णों के उच्चारण में वायु का न तो स्पर्श ध्वनियों के समान पूर्ण अवरोध होता है, न स्वरों के समान निर्बाध प्रवाह तथा वायु का निर्गमन घर्षण के साथ होता है, उन्हें 'संघर्षी व्यंजन' कहा जाता है; जैसे– श, ष, स, ह। इन्हें ही 'ऊष्म संघर्षी' व्यंजन भी कहते हैं, क्योंकि उच्चारण के समय वायु घर्षण करती हुयी निर्गमित होती है, जिससे ऊष्मा उत्पन्न होती है। अतः प्रश्नगत विकल्पों में से 'ह' संघर्षी व्यंजन है।

80. 'श', 'ष', 'स', 'ह' कौन से व्यंजन कहलाते हैं?

(a) प्रकम्पी व्यंजन (b) स्पर्शी व्यंजन
(c) स्पर्श व्यंजन (d) ऊष्म-संघर्षी व्यंजन

**RRB Exam 2003**

**उत्तर (d)** 'श', 'ष', 'स', 'ह' ऊष्म-संघर्षी व्यंजन कहलाते हैं।

81. अघोष वर्ण कौन सा है?

(a) अ (b) ज
(c) ह (d) स

**लोअर-2 परीक्षा, 2015**

**उत्तर-** (d) जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वरतंत्रियों में कम्पन उत्पन्न नहीं होता उन्हे अघोष वर्ण कहते हैं। जैसे- स, क, ख,च, छ, ट, ठ, त, थ, श, ष, इत्यादि। (हर वर्ग का पहला और दूसरा व्यंजन + श, ष, स)

82. निम्न में अल्पप्राण व्यंजन कौन सा है?

(a) ख (b) ग
(c) घ (d) ठ

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (b)** दिये गये व्यंजनों में 'ग' अल्पप्राण व्यंजन है।
प्राणत्व के आधार पर व्यंजन मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं–

**(1) अल्पप्राण–** इन व्यंजनों के उच्चारण में मुख द्वारा वायु का निर्गमन कम होता है तथा स्फोट भी अल्प ही होता है। प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवां वर्ण तथा य, र, ल, व अल्पप्राण व्यंजन कहलाते हैं।

**(2) महाप्राण–**इन व्यंजनों के उच्चारण में मुख से अपेक्षाकृत अधिक वायु निर्गमित होती है तथा स्फोट भी अधिक स्पष्ट होता है, जिससे हकार की ध्वनि सुनाई देती है। प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण तथा श, ष, स, ह महाप्राण व्यंजन कहे जाते हैं।

83. इनमें से कौन व्यंजन अल्पप्राण है?

(a) ख (b) थ
(c) च (d) फ

**UP Bed Exam 2007**

**उत्तर (c)** दिये गये वर्णों में से 'च' व्यंजन अल्पप्राण है। शेष व्यंजन 'ख, 'थ', फ' महाप्राण हैं। ध्यातव्य है कि प्रत्येक वर्ग का पहला तीसरा एवं पाँचावां व्यंजन अल्पप्राण कहलाता है।

84. अल्पप्राण ध्वनियों का समूह कौन है?

(a) क, ख, ग (b) च, ज, ञ
(c) त, थ, न (d) ट, ठ, ण

**UP Bed Exam 2008**

**उत्तर (b)** दिये गये विकल्पों में से अल्पप्राण ध्वनियों का समूह 'च, ज, ञ' है।

85. कौन–सी ध्वनि अल्पप्राण है?

(a) ख (b) ध
(c) थ (d) त

**UP Bed Exam 2007**

**उत्तर (d) :** उक्त विकल्पों में से 'त' ध्वनि अल्पप्राण है, शेष वर्ण महाप्राण हैं।

86. निम्नलिखित में से 'अल्पप्राण' वर्ण कौन–से हैं?

(a) अ, आ (b) क, ग
(c) थ, ध (d) फ, भ

**UP Bed Exam 2010**

**उत्तर (b)** दिये गये विकल्पों में से 'क, ग' अल्पप्राण वर्ण हैं।

87. सभी महाप्राण वर्णों वाला वर्ग हैः

(a) ख, छ, ठ (b) ध, च, ड
(c) म, श, ध (d) य, द, घ

**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

**उत्तर (a) :** सभी महाप्राण वर्णों वाला वर्ग 'ख, छ, ठ' है।

88. महाप्राण ध्वनियाँ व्यंजन वर्ग में किससे संबंधित हैं?

(a) पहला, दूसरा (b) दूसरा, तीसरा
(c) दूसरा, चौथा (d) पहला, चौथा

**RRB Exam 2010**

**उत्तर (c) :**महाप्राण ध्वनियाँ प्रत्येक वर्ग के दूसरे व चौथे व्यंजन से संबंधित हैं।

89. निम्न में से महाप्राण वर्ण है–

(a) थ (b) क
(c) व (d) च

**RRB Exam 2012**

**उत्तर (a) :**दिये गये विकल्पों में महाप्राण वर्ण 'थ' है, शेष वर्ण अल्पप्राण हैं।

90. निम्न में से महाप्राण व्यंजन है–

(a) प (b) ज (c) घ (d) व

**स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015**

**उत्तर (c) :**दिये गये विकल्पों में से 'घ' वर्ण महाप्राण तथा शेष वर्ण अल्पप्राण हैं।

91. निम्न में महाप्राण व्यंजन कौन सा है?

(a) त (b) द
(c) भ (d) म

**UP Bed Exam 2001**

**उत्तर : (c)** दिये गये वर्णों में से 'भ' महाप्राण वर्ण है। शेष अल्पप्राण व्यंजन हैं।

92. अघोष वर्ण कौन सा है?

(a) अ (b) ज
(c) ह (d) स

**लोअर-2 परीक्षा, 2015**

**उत्तर (d) :** नाद की दृष्टि से जिन ध्वनियों के उच्चारण के समय स्वरतंत्रियों में कम्पन नहीं होता, स्वरतंत्रियाँ खुली रहती हैं और वायु बिना अवरोध के बाहर आ जाती है; वे अघोष व्यंजन कहलाते हैं। प्रत्येक वर्ग का पहला और दूसरा वर्ण तथा श,ष, स अघोष व्यंजन हैं। अतः प्रश्नगत वर्णों में से 'स' अघोष वर्ण है।

**93. निम्न में से कौन–सा वर्ण अघोष है?**
(a) क (b) ग
(c) घ (d) ज
**UPP Constable 18.06.2018 Ist Shift**

**उत्तर : (a)** दिये गये वर्णों में से 'क' अघोष वर्ण है। शेष वर्ण सघोष हैं।

**94. निम्न में से कौन-सा वर्ण अघोष है–**
(a) च (b) ज
(c) झ (d) ड
**UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्प में 'च' वर्ण अघोष है। शेष वर्ण सघोष हैं।

**95. निम्न में अघोष वर्ण कौन सा है?**
(a) प (b) घ
(c) ब (d) ग
**UP Bed Exam 2007**

**उत्तर : (a)** दिये गये वर्णों में से 'प' अघोष वर्ण तथा अन्य सभी सघोष वर्ण हैं।

**96. निम्नलिखित में से कौन–सा वर्ण घोष है–**
(a) प (b) ट
(c) द (d) फ
**लेखा परीक्षक 2015**

**उत्तर (c) :**जिन वर्णों के उच्चारण में स्वरतंत्रियाँ झंकृत होती हैं तथा उनसे नाद उत्पन्न होता है, वे 'सघोष/घोष वर्ण' कहलाते हैं। इनके उच्चारण में स्वरतंत्रियाँ समीप आ जाती हैं, जिससे वायुप्रवाह के लिये मार्ग अवरुद्ध होने के कारण स्वरतंत्रियों में कम्पन होता है। प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवां वर्ण तथा य, र, ल, व, ह सघोष व्यंजन हैं। अतः दिये गये विकल्पों में से 'द' वर्ण घोष है।

**97. कौन वर्ण घोष नहीं है?**
(a) र (b) त
(c) स (d) ड

**उत्तर (b) :**प्रश्नगत विकल्पों में से 'त' वर्ण घोष नहीं है, क्योंकि यह त वर्ग का पहला वर्ण है और वर्ग का पहला, दूसरा वर्ण अघोष वर्ण कहलाता है।

**98. निम्न में घोष वर्ण कौन सा है?**
(a) ज (b) क
(c) च (d) ट
**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (a)** दिये गये वर्णों में वर्ण 'ज' घोष (सघोष) वर्ण है। शेष वर्ण अघोष हैं।

**99. सघोष वर्ण कौन-सा है?**
(a) प (b) थ
(c) ब (d) श
**लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018**

**उत्तर (c) :** दिये गये विकल्पों में वर्ण 'ब' सघोष वर्ण है। शेष सभी वर्ण अघोष हैं।

**100. काकल्य वर्ण कौन-सा है?**
(a) य (b) स
(c) ह (d) ण
**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (c) :** उपर्युक्त विकल्पों में 'ह' काकल्य ध्वनि है। जिन व्यंजन ध्वनियों के उच्चारण में मुखगुहा खुली रहती है और वायु बन्द कंठ को खोलकर झटके से बाहर निकलती है, उसे 'काकल्य व्यंजन ध्वनि' कहते हैं। 'य' अन्तःस्थ व्यंजन, 'स' ऊष्म व्यंजन है। 'ण' ट वर्ग का पंचम अक्षर है।

**101. 'र' का विवरण है :**
(a) वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(b) वर्त्स्य, पार्श्विक, सघोष, महाप्राण व्यंजन
(c) वर्त्स्य, संघर्षी, अघोष, अल्पप्राण व्यंजन
(d) वर्त्स्य, स्पर्श, सघोष, महाप्राण व्यंजन
**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (a) :** 'र' वर्ण का विवरण है– वर्त्स्य, लुंठित, सघोष, अल्पप्राण व्यंजन।
**वर्त्स्य ध्वनि –** दाँतों एवं मसूढ़ों के मिलने का स्थान अर्थात् दंतमूल को 'वर्त्स' कहते हैं तथा इस स्थान विशेष से उच्चरित ध्वनि 'वर्त्स्य ध्वनि' कहलाती है। हिन्दी वर्णमाला में न, र, ल, स वर्ण वर्त्स्य ध्वनियों के अन्तर्गत आते हैं।
**लुंठित ध्वनि –** जिन ध्वनियों के उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग मुड़कर वर्त्स को शीघ्रता से स्पर्श करता है उन्हें 'लुंठित ध्वनि' कहा जाता है। जिह्वा के प्रकम्पन के कारण ही इसको लुंठित कहा जाता है।
**सघोष –** प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा, पाँचवां वर्ण तथा य, र, ल, व, ह।
**अल्पप्राण –** प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा तथा पाँचवां वर्ण।

**102.निम्न में से कौन-सा व्यंजन पार्श्विक है?**
(a) श (b) ल
(c) झ (d) य
**कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2015**

**उत्तर (b) :**जिन ध्वनियों के उच्चारण में जिह्वा का अग्र भाग वर्त्स का स्पर्श करती है तथा श्वास जिह्वा के दोनों पार्श्वों से निकलती है, उन्हें 'पार्श्विक' व्यंजन' कहा जाता है। हिन्दी वर्णमाला की 'ल' ध्वनि पार्श्विक व्यंजन है।

**103. निम्न में अर्द्धस्वर कहलाता है–**
(a) य (b) प
(c) र (d) ल
**UP Bed Exam 2010**

**उत्तर (a) :** 'य' और 'व' अर्द्धस्वर कहलाते हैं। 'र' लुंठित ध्वनि तथा 'ल' पार्श्विक ध्वनि है।

**104. स्पर्श व्यंजन, कंठ्य ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है:**
(a) क (b) ग
(c) ख (d) घ
**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

**उत्तर (c) :** स्पर्श व्यंजन, कंठ्य ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है–ख।
**स्पर्श व्यंजन**– पंचवर्ग के सभी व्यंजन।
**कंठ्य ध्वनि**– क, ख, ग, घ, ङ, अ, आ, अः तथा ह।
**अघोष**–प्रत्येक वर्ग का पहला, दूसरा व्यंजन और य, र, ल, व।
**महाप्राण**–प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा व्यंजन।

**105. कौन-से शब्द में 'र' व्यंजन नहीं है?**
(a) मात्र (b) मूर्धा
(c) क्रम (d) मातृभूमि
**UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift**

**उत्तर : (d)** मातृभूमि शब्द में 'र' व्यंजन नहीं है।
मातृभूमि – म् + आ + त् + ऋ + भ् + ऊ + म् + इ
मात्र – म् + आ + त् + र
क्रम – क् + र् + अ + म् + अ
मूर्धा – म् + ऊ + र् + ध् + आ

**106. अनुस्वार के संबंध में कौन-सा कथन उपयुक्त नहीं है?**
(a) इसका उच्चारण आगे आने वाले व्यंजन से प्रभावित होता है
(b) अनुस्वार नासिक्य व्यंजन होता है
(c) इसे – ं के रूप में दर्शाया जाता है
(d) इसे – ँ के रूप में लिखा जाता है
**इलाहाबाद हाईकोर्ट RO/ARO, 2014**

**उत्तर : (d)** अनुस्वार ( ं ) एक व्यंजन ध्वनि है। इसके उच्चारण में नाक से अधिक साँस निकलती है और मुख से कम, जैसे - अंश, पंच, अंग आदि। इसका उच्चारण आगे आने वाले व्यंजन से प्रभावित होता है। अनुस्वार की ध्वनि प्रकट करने के लिए वर्ण पर बिन्दु लगाया जाता है। तत्सम शब्दों में अनुस्वार का प्रयोग किया जाता है।

**107. लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिह्न मान लिए गए हैं तथा जिस रूप में ये लिखे जाते हैं उसे ...... कहते हैं।**
(a) स्वर (b) लिपि
(c) ध्वनि कहते हैं (d) व्यंजन कहते हैं।
**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (b)** लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिह्न मान लिए गए हैं तथा जिस रूप में ये लिखे जाते हैं, उसे 'लिपि' कहते हैं। हिन्दी 'देवनागरी लिपि' में लिखी जाती है। 'स्वर' वे वर्ण हैं जो अन्य वर्णों की सहायता के बिना स्वतंत्र रूप से उच्चरित होते हैं तथा स्वरों की सहायता से उच्चरित होने वाले वर्ण 'व्यंजन' कहलाते हैं।

**108. जब एक ही ध्वनि का द्वित्व हो जाए, तब वह क्या कहलाता है?**
(a) संयुक्त ध्वनियाँ (b) युग्मक ध्वनियाँ
(c) संपृक्त ध्वनियाँ (d) पारस्परिक ध्वनियाँ
**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

**उत्तर (b) :** जब एक ही ध्वनि का द्वित्व (युग्म) हो जाए तब वे 'युग्मक ध्वनियाँ' कहलाती हैं। युग्मक ध्वनियाँ प्रायः शब्द के मध्य में आती हैं। दो या दो से अधिक व्यंजन ध्वनियाँ जब परस्पर संयुक्त होकर एक स्वर के सहारे बोली जायें, तो उन्हें 'संयुक्त ध्वनियाँ' कहा जाता है; जैसे– प्राण, घ्राण, क्लान्त इत्यादि।

**109. जिन शब्दों के अंत में 'अ' आता है, उन्हें क्या कहते हैं?**
(a) अनुस्वार (b) अयोगवाह
(c) अंतःस्थ (d) अकारांत
**RRB Exam 2010**

**उत्तर (d) :** जिन शब्दों के अंत में 'अ' आता है, उन्हें अकारांत कहते हैं। अनुस्वार एक व्यंजन ध्वनि है, जो तत्सम शब्दों में प्रयुक्त होती है। अं तथा अः अयोगवाह ध्वनियाँ हैं तथा य, र, ल, व अन्तःस्थ व्यंजन हैं।

**110. हिन्दी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है?**
(a) क (b) छ
(c) त्र (d) ज्ञ
**ग्राम पंचायत अधिकारी - 2015**

**उत्तर (a) :**हिन्दी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम 'क' वर्ण के बाद आता है। यह एक संयुक्त व्यंजन है, जो क् + ष वर्णों के योग से मिलकर बना है।

**111.हिन्दी शब्द कोष में सबसे पहले कौन शब्द आयेगा–**
(a) ऋग्वेद (b) ऋक्ष
(c) ऋणु (d) ऋण
**UP Bed Exam 2007**

**उत्तर (b) :**विकल्प में दिये गये शब्दों का शब्दकोष के अनुसार क्रम इस प्रकार होगा– (1) ऋक्ष, (2) ऋग्वेद, (3) ऋण, (4) ऋणु। क्योंकि 'क्ष' वर्ण का क्रम 'क' वर्ण के बाद है। दिये गये सभी शब्दों का वर्ण विच्छेद इस प्रकार है-
**ऋक्ष -** ऋ + क् + ष् + अ
**ऋग्वेद -**ऋ + ग् + व् + ए + द् + अ
**ऋण -**ऋ + ण् + अ
**ऋणु -**ऋ + ण् + उ

**112. शब्दकोश में कौन-सा शब्द सबसे पहले आएगा?**
(a) आँख (b) आग
(c) आकर (d) आँच
**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014**

**उत्तर : (a)** शब्दकोश के अनुसार प्रश्नगत शब्दों का क्रम इस प्रकार होगा– आँख, आँच, आकर, आग। दिये गये विकल्पों का वर्ण विच्छेद निम्नवत है-
आँख - आँ + ख् + अ
आँच – आँ + च् + अ
आकर –आ + क् + अ + र् + अ
आग – आ + ग् + अ

**113. 'दृग' का वर्ण-विच्छेद है :**
(a) द् + ऋ + ग् + अ
(b) द् + र + उ + ग
(c) द् + ऋ + ग
(d) द् + र + अ + उ + ग + अ
**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (a) :** दृग का सही वर्ण-विच्छेद 'द् + ऋ + ग् + अ' है।

**114. 'उद्यान' का शुद्ध वर्ण-विच्छेद है-**
(a) उ+द+य+आ+न्+अ (b) उ+द्+य+अ+न+अ
(c) उ+द्+य+आ+न्+अ (d) अ+द+य्+अ+न+अ
***जूनियर इंजीनियर/तकनीकी परीक्षा, 2016***

**उत्तर (c) :** 'उद्यान' का शुद्ध वर्ण-विच्छेद–'उ+द्+य+आ+न्+अ' है।

**115.'कक्षा' शब्द का शुद्ध उच्चारण है**
(a) कच्छा (b) कछ्छ
(c) कक्षा (d) कक्छा
**Ashram Paddhati PGT. 2012**

**उत्तर (c) :** 'कक्षा' शब्द का शुद्ध उच्चारण 'कक्षा' है। शेष विकल्पों के शब्द उच्चारण की दृष्टि से अशुद्ध है।

# 02.

# विराम चिह्न

1. **वाक्य को समाप्त करने के लिए जिसका प्रयोग किया जाता है उसे कहते हैं :**
(a) अल्पविराम (b) पूर्णविराम
(c) विवरण चिह्न (d) उपविराम
**UPP Constable, 19.06.2018 II[nd] Shift**

**उत्तर : (b)** वाक्य को समाप्त करने के लिये प्रयुक्त होने वाले चिह्न को 'पूर्णविराम चिह्न' कहते हैं। इस चिह्न का प्रयोग प्रश्नवाचक तथा विस्मयादिबोधक वाक्यों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वाक्यों के अन्त में किया जाता है। हिन्दी भाषा में प्रयुक्त विराम चिह्नों का विवरण निम्नलिखित है–

| **नाम** | **चिन्ह** |
|---|---|
| पूर्णविराम | । |
| अल्पविराम | , |
| अर्धविराम | ; |
| योजक चिह्न | - |
| प्रश्नवाचक चिह्न | ? |
| विस्मयादिबोधक चिह्न | ! |
| अवतरण/उद्धरण चिह्न | " " एवं ' ' |
| निर्देशक चिह्न | – |
| कोष्ठक चिह्न | (), {}, [ ] |
| हंसपद या त्रुटिबोधक चिह्न | ^ |
| तुल्यतासूचक चिह्न | = |
| उपविराम चिह्न | : |
| लाघव चिह्न | . |
| विवरण चिह्न | :- |
| लोप सूचक चिह्न | ...../xxx |
| पुनरुक्ति सूचक चिह्न | " |
| समाप्ति सूचक चिह्न | –0– |
| टीकासूचक चिह्न | *,+, ‡ |
| अधोरखा/रेखा चिह्न | ___ |
| विकल्प चिह्न | / |

2. **हिन्दी में पूर्ण विराम का चिह्न है :**
(a) ! (b) .
(c) । (d) ?
**UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shift**

**उत्तर : (c)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

3. **निम्नलिखित चिन्हों में से पूर्णविराम को पहचानिए।**
(a) (।) (b) (;)
(c) (-) (d) (?)
**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (a)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

4. **मुझे बाहर जाना है <u>।</u>**
**रेखांकित चिह्न को पहचानिए:**
(a) पूर्णविराम (b) प्रश्नवाचक चिह्न
(c) अल्प विराम (d) लाघव चिह्न
**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (a)** 'मुझे बाहर जाना है<u>।</u>' वाक्य में रेखांकित चिह्न 'पूर्णविराम' का है। वाक्य की समाप्ति पर पूर्णविराम का चिह्न प्रयुक्त होता है।

5. **राम अयोध्या के राजा थे। में कौन चिह्न युक्त है?**
(a) अल्पविराम (b) पूर्णविराम
(c) हंस पद (d) रेखिका
**UPPCL Technician Grade-II 2018**

**उत्तर : (b)** वाक्य के पूर्ण होने पर पूर्णविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है। दिये गये वाक्य में 'पूर्णविराम चिह्न' का प्रयोग है। जब किसी वाक्य या वाक्यांश में कोई शब्द या अक्षर लिखने में छूट जाता है तो उसे लिखने के लिये 'हंसपद या त्रुटिबोधक चिह्न' का प्रयोग करते हैं। अर्धविराम से कुछ कम देर तक के ठहराव के लिये 'अल्पविराम चिह्न' का प्रयोग करते हैं।

6. **जहाँ वाक्य की गति अन्तिम रूप ले ले, विचार के तार टूट जाएँ, वहाँ किस चिन्ह का प्रयोग किया जाता है?**
(a) योजक (b) अल्पविराम
(c) उद्धरण चिन्ह (d) पूर्णविराम
**ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर (d) :** जहाँ वाक्य की गति अंतिम रूप ले ले और विचारों के तार टूट जाएँ, वहाँ पर 'पूर्णविराम (।)' का प्रयोग किया जाता है। योजक चिन्हों का प्रयोग सामासिक पदों या पुनरुक्त और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। अल्पविराम (,) का प्रयोग वहाँ किया जाता है, जहाँ अर्द्धविराम (;) की तुलना में थोड़ा कम ठहराव होता है।

7. **दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति के बीच में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?**
(a) अल्पविराम (b) अर्द्धविराम
(c) योजक (d) कोष्ठक
**ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016**

**उत्तर (c) :** 'योजक चिन्ह (–)' को 'सम्बन्ध-चिह्न' भी कहा जाता है। इस चिन्ह का प्रयोग निम्नलिखित परिस्थितियों में किया जाता है–
(i) दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति या एक अर्थ वाले सहचर शब्दों के मध्य किया जाता है। जैसे– कपड़ा-लत्ता, धन-दौलत, मान-मर्यादा आदि।
(ii) सामासिक पदों या पुनरुक्त और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। जैसे– जय-पराजय, लाभ–हानि, दो-दो, राष्ट्र-भक्ति।
(iii) तुलनावाचक 'सा', 'सी', 'से' के पहले। जैसे– चाँद-सा चेहरा, फूल-सी मुस्कान।
(iv) सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्मों के बीच। जैसे– अनाप-शनाप, उल्टा-पुल्टा, काम-वाम।

8. **संज्ञा की द्विरुक्ति हो तो उनके बीच कौन-सा चिह्न रहता है?**
(a) अवतरण (b) योजक
(c) कोष्ठक (d) निर्देशक
**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (b) :** संज्ञा की द्विरुक्ति होने पर उनके मध्य 'योजक चिह्न' का प्रयोग किया जाता है अर्थात एक ही संज्ञा का प्रयोग दो बार हो जैसे- घर-घर, गाँव-गाँव, द्वार-द्वार, राम-राम आदि। अन्य विकल्पों में से, **'अवतरण चिह्न'** का प्रयोग किसी वाक्य में किसी विशेष शब्द पर बल देने के लिये अथवा किसी और के द्वारा कहे हुये या लिखे हुये कथनों को ज्यों का त्यों लिखने के लिये, **'कोष्ठक चिह्न'** का प्रयोग किसी शब्द को स्पष्ट करने तथा कुछ विशेष जानकारी प्रदान करने के लिये और **'निर्देशक चिह्न'** का प्रयोग विषय, विवाद सम्बन्धी प्रत्येक शीर्षक के आगे, उदाहरण के पश्चात तथा कथोपकथन के नाम के आगे किया जाता है।

**9. निम्न में से योजक चिह्न है–**

(a) ? (b) !
(c) – (d) /

**G.ØE.HEG. KEÂEBMŠSYEUE 2017,**
**उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)**

**उत्तर (c) :**

| **चिह्न** | **नाम** |
|---|---|
| – | योजक चिह्न |
| ? | प्रश्नवाचक चिह्न |
| ! | विस्मयादिबोधक चिह्न |
| / | विकल्प चिह्न |

**10. हिन्दी में अल्प-विराम का चिह्न है–**

(a) ? (b) !
(c) । (d) ,

**UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों में से विकल्प (d) अल्पविराम का चिह्न है। अल्पविराम चिह्न का प्रयोग बहुत कम ठहराव के लिये किया जाता है। अल्पविराम चिह्न के प्रयोग से सम्बन्धित कुछ निम्नलिखित स्थितियाँ हैं

1. वाक्य के बीच में प्रयुक्त पर, इसी से, इसलिये, किन्तु, परन्तु, क्योंकि, जिससे, तथापि अव्ययों से पूर्व अल्पविराम चिह्न लगाया जाता है।
2. सम्बोधन कारक की संज्ञा या सम्बोधन शब्दों के पश्चात् इसका प्रयोग होता है।
3. जिस वाक्य में वह, यह, तब, तो, या, अब इत्यादि का लोप हो, वहाँ अल्पविराम चिह्न का प्रयोग करते हैं। जैसे– कहना था सो कह दिया, तुम जानो। (यहाँ 'अब' पद लुप्त है)
4. जहाँ शब्दों की पुनरावृत्ति की जाये और भावातिरेक में उन पर विशेष बल दिया जाये, वहाँ अल्पविराम का चिह्न प्रयुक्त होता है। जैसे– सुनो, सुनो, वह गा रही है।

**11. 'अल्प विराम' का चिह्न है–**

(a) ; (b) !
(c) । (d) ,

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-07-2018 प्रथम पाली**

**उत्तर : (d)** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा अल्पविराम चिह्न है?**

(a) (.) (b) (;) (c) (,) (d) (।)

**UP PGT 2005**

**उत्तर : (c)** प्रश्न में दिए गए उत्तर विकल्पों में से अल्प विराम का संकेतक चिह्न (,) है जबकि पूर्णविराम का संकेतक चिह्न (।) तथा अर्द्ध विराम का (;) है। जबकि (•) यह लाघव चिह्न है।

**13. (?) इस विराम चिह्न का नाम है–**

(a) पूर्णविराम (b) प्रश्नवाचक
(c) अल्प विराम (d) योजक

**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 2017,**
**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018**

**उत्तर (b) :** (?) यह 'प्रश्नवाचक चिह्न' है। प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग प्रश्नवाचक वाक्यों के अन्त में किया जाता है। इसके अतिरिक्त 'जहाँ स्थिति निश्चित न हो' तथा 'व्यंग्योक्तियों' में भी इसका प्रयोग किया जाता है, किन्तु कुछ परिस्थितियों में यह प्रयुक्त नहीं होता है; जैसे–

1. ऐसे वाक्य जिनमें प्रश्न आज्ञा के रूप में हों, वहाँ इसका प्रयोग नहीं होता; उदाहरण- भारत की राजधानी बताओ।
2. जिन वाक्यों में प्रश्नवाचक शब्द सम्बन्धवाचक शब्दों की भाँति प्रयुक्त होते हैं, उनमें प्रश्नवाचक विराम चिह्न प्रयुक्त नहीं होता है; उदाहरण– वह नहीं जानता कि मैं क्या चाहता हूँ।

**14. प्रश्न चिह्न कौन-सा है?**

(a) । (b) ?
(c) ! (d) ;

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (b)** उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. (!) कोष्ठक में दिए गए विराम चिह्न का नाम है–**

(a) प्रश्नवाचक (b) अल्प विराम
(c) पूर्णविराम (d) विस्मयबोधक

**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 2017**

**उत्तर : (d)** (!) इस चिह्न का नाम 'विस्मयबोधक चिह्न' है। इसका प्रयोग विषाद, विस्मय, हर्ष, घृणा, आश्चर्य, करुणा, भय इत्यादि मनोभावों को व्यक्त करने के लिये किया जाता है। आह्लाद सूचक शब्दों, पदों और वाक्यों के अन्त में, अपनों से बड़े के सादर सम्बोधन में तथा अपनों से छोटों के प्रति शुभकामनाओं और सद्भावनाओं के प्रकटन में यह विराम चिह्न प्रयुक्त होता है।

**16. ओह .......... बहुत कठिन समय आया है।**
**दिए गए वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए।**

(a) ! (b) –
(c) ? (d) ,

**UPSI Batch - I 21 Dec.2017**

**उत्तर : (a)** दी गयी उक्ति में विस्मयादिबोधक चिन्ह (!) का प्रयोग होगा। जैसे – ओह! बहुत कठिन समय आया है।

**17. ''अरे वाह __________ आपका आगमन तो आकस्मिक है।''**
**वाक्य में रिक्तस्थान पर किस विरामचिह्न का प्रयोग किया जायेगा?**

(a) विस्मयादिबोधक। (b) अर्धविराम।
(c) दोहरा अवतरण। (d) प्रश्नचिह्न।

**UPSI Batch - I 20 Dec.2017**

**उत्तर (a) :** ''अरे वाह आपका आगमन तो आकस्मिक है।'' में विस्मयादिबोधक चिन्ह (!) का प्रयोग किया जायेगा। अतः वाक्य का शुद्धरूप 'अरे वाह! आपका आगमन तो आकस्मिक है' होगा।

**18. मनोविकार सूचक शब्दों, वाक्यांशों तथा वाक्यों के अन्त में किस चिह्न का प्रयोग होता है?**

(a) विस्मयबोधक (b) प्रश्नवाचक
(c) अर्धविराम (d) अल्पविराम

**GIC. PGT 2012**

**उत्तर : (a)** मनोविकार सूचक शब्दों, वाक्यांशों तथा वाक्यों के अंत में विस्मयबोधक (!) चिह्न का प्रयोग होता है। जैसे- ओह! मेरा सिर फटा जा रहा है। जिस वाक्य में किसी प्रकार के प्रश्न किए जाने का बोध हो, वहाँ पर प्रश्नवाचक (?) चिह्न का प्रयोग होता है जैसे- तुम्हारा नाम क्या है?

**19. ''हे भगवान...... मेरी रक्षा करो।'' दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान भरिए।**

(a) विस्मयादिबोधक चिह्न (b) क्रिया
(c) सर्वनाम (d) संज्ञा

**UPSI Batch - II 15 Dec.2017**

**उत्तर : (a)** रिक्त स्थान में विस्मयादिबोधक चिह्न (!) भरा जायेगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा– ''हे भगवान ! मेरी रक्षा करो।''

**20. किसी पद, उपवाक्य आदि की विशेषता दिखाने के लिए शब्द के नीचे एक रेखा खींचते हैं उसे कहते हैं:**

(a) प्रश्नवाचक चिह्न (b) अधोरेखा चिह्न
(c) कोष्ठक चिह्न (d) तिर्यक चिह्न

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (b)** किसी पद, उपवाक्य आदि की विशेषता दिखाने के लिये शब्द के नीचे एक रेखा खींची जाती है, जिसे 'अधोरेखा चिह्न' कहा जाता है। प्रश्नवाचक चिह्न (?) का प्रयोग प्रश्नबोधक वाक्य के अन्त में किया जाता है। कोष्ठक चिह्नों ( ), {}, [ ] का प्रयोग शब्द को स्पष्ट करने, कुछ अधिक जानकारी बताने आदि के लिये किया जाता है।

**21. निम्नलिखित में से निर्देशक चिन्ह कौन-सा है?**

(a) ? (b) ।
(c) ' (d) –

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर (d) :** उपर्युक्त विकल्प में से '–' चिह्न 'निर्देशक चिह्न' है। इस चिह्न का प्रयोग निम्नलिखित स्थितियों में किया जाता है–
1. किसी उद्धरण के पूर्व।
2. वार्तालाप में अवरोध सूचित करने के लिये।
3. किसी विषय के साथ तत्सम्बन्धी अन्य बातों की सूचना देने में।
4. समानाधिकरण शब्दों, वाक्यांशों अथवा वाक्यों के बीच में।
5. किसी पद के अधिक अर्थ स्पष्टीकरण में।

**22. [ ; ] कोष्ठांकित विराम चिह्न का नाम क्या है?**

(a) योजना विराम (b) अर्द्धविराम
(c) अल्पविराम (d) निर्देशक चिह्न

***गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016***

**उत्तर : (b)** [ ; ] कोष्ठांकित विराम चिह्न का नाम 'अर्द्धविराम' है। इस चिह्न के प्रयोग से सम्बन्धित कुछ सामान्य नियम इस प्रकार हैं–
1. किसी नियम के पश्चात् आने वाले उदाहरण सूचक शब्द 'जैसे' के पूर्व।
2. एक ही मुख्य वाक्य से जुड़े कई आश्रित उपवाक्यों के बीच में।
3. संयुक्त वाक्यों के प्रधान वाक्यों में परस्पर विशेष सम्बन्ध न होने पर उन्हें अलग करने के लिये अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

**23. '=' विराम चिह्न प्रयुक्त होता है-**

(a) विवरण चिह्न (b) तुल्यतासूचक
(c) लाघव चिह्न (d) संयोजक चिह्न

**लोअर-1 परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (b)** '=' तुल्यतासूचक विराम चिह्न है। शब्दार्थ अथवा गणित की तुल्यता सूचित करने के लिये इस चिह्न का प्रयोग किया जाता है; जैसे– शिक्षित = पढ़ा-लिखा या 3 + 3 = 6

**24. <u>×××</u> रेखांकित चिह्न कौन-सा है?**

(a) लोपसूचक चिन्ह
(b) स्थानसूचक चिन्ह
(c) समाप्ति सूचक चिन्ह
(d) टीका सूचक चिन्ह

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

**उत्तर : (a)** '×××' चिह्न 'लोपसूचक विराम चिह्न' है। जब किसी लेख, वाक्य या कथन में कुछ अंश पाठक के पूर्वपरिचित होने की अपेक्षा से छोड़ दिया जाता है, तब वहाँ लोपसूचक विराम चिह्न का प्रयोग होता है।

**25. नेता जी ने कहा था ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा'' इस वाक्य में कौन-सा चिह्न लगा है?**

(a) पूर्णविराम चिह्न (b) अल्पविराम चिह्न
(c) उद्धरण चिह्न (d) प्रश्नवाचक चिह्न

**UPP Constable 18.06.2018 II[nd] Shift**

**उत्तर : (c)** नेता जी ने कहा था '' तुम मुझे खून दो मै तुम्हें आजादी दूँगा''। इस वाक्य में उद्धरण चिन्ह ('' '') का प्रयोग हुआ है। ध्यातव्य है कि उद्धरण चिह्न के दो प्रकार हैं-
(i) एकल उद्धरण चिह्न- ' ' (ii) दोहरा उद्धरण चिह्न- '' ''
चिन्ह का प्रयोग किसी और के वाक्य या शब्दों को ज्यों का त्यों रखने में किया जाता है।

**26. विराम-चिह्नों की दृष्टि से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(a) सभी एक साथ चिल्ला उठे हम भी चलेंगे।
(b) सभी एक साथ चिल्ला उठे, ''हम भी चलेंगे''।
(c) सभी एक साथ चिल्ला उठे, हम भी चलेंगे।
(d) सभी एक साथ चिल्ला उठे,'' हम भी चलेंगे।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014**

**उत्तर : (b)** सभी एक साथ चिल्ला उठे, ''हम भी चलेंगे''। विराम चिह्नों की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है, क्योंकि जब किसी वाक्य में किसी कथन को ज्यों का त्यों दिखाना होता है, तो उसे दोहरे उद्धरण चिह्न में लिखते हैं एवं इस कथन से ठीक पूर्व अल्पविराम (,) का प्रयोग करते हैं। अन्य विकल्प विराम-चिन्ह की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

**27. किस वाक्य में विराम चिन्ह का उचित प्रयोग नहीं है?**

(a) मैं मनुष्य में मानवता देखना चाहती हूँ। उसे देवता बनाने की मेरी इच्छा नहीं।
(b) वह दूर से, बहुत दूर से आ रहा है।
(c) सुनो! सुनो! वह गा रही है।
(d) प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।

***लोअर-III परीक्षा, 2016***

**उत्तर-(d)** 'प्रिय महाशय, मैं आपका आभारी हूँ।' इसमें प्रिय महाशय के बाद! चिन्ह का प्रयोग होना चाहिए।

**28. निम्न में से कौन विराम चिन्ह का प्रकार नहीं है?**

(a) निर्देशक (b) लाघव
(c) उपदेशक (d) विवरण

***अमीन परीक्षा, 2016***

**उत्तर-(c)** 'उपदेशक' विराम चिह्न का प्रकार नहीं है जबकि निर्देशक (–), लाघव (.) तथा विवरण (:–) चिह्न विराम चिह्न के भेद हैं।

# 03.

# वर्तनी शुद्धि

**1. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**
(a) अध्यन (b) अधयन
(c) अध्ययन (d) आध्यन
**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (c)** दिए गए प्रश्न में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अध्ययन' है। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

**2. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**
(a) उत्तरदाई (b) उत्तरदायी
(c) उतरदायी (d) उत्तरदाइ
**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

**उत्तर : (b)** दिए गए प्रश्न में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'उत्तरदायी' है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

**3. कौन सा शब्द शुद्ध है–**
(a) छियालीस (b) छयालीस
(c) छियालिस (d) छयालिस
**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'छियालीस' है। शेष वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**4. निम्न में से शुद्ध शब्द बताइए–**
(a) उज्ज्वलन (b) उज्वलन
(c) उज्झलन (d) उजलन
**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द 'उज्ज्वलन' है।

**5. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :**
(a) प्रादेशिक (b) माधुर्य
(c) व्याप्त (d) प्रमाणिक
**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

**उत्तर : (d)** दिये गये शब्दों में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'प्रमाणिक' है। इसका शुद्ध रूप 'प्रामाणिक' होगा। शेष शब्द शुद्ध हैं।

**6. शुद्ध शब्द कौन-सा है?**
(a) चिन्ह (b) कृप्या
(c) दवाईयाँ (d) निर्भर
**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर : (d)** उपर्युक्त विकल्पों में से 'निर्भर' शब्द शुद्ध है। शेष शब्द अशुद्ध हैं, जिनका शुद्ध रूप इस प्रकार है–
चिन्ह – चिह्न, कृप्या – कृपया, दवाईयाँ – दवाइयाँ

**7. सही वर्तनी वाला शब्द है :**
(a) सूह्रद (b) शुश्रूषा
(c) श्पर्धा (d) शसीम
**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर : (b)** उपर्युक्त विकल्पों में से 'शुश्रूषा' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। सूह्रद की शुद्ध वर्तनी- 'सुहृद', 'श्पर्धा' की शुद्ध वर्तनी- 'स्पर्धा' तथा शसीम की शुद्ध वर्तनी 'ससीम' है।

**8. अशुद्ध शब्द है :**
(a) अनसूया (b) ऐनक
(c) सन्कट (d) संशय
**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

**उत्तर : (c)** उपर्युक्त विकल्पों में से वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द 'सन्कट' है, इसका शुद्ध रूप 'संकट' होगा। अन्य विकल्प अनसूया, ऐनक, संशय वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**9. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिएः**
(a) परिक्षा (b) मुमूर्षु
(c) मूमुर्षू (d) परीखा
**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

**उत्तर : (b)** 'मुमूर्षु' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि अन्य विकल्प परिक्षा, परीखा अशुद्ध शब्द हैं जिनका शुद्ध रूप होगा– 'परीक्षा'।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 10 से 13) : प्रत्येक प्रश्न वाक्य में एक अधोरेखांकित शब्द है। उसके नीचे लिखे शब्दों में से तीन अशुद्ध रूप से लिखे गये हैं। चौथे शुद्ध रूप में लिखे शब्द का चयन कर उसे चिह्नित करें।**

**10. उस '<u>कवित्री</u> की कविताएँ बहुत पसंद की गई।**
(a) कवियित्री (b) कवीत्री
(c) कवयत्री (d) कवयित्री
**स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016**

**उत्तर : (d)** '<u>कवित्री</u>' शब्द का शुद्ध रूप 'कवयित्री' है।

**11. प्रधानमंत्री के भाषण की <u>श्रुतिलिपि</u> उसने उसी समय ले ली।**
(a) श्रुतिलिपी (b) श्रुतलिपि
(c) श्रुतलीप (d) श्रुतलिपी
**स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016**

**उत्तर : (b)** रेखांकित शब्द <u>श्रुतिलिपि</u> का शुद्ध रूप 'श्रुतलिपि' है।

**12. भग्गू सेठ तो बहुत ही <u>दूश्चरित्र</u> व्यक्ति है।**
(a) दुश्चरित्र (b) दुस्चरित्र
(c) दुष्चरितृ (d) दुष्चरित्र
**स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2016**

**उत्तर : (a)** प्रश्नगत वाक्य में रेखांकित शब्द <u>दूश्चरित्र</u> का शुद्ध रूप 'दुश्चरित्र' है।

**13. शुद्ध शब्द चुनिए -**
(a) गंगा-जल (b) वे-बुनियाद
(c) बड़ा-सा (d) चौ-पाया
**लोअर-2 परीक्षा, 2015**

**उत्तर-** (c) हिन्दी वर्तनी का महत्वपूर्ण नियम- 'सा', 'जैसा' आदि सारूप्य वाचकों के पूर्व योजक चिह्न (-) का प्रयोग किया जाना चाहिए; जैसे- तुम-सा, राम-जैसा। अतः विकल्प (c) बड़ा-सा, शुद्ध शब्द है। शेष विकल्पों का शुद्ध रूप इस प्रकार है-
गंगा–जल = गंगाजल
वे-बुनियाद = बेबुनियाद
चौ-पाया = चौपाया

**14. शुद्ध वर्तनी चुनिए-**
(a) समसान (b) शमशान (c) श्मशान (d) स्मशान
**लोअर-2 परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (c)** 'श्मशान' शुद्ध वर्तनीयुक्त शब्द है। शेष सभी त्रुटिपूर्ण हैं।

**15. दिन रात <u>अध्यन</u> करके भी वह प्रथम स्थान न प्राप्त कर सका। नीचे दिए गए विकल्पों में से इस वाक्य में रेखांकित शब्द की वर्तनी शुद्ध कीजिये।**
(a) आध्यन (b) अध्ययन (c) अध्धयन (d) अद्ध्यन
**ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (b)** शुद्ध वर्तनी शब्द है- दिन रात 'अध्ययन' करके भी वह प्रथम स्थान न प्राप्त कर सका।

**16. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**

(a) सर्वोतम (b) संसरिक
(c) सच्चिदानन्द (d) कीर्ती

**ग्राम पंचायत अधिकारी परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पो में 'सच्चिदानन्द' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि सर्वोतम का **सर्वोत्तम,** संसरिक का **सांसारिक** तथा कीर्ती का **कीर्ति** शुद्ध वर्तनी शब्द होगा।

**17. रेखांकित शब्द की वर्तनी शुद्धि के लिये एक विकल्प चुनिए- विश्लेशण करने पर ज्ञात हुआ कि वह उसकी अपनी रचना नहीं थी।**

(a) विशलेषण (b) विश्लेषण
(c) विशलेशण (d) वीश्लेषण

**मलेरिया इंस्पेक्टर परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों में 'विश्लेशण' का शुद्ध वर्तनी रूप **विश्लेषण** है।

**18. सही वर्तनी है?**

(a) षष्ठ (b) षष्ठम्
(c) षष्टम (d) षष्ट

**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है- 'षष्ठम्'। शेष वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**19. शुद्ध शब्द है?**

(a) अनाधिकार (b) अहिल्या
(c) अन्तर्ध्यान (d) उपर्युक्त

**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द **'उपर्युक्त'** है। अन्य शब्दों का शुद्ध रूप इस प्रकार हैं - 'अनधिकार', 'अहल्या', 'अन्तर्धान'।

**निर्देश–प्र.सं. (20-24) : निम्नलिखित प्रश्नों में चार वैकल्पिक वर्तनी दी गई हैं। सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए–**

**20.** (a) प्रिथ्वी (b) पृथ्वी
(c) पृथवी (d) प्रिथवि

**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**उत्तर :** (b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'पृथ्वी' है।

**21.** (a) कौतहल (b) कौतूहल
(c) कौतोहल (d) कोतोहल

**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**उत्तर :** (b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'कौतूहल' है।

**22.** (a) रसायनिक (b) रासायनिक
(c) रासयनीक (d) रसयनिक

**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**उत्तर-**(b) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'रासायनिक' है।

**23.** (a) अष्ठ (b) अश्ट
(c) अस्ट (d) अष्ट

**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**उत्तर-**(d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अष्ट' है।

**24.** (a) त्रिदोश (b) तिरदोष
(c) तृदोष (d) त्रिदोष

**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**उत्तर-**(d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'त्रिदोष' है।

**25. शुद्ध शब्द चुनिए –**

(a) घनिष्ट (b) घनिष्ठ
(c) घनीष्ट (d) घनीष्ठ

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**उत्तर-(b)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'घनिष्ठ' शुद्ध शब्द है, जबकि दिए गये अन्य विकल्प सही नहीं हैं।

**26. शुद्ध शब्द चुनिए –**

(a) औद्योगिक (b) ओद्योगिक
(c) औधयौगिक (d) औद्यौगीक

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**उत्तर-(a)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'औद्योगिक' शुद्ध शब्द है। वर्तनी की दृष्टि से शेष सभी अशुद्ध शब्द हैं।

**27. शुद्ध शब्द चुनिए –**

(a) रामायन (b) रामायण
(c) रमायन (d) रामायड़

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**उत्तर-(b)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'रामायण' शुद्ध शब्द है। वर्तनी की दृष्टि से शेष सभी अशुद्ध शब्द हैं।

**28. शुद्ध वर्तनी चुनिएः**

(a) उपरीलिखित (b) ऊपरीलिखित
(c) उपरलिखित (d) उपरिलिखित

**असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015**

**उत्तर-(d)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'उपरिलिखित' शब्द की वर्तनी शुद्ध है।

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?**

(a) प्रतिनिधि (b) प्रतिनीधी
(c) प्रतिनीधि (d) प्रतिनिधी

**राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015**

**उत्तर-(a)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध शब्द 'प्रतिनिधि' है।

**30. निम्नलिखित वाक्य में मोटे छपे शब्द की शुद्ध वर्तनी कौन-सी है?**
**अत्याधिक व्यस्तता से जीवन में नीरसता आ जाती है।**

(a) अत्यधिक (b) अतयाधिक
(c) अत्यधीक (d) अत्याधिक

**राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015**

**उत्तर-(a) 'अत्याधिक** व्यस्तता से जीवन में नीरसता आ जाती है'। इस वाक्य में 'अत्याधिक' गलत लिखा है। इसका शुद्ध रूप 'अत्यधिक' है।

**31. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शुद्ध है?**

(a) कवियित्री (b) कवयित्री
(c) कवीयित्री (d) कवयीत्री

**कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015**

**उत्तर-**(b) जो पुरुष कविता लिखता है, उसे 'कवि' तथा जो महिला कविता लिखती है, उसे **'कवयित्री'** कहा जाता है अतः विकल्प (b) सही है।

**32. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शुद्ध है?**

(a) विदुषी (b) बिदुषी
(c) वीदुषी (d) विदूषी

**कानूनगो भर्ती परीक्षा, 2015**

**उत्तर- (a)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'विदुषी' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

**33. सही वर्तनी शब्द का चयन कीजिए।**

(a) अवन्नति (b) शृंगार
(c) मुशकिल (d) मात्रभूमि

**ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**उत्तर-(b)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर 'श्रृंगार' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य का शुद्ध रूप है– अवन्नति – अवनति
मुशकिल – मुश्किल
मात्रभूमि – मातृभूमि

**34. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिये-**
(a) कवियित्री (b) कवित्री
(c) कवियत्री (d) कवयित्री
***आबकारी सिपाही परीक्षा, 2016***

**उत्तर-(d)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'कवयित्री' है।

**35. शुद्ध वर्तनी चुनिए।**
(a) आशीर्वाद (b) आर्शीवाद
(c) आशिर्वाद (d) आर्शिवाद
***गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा, 2016***

**उत्तर-**(a) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर '**आशीर्वाद**' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष सभी वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

**36. शुद्ध शब्द छाँटिए-**
(a) अभ्यस्थ (b) अभियस्त
(c) अभ्यस्त (d) अभयस्त
***लोअर-III परीक्षा, 2016***

**उत्तर-**(c) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर '**अभ्यस्त**' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष सभी त्रुटिपूर्ण शब्द हैं।

**37. आजकल अनुशासन के अभाव में विद्यार्थियों में <u>उच्श्रृंखलता</u> आती है। रेखांकित शब्द को शुद्ध करें–**
(a) उत्शृंखलता (b) उच्चशृंखलता
(c) उच्छृंखलता (d) उच्श्रंखलता
***अमीन परीक्षा, 2016***

**उत्तर-**(c) रेखांकित शब्द 'उच्शृंखलता' वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण है। इसके स्थान पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द '**उच्छृंखलता**' प्रयुक्त होगा।

**38. मानव मात्र को गीता के <u>माहातम्य</u> से परिचित होना अनिवार्य है। रेखांकित शब्द को शुद्ध करें–**
(a) माहातमय (b) माहात्म्य
(c) महात्म्य (d) महात्तम्य
***अमीन परीक्षा, 2016***

**उत्तर-**(b) 'मानव मात्र को गीता के माहातम्य के परिचित होना अनिवार्य है'। इस वाक्य में रेखांकित शब्द <u>माहातम्य</u> के स्थान पर '**माहात्म्य**' शब्द प्रयुक्त होगा। यह वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

**39. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए –**
(a) अन्त्याक्षरी (b) पूज्यनीय
(c) तदोपरान्त (d) कवियित्री
***नायब तहसीलदार, 1992***

**उत्तर-**(a) शुद्ध वर्तनी वाला शब्द '**अन्त्याक्षरी**' है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार है–
पूज्यनीय — पूजनीय
तदोपरान्त — तदुपरान्त
कवियित्री — कवयित्री

**40. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही है?**
(a) स्वातंत्रय (b) स्वातंत्र्य
(c) स्वतंत्र्य (d) स्वातंतृय
**लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018**

**उत्तर-(b) :** दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द– '**स्वातंत्र्य**' है। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

**41. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**
(a) धोबिन (b) धोबिनी
(c) धोबनी (d) धोबीन
**(UPUDA Pre. 2013)**

**उत्तर-**(a) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द '**धोबिन**' है। अतः विकल्प (a) सही है।

**42. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**
(a) भगीरथी (b) भागीरथी
(c) भगिरथी (d) भागिरथी
**(UPUDA Pre. 2013)**

**उत्तर-**(b) दिये गये विकल्पों में विकल्प (b) 'भागीरथी' शुद्ध है। अन्य तीनों त्रुटिपूर्ण हैं।

**43. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**
(a) विरिहिणी (b) विरहणी
(c) विरहिणी (d) विरिहणी
**(UPUDA Pre. 2013)**

**उत्तर-**(c) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'विरहिणी' है। अतः विकल्प (c) सही है। अन्य तीनों विकल्प गलत हैं।

**44. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-**
(a) अनुषांगिक (b) अनुसांगिक
(c) आनुषंगिक (d) आनुसांगिक
**(UPUDA Main 2013)**

**उत्तर**-(c) दिये गये विकल्पों में विकल्प (c) '**आनुषंगिक**' सही वर्तनी वाला शब्द है, जबकि अन्य तीनों वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**45. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-**
(a) परिच्छा (b) परीच्छा
(c) परीक्षा (d) परिक्षा
**(UPUDA Main 2013)**

**उत्तर**-(c) वर्तनी की दृष्टि से विकल्प (a) परिच्छा, (b) परीच्छा, (d) परिक्षा तीनों अशुद्ध विकल्प हैं जबकि शुद्ध विकल्प (c) 'परीक्षा' है।

**46. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध का चयन कीजिए।**
(a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
(c) अनुग्रहित (d) आनुगृहीत
**(UPUDA Main 2013)**

**उत्तर**-(b) वर्तनी की दृष्टि से दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द '**अनुगृहीत**' है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

**47. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–**
(a) नरक (b) नर्क
(c) न्रक (d) नॅक
**(UPUDA Main 2013)**

**उत्तर**–(a) वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध विकल्प (a) '**नरक**' है, जबकि अन्य नर्क, न्रक और नॅक अशुद्ध हैं।

**48. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध का चयन कीजिए।**
(a) टिपड़ी (b) टिप्पणि (c) टीप्पणी (d) टिप्पणी
**(UPUDA Main 2013)**

**उत्तर**–(d) वर्तनी की दृष्टि से चारों विकल्पों में शुद्ध विकल्प (d) '**टिप्पणी**' है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

**49. किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?**
(a) लंगड़ (b) बुझक्कड़ (c) कोंकण (d) भुख्खड़
**(UPUDA Pre. 2010)**

**उत्तर-(d)** दिये गये विकल्पों में लंगड़, बुझक्कड़ और कोंकण शब्द शुद्ध हैं। विकल्प (d) में दिया गया शब्द 'भुख्खड़' अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा 'भुक्खड़'।

**50. किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?**
(a) निरनुनासिक (b) छिद्रान्वेशी
(c) गत्यर्थ (d) अन्तश्चेतना
**(UPUDA Pre. 2010)**

**उत्तर** – (b) निरनुनासिक, गत्यर्थ और अन्तश्चेतना तीनों शुद्ध हैं, जबकि छिद्रान्वेशी अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा- **'छिद्रान्वेषी'**।

**51. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**
(a) शुश्रूषा (b) सुश्रूषा (c) सुश्रुषा (d) श्रुशूषा
**(UPUDA Pre. 2010)**

**उत्तर**–(a) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'शुश्रूषा' है, अन्य तीनों शब्द अशुद्ध हैं।

**52. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**
(a) ईर्शा (b) ईर्षा
(c) इर्षा (d) ईर्ष्या
**(UPUDA Pre. 2010)**

**उत्तर**–(d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है 'ईर्ष्या' है। अन्य तीनों शब्द अशुद्ध हैं।

**53. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**
(a) उल्लंघन (b) मनोरथ (c) उज्वल (d) वत्सल
**(UPUDA Pre. 2010)**

**उत्तर**–(c) दिये गये विकल्पों में उल्लंघन, मनोरथ और वत्सल सही शब्द हैं जबकि विकल्प (c) में दिया गया शब्द अशुद्ध है। इसका शुद्ध वर्तनी रूप होगा - 'उज्ज्वल'।

**54. शुद्ध शब्द रूप है –**
(a) दुरनिवार (b) दुर्नीवार
(c) दुःनिवार (d) दुर्निवार
**(UPUDA Pre. 2010)**

**उत्तर**–(d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है- 'दुर्निवार'। अन्य तीनों शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**55. 'ऊँटों का ...... जा रहा है' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त (शुद्ध) शब्द से कीजिए।**
(a) कारवाँ (b) जत्था
(c) काफिला (d) बेड़ा
**(UPUDA Pre. 2010)**

**उत्तर**– (c) दिये गये विकल्प में 'काफिला' शब्द वाक्य की दृष्टि से शुद्ध प्रतीत होता है न कि कारवां, जत्था और बेड़ा।

**56. नीचे दिये शब्दों में से किसकी वर्तनी शुद्ध है?**
(a) द्वारका (b) पूज्यानीया
(c) अन्तर्ध्यान (d) अहिल्यिया
**(UPUDA Main 2010)**

**उत्तर**–(a) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी है – 'द्वारका'। शेष शब्दों की शुद्ध वर्तनी निम्न हैं-
पूज्यानीया - पूजनीया
अन्तर्ध्यान - अन्तर्धान
अहिल्यिया - अहल्या

**57. नीचे दिये शब्दों में किसकी वर्तनी शुद्ध है?**
(a) संन्यासी (b) आकाल
(c) अनुग्रहीत (d) आजीवका
**(UPUDA Main 2010)**

**उत्तर**–(a) अनुग्रहीत का 'अनुगृहीत', आकाल का 'अकाल', आजीवका का 'आजीविका' शुद्ध रूप है, जबकि विकल्प (a) संन्यासी शुद्ध शब्द है।

**58. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?**
(a) अन्ताक्षरी (b) अन्त्याक्षरी
(c) अन्ताक्षिरी (d) अन्ताक्षिणी
**(UPUDA Main 2010)**

**उत्तर**–(b) दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अन्त्याक्षरी' है।

**59. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी का शब्द है :**
(a) वाँङ्मय (b) वांगमय
(c) वाङ्मय (d) बाँगमय
**(UPUDA Spl. Pre. 2010)**

**उत्तर-(c)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है- 'वाङ्मय'। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

**60. इनमें से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है :**
(a) अन्तर्धान (b) षष्ठ्म
(c) सहस्त्र (d) अनुषंगिक
**(UPUDA Spl. Pre. 2010)**

**उत्तर : (a)** वर्तनी की दृष्टि से विकल्प (a) 'अन्तर्धान' शुद्ध है। अन्य विकल्प षष्ठ्म, सहस्त्र एवं अनुषंगिक वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं, इसका शुद्ध शब्द क्रमशः षष्ठम्, सहस्र एवं आनुषंगिक होगा।

**61. इन नामों में से एक की वर्तनी अशुद्ध है :**
(a) कौसल्या (b) मैथिलीशरण गुप्त
(c) मेघनाद (d) राहुल सांस्कृत्यायन
**(UPUDA Spl. Pre. 2010)**

**उत्तर : (d)** वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द विकल्प (d) है। इसका शुद्ध वर्तनी रूप होगा – 'राहुल सांकृत्यायन'। इसके अतिरिक्त अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**62. इनमें से एक शब्द की वर्तनी अशुद्ध है :**
(a) अधीन (b) भागीरथी
(c) जागृत (d) अनुगृहीत
**(UPUDA Spl. Pre. 2010)**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में विकल्प (c) त्रुटिपूर्ण है। जागृत का शुद्ध रूप 'जागरित' होगा। अन्य विकल्प अधीन, भागीरथी और अनुगृहीत शुद्ध है।

**63. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :**
(a) ज्योत्सना (b) ज्योतसना
(c) ज्योत्स्ना (d) ज्यौत्स्ना
**(UPUDA Spl. Pre. 2010)**

**उत्तर : (c)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर विकल्प (c) ज्योत्स्ना शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है।

**64. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :**
(a) हिरण्यकशिपु (b) हिरण्यकश्यपु
(c) हिरण्यकश्यप (d) हिरण्यकस्यप
**(UPUDA Spl. Pre. 2010)**

**उत्तर : (a)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर विकल्प (a) 'हिरण्यकशिपु' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है।

**65. इनमें से अशुद्ध वर्तनी का शब्द है :**
(a) महत्व (b) वाल्मीकि
(c) पैतृक (d) सन्यासी
**(UPUDA Spl. Pre. 2010)**

**उत्तर : (d)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर विकल्प (d) 'सन्यासी' अशुद्ध वर्तनी वाला है। इसका शुद्ध रूप **संन्यासी** है।

**66. वर्तनी की दृष्टि से शब्द का शुद्ध रूप कौन है?**
(a) बन्दना (b) वंदना
(c) बनदना (d) वन्दना
**(UPUDA Spl. Main 2010)**

**उत्तर : (b)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'वंदना' होगा न कि बन्दना, वन्दना या बनदना।

**67. निम्नलिखित में एक की वर्तनी अशुद्ध है–**
(a) शुश्रूषा (b) सुश्रूषा
(c) वेशभूषा (d) मनीषा
**(UP NT Exam. 2008)**

उत्तर : (b) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द 'सुश्रषा' है इसका शुद्ध रूप 'शुश्रूषा' है। शेष शब्द शुद्ध हैं।

**68. निम्नलिखित में एक वर्तनी अशुद्ध है। उसे चयनित कीजिए–**

(a) उज्ज्वल (b) श्रृंगार (c) कवयित्री (d) श्रद्धा

**(UP S.D.I. Exam. 2008)**

उत्तर : (b) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द 'श्रृंगार' है। इसका शुद्ध रूप '**श्रृगांर**' है।

**69. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए–**

(a) उपरोक्त (b) उपरियुक्त
(c) ऊपरयुक्त (d) उपर्युक्त

**(UP S.D.I. Exam. 2008)**

उत्तर : (d) प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'उपर्युक्त' है, जबकि अन्य वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं। उपर्युक्त शब्द 'उपरि + उक्त' के संयोग से बना है।

**70. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–**

(a) अधीकार (b) अनुशरण
(c) अध्ययन (d) अगामी

Ans : (c) प्रश्नगत विकल्पों में 'अध्ययन' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष शब्दों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं–

| अशुद्ध शब्द | शुद्ध शब्द |
|---|---|
| अधीकार | अधिकार |
| अनुशरण | अनुसरण |
| अध्यन | अध्ययन |
| अगामी | आगामी |

**71. निम्न में से वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है–**

(a) आनुषंगिक (b) आध्यात्मिक
(c) इतिहासिक (d) दायित्व

Ans : (c) अशुद्ध शब्द 'इतिहासिक' का शुद्ध रूप '**ऐतिहासिक**' होता है। शेष शब्द आनुषंगिक, आध्यात्मिक तथा दायित्व शुद्ध हैं।

**72. इनमें से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?**

(a) आर्शीवाद (b) आर्शीबाद
(c) आशीर्वाद (d) आशीर्बाद

**UP TGT 2001**

उत्तर : (c) प्रश्न में दिए गए शब्दों में 'आशीर्वाद' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष तीनों शब्द - आर्शीवाद, आर्शीबाद, आशीर्बाद वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**73. निम्नलिखित में से एक शब्द की वर्तनी अशुद्ध है –**

(a) उज्ज्वल (b) कवयित्री
(c) कवियित्री (d) मोक्ष

**UP TGT 2002**

उत्तर : (c) प्रश्न में दिए गए शब्दों में से 'कवियित्री' शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है। इस शब्द का शुद्ध रूप - '**कवयित्री**' होगा। शेष दोनों शब्द उज्ज्वल तथा मोक्ष वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

**74. कौन-सी वर्तनी ठीक है –**

(a) रचैता (b) रचइता (c) रचयिता (d) रचयता

**UP TGT 2002**

उत्तर : (c) प्रश्न में दिए गए शब्दों में से '**रचयिता**' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष तीनों शब्द - रचैता, रचइता, रचयता वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**75. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है –**

(a) पूज्यनीय (b) पुज्यनीय (c) पूजनीय (d) पुजनीय

**UP TGT 2004**

उत्तर : (c) दिए गए शब्दों में शुद्ध शब्द 'पूजनीय' है। पूज्यनीय, पुज्यनीय, पुजनीय तीनों शब्दों व्याकरणिक दृष्टि से अशुद्ध हैं। पूजा विशेष्य के अंत में 'अनीय' प्रत्यय के जुड़ने पर 'पूजनीय' विशेषण (शब्द) बनता है।

**76. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है –**

(a) जीजीवीषा (b) जीजिविषा
(c) जिजिविषा (d) जिजीविषा

**UP TGT 2004**

उत्तर : (d) प्रश्न में दिए गए शब्दों में से जिजीविषा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं शेष तीनों शब्द जीजीवीषा, जिजिविषा जिजिविषा वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**77. निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन करें –**

(a) पूज्यनीय (b) उज्जवल
(c) परिपार्श्विक (d) जोत्यसना

**UP TGT 2004**

उत्तर : (c) प्रश्न में दिए गए चारों विकल्पों में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'परिपार्श्विक' है। पूज्यनीय अशुद्ध शब्द है जिसका वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध रूप 'पूजनीय' होगा। अशुद्ध उज्जल का शुद्ध रूप 'उज्ज्वल' तथा जोत्यसना का शुद्ध रूप 'ज्योत्स्ना' होगा।

**78. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द को चुनिए –**

(a) सन्यास (b) संन्यास
(c) सन्नयास (d) संयास

**UP TGT 2004**

उत्तर : (b) दिए गए उत्तर विकल्पों में से 'संन्यास' शब्द शुद्ध है, शेष तीनों शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं। 'संन्यास' शब्द 'सम्' उपसर्ग के न्यास शब्द के पूर्व जुड़ने से बनता है।

**79. इनमें से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है –**

(a) उज्जवल (b) उज्ज्वल
(c) उज्वल (d) उजवल

**UP TGT 2005**

उत्तर : (b) वर्तनी की दृष्टि से **उज्ज्वल** शब्द शुद्ध है। उज्ज्वल शब्द का संधि विच्छेद - उत् +ज्वल है। इन दोनों के बीच व्यंजन संधि होने पर उत् के त् के स्थान पर 'ज्' आदेश होने पर 'उज्ज्वल' शब्द बनता है।

**80. 'आलौकिक का शुद्ध शब्द है –**

(a) अलौकुक (b) आलोकिक
(c) अलौकिक (d) आलोकुक

**UP TGT 2009**

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों के आधार पर 'अलौकिक' सर्वाधिक शुद्ध शब्द है। अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**81. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए –**

(a) कुमुदनी (b) कुमुदुनी
(c) कुमुदिनी (d) कुमदुनी

**UP TGT 2010**

उत्तर : (c) दिये गये विकल्पों में 'कुमुदिनी' सर्वाधिक शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**82. अहेतुकी का शुद्ध रूप है –**

(a) अहितकी (b) अहैतुकी (c) वेतुकी (d) अभितुकी

**UP TGT 2013**

उत्तर : (b) अहेतुकी का शुद्ध रूप 'अहैतुकी' है। शेष अन्य विकल्प तर्कसंगत नहीं है।

**83. इनमें से कौन–सा शब्द शुद्ध है –**

(a) यानी (b) बाल्मिकी (c) उज्ज्वल (d) द्वन्द

**UP PGT 2002**

**उत्तर : (a)** उपर्युक्त दिए गए विकल्पों में से **यानी** शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। बाल्मीकी का शुद्ध रूप वाल्मीकि, उज्वल शब्द का शुद्ध रूप उज्ज्वल तथा द्वन्द का शुद्ध रूप द्वन्द्व होगा।

**84. वर्तनी की दृष्टि से इनमें अशुद्ध शब्द है –**
(a) यानि (b) यानी (c) सूची (d) शुष्क
UP PGT 2002

**उत्तर : (a)** दिए गए विकल्पों में यानी, सूची, शुष्क वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं जबकि यानि शब्द अशुद्ध है।

**85. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए :**
(a) उज्ज्वल (b) उजज्वल
(c) उज्जवल (d) उज्वल
**KVS TGT Hindi, 2016**

**उत्तर : (a)** दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'उज्ज्वल' है तथा अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**86. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्धवर्तनी वाले शब्द का चुनाव कीजिए:**
(a) द्रपण (b) दर्पण
(c) दरपण (d) दपर्ण
**KVS PGT Hindi, 2016**

**उत्तर : (b)** दिये गये शब्दों में **दर्पण** शब्द की वर्तनी सही है जबकि अन्य त्रुटिपूर्ण हैं।

**87. निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए:**
(a) महीना (b) अनुगृह
(c) क्रिया (d) सप्ताह
**KVS TGT Hindi, 2017**

**उत्तर : (b)** प्रश्नगत विकल्पों में अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द अनुगृह है जिसका शुद्ध रूप- 'अनुग्रह' है। जबकि महीना, क्रिया तथा सप्ताह तीनों शुद्ध है।

**88. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चुनाव कीजिए:**
(a) सरवन (b) सर्वण
(c) श्रवण (d) शवर्ण
**KVS PGT Hindi, 2017**

**उत्तर : (c)** दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'श्रवण' है अन्य सभी त्रुटिपूर्ण हैं।

**89. शुद्ध रूप कौन-सा है?**
(a) तादात्म्य (b) तादात्मय
(d) तदात्म्य (d) तथात्मक
**UP PGT 2004**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में 'तादात्म्य' शुद्ध शब्द है, अन्य शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

**90. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**
(a) अधिशासी (b) अधिशाषी
(c) अधिसाशी (d) अधिषाशी
**UP PGT 2005**

**उत्तर : (a)** प्रश्न में प्रस्तुत विकल्पों में से 'अधिशासी' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। शेष तीनों विकल्पों में दिए गए शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**91. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?**
(a) अभिज्ञ (b) भिज्ञ (c) विज्ञ (d) अनभिज्ञ
**UP PGT 2005**

**उत्तर : (b)** 'भिज्ञ' शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है इसका शुद्ध रूप अनभिज्ञ होगा।

**92. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही है?**
(a) ज्योतसना (b) ज्योत्स्ना
(c) ज्योतिस्ना (d) जोत्स्ना
**UP PGT 2010, 2005**

**उत्तर : (b)** हिन्दी भाषा की वर्तनी की दृष्टि से 'ज्योत्स्ना' शुद्ध शब्द है। इसका अर्थ चांदनी है। प्रश्न के अन्तर्गत अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**93. वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द सही है?**
(a) संन्यासी (b) सन्यासी
(c) सनिनासी (d) सनयासी
**UP PGT 2005**

**उत्तर : (a)** संन्यासी वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द है। शेष सभी त्रुटिपूर्ण हैं।

**94. निम्न में शुद्ध रूप कौन-सा है–**
(a) हतोत्साह (b) हतोत्साहित
(c) हतोसाह (d) हतोत्साह
**UP PGT 2009**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों के आधार पर **'हतोत्साहित'** शुद्ध शब्द है। शेष सभी शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**95. निम्न में शुद्ध रूप कौन सा है–**
(a) प्रदर्शिनी (b) प्रदर्शनी
(c) प्रर्दशिनी (d) प्रदर्शिनी
**UP PGT 2009**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'प्रदर्शनी' सर्वाधिक शुद्ध शब्द है। अन्य शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

**96. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–**
(a) मानविकरण (b) मानवीयकरण
(c) मानवीकरण (d) मनवीकरण
**UP PGT 2009**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में 'मानवीकरण' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

**97. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–**
(a) उच्श्रृंखल (b) उच्श्रृंखल
(c) उच्छृंखल (d) उच्छृंखल
**UP PGT 2010**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों में 'उच्छृंखल' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**98. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है–**
(a) सदृश्य (b) सदृश
(c) सदृष्य (d) सद्रश।
**UP PGT 2010**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों में 'सदृश' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**99. निम्नलिखित की सही वर्तनी होगी–**
(a) आनुषंगिक (b) अनुषंगिक
(c) अनुसंगिक (d) आनुसंगिक।
**UP PGT 2010**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में 'आनुषंगिक' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**100. नीचे एक ही शब्द की चार वर्तनी दी गयी है, सही का चयन कीजिए।**
(a) छतीस (b) छतिस (c) छत्तिस (d) छत्तीस
**UP PGT 2013**

**उत्तर : (d)** दिये गये शब्दों में 'छत्तीस' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**101.एक ही शब्द की वर्तनी चार तरह से लिखी गयी है, सही का चयन कीजिए।**

(a) उपर्लिखित (b) उपरिलिखित
(c) ऊपर लिखित (d) ऊपर्लिखित

**UP PGT 2013**

**उत्तर : (b)** दिये गये शब्दों में `उपरिलिखित' शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही है। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**102. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए:**

(a) प्रागेतिहासिक (b) प्रागैतिहासिक
(c) प्रागतिहासिक (d) प्रागइतिहासिक

**GIC. PGT 2012**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों में से 'प्रागैतिहासिक' शब्द शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष विकल्पों के शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है।

**103.इनमें से एक शब्द की वर्तनी अशुद्ध है, वह है :**

(a) द्वारिका (b) अहल्या
(c) आर्द्र (d) प्रव्रज्या

**GIC. PGT 2015**

**उत्तर : (a)** प्रश्नगत विकल्पों में 'द्वारिका' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी **'द्वारका'** होगी, जबकि अहल्या , आर्द्र, प्रव्रज्या, वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

**104.वर्तनी की दृष्टि से इनमें से अशुद्ध शब्द है :**

(a) ज्योत्स्ना (b) अहोरात्र
(c) भाष्कर (d) मिष्टान्न

**GIC. PGT 2015**
**Ashram Paddhati PGT 2012**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों के आधार पर वर्तनी की दृष्टि से 'भाष्कर' अशुद्ध शब्द है। इसका शुद्ध शब्द **'भास्कर'** होगा, जबकि ज्योत्स्ना, अहोरात्र, मिष्टान्न वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है।

**105.निम्नलिखित शब्दों में से एक की वर्तनी शुद्ध है:**

(a) आधीन (b) आकंठ
(c) आकस्मात् (d) आकांड तांडव

**GIC. PGT 2009**

**उत्तर : (d)** आकांड तांडव शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। जबकि आधीन, आकस्मात् तथा आकंठ अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द है इसका शुद्ध रूप अधीन, अकस्मात् तथा आकण्ठ होगा।

**106. निम्नलिखित शब्दों में से एक की वर्तनी शुद्ध है :**

(a) आभ्यान्तरिक (b) अत्याधिक
(c) निरोग (d) निरपराधिनी

**GIC. PGT 2009**

**उत्तर : (d)** 'निरपराधिनी' शुद्ध वर्तनी है। आभ्यान्तरिक, अत्याधिक तथा निरोग शब्दों की शुद्ध वर्तनी क्रमशः अभ्यान्तर, अत्यधिक तथा नीरोग होता है।

**107.निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?**

(a) ज्योत्सना (b) शृंगार
(c) उज्ज्वल (d) अध्यात्म

**DIET PGT. 2014**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'ज्योत्सना' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी **'ज्योत्स्ना'** होगा। शेष विकल्प शृंगार, उज्ज्वल, अध्यात्म वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**निर्देश (प्रश्न) : दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए:**

**108.** (a) शंशय (b) संश्य
(c) सन्शय (d) संशय

**KVS. PGT. 2014**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'संशय' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष दिये गये अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

**109.** (a) दृष्य (b) दृश्य
(c) द्रिष्य (d) दृश

**KVS. PGT. 2014**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'दृश्य' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष दिये गये अन्य विकल्पो की वर्तनी अशुद्ध है।

**110.** (a) उद्योगिक (b) औद्योगिक
(c) उद्योगिक् (d) ओद्योगिक

**KVS. PGT. 2014**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'औद्योगिक' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष दिये गये अन्य विकल्पों की वर्तनी अशुद्ध है।

**111. एक की वर्तनी शुद्ध है**

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) खिवैया (b) न्यौछावर
(c) अनन्नास (d) निर्पेक्ष

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों के आधार पर **'अनन्नास'** की वर्तनी शुद्ध है। शेष निम्नवत है-

| **शुद्ध** | **अशुद्ध** |
|---|---|
| खेवैया | खिवैया |
| न्योछावर | न्यौछावर |
| निरपेक्ष | निर्पेक्ष |

**112. एक की वर्तनी शुद्ध है**

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) षट्दर्शन (b) अनापेक्षित
(c) किलिष्ट (d) पर्यवसान

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'पर्यवसान' की वर्तनी शुद्ध है। शेष निम्नवत है-

| **शुद्ध** | **अशुद्ध** |
|---|---|
| षड्दर्शन | षट्दर्शन |
| अनपेक्षित | अनापेक्षित |
| क्लिष्ट | किलिष्ट |

**113. एक की वर्तनी शुद्ध है**

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) उनन्यन (b) उन्नयन
(c) उन्यन (d) उन्न्यन

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'उन्नयन' की वर्तनी शुद्ध है, शेष शब्दों की वर्तनी अशुद्ध है। उन्नयन का तात्पर्य है– ऊपर की ओर उठना या ले जाना।

**114. एक की वर्तनी शुद्ध है**

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) आविष्कार (b) देवार्षि
(c) निशब्द (d) जमाता

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'आविष्कार' की वर्तनी शुद्ध है। शेष अशुद्ध शब्दों की वर्तनी निम्नवत है–

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|
| देवार्षि | देवर्षि |
| निशब्द | निःशब्द |
| जमाता | जामाता |

**115. एक की वर्तनी शुद्ध है**

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) राज्य महल (b) कोमलांगिनी
(c) निरोग (d) अक्षौहिणी

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'अक्षौहिणी' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। शेष विकल्पों की वर्तनी के शुद्ध रूप निम्नवत हैं–

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|
| राज्य महल | राजमहल |
| कोमलांगिनी | कोमलांगी |
| निरोग | नीरोग |

**116.निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2014**

(a) कलेष (b) क्लेष (c) क्लेश (d) क्लेस

**उत्तर-(c)**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है - क्लेश

**117. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2014**

(a) श्रृंगार (b) श्रंगार (c) शृंगार (d) सृंगार

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है– शृंगार

**118.निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2014**

(a) उज्जवल (b) उज्ज्वल (c) उत्जवल (d) उत्जवल

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है – **उज्ज्वल**।

**119.निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2014**

(a) हिरण्यकश्यपु (b) हिरण्यकशिपु
(c) हिरण्यकश्यप (d) हिरण्यकस्यप

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है – **हिरण्यकशिपु**।

**120.निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2014**

(a) कवयित्री (b) कवित्री (c) कवियित्री (d) कवियत्री

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है – **कवयित्री**।

**121. निम्न में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :**

**UP RO (Main), 2014**

(a) उज्ज्वल (b) वैमनस्यता
(c) कवित्री (d) प्रमाणिक

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'उज्ज्वल' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि कवित्री का 'कवयित्री' तथा प्रमाणिक का प्रामाणिक' एवं वैमनस्यता का 'वैमनस्य' शुद्ध वर्तनी रूप होगा।

**122. निम्नलिखित शब्दों में किसकी वर्तनी शुद्ध है?**

**UP RO (Main), 2014**

(a) संन्यास (b) प्रत्यूपकार
(c) दुरावस्था (d) कैलाष

**उत्तर : (a)** 'संन्यास' शब्द की वर्तनी शुद्ध है जबकि अन्य विकल्प में दिए गये शब्दों की शुद्ध वर्तनी होगी।

| **अशुद्ध** | **–** | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| प्रत्यूपकार | - | प्रत्युपकार |
| दुरावस्था | - | दुरवस्था |
| कैलाष | - | कैलाश |

**123.निम्न में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :**

**UP RO (Main), 2014**

(a) उद्घोष (b) एकता
(c) तात्कालिक (d) उपरोक्त

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर **'उपरोक्त'** अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध वर्तनी रूप 'उपर्युक्त' होगा। शेष अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**124.अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2013**

(a) पारलौकिक (b) निष्चेष्ट (c) दुर्धर्ष (d) आशीर्वाद

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों के आधार पर अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है निष्चेष्ट है जबकि इसका शुद्ध रूप **निश्चेष्ट** होता है।

**125.शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2013**

(a) धोबिन (b) धोबिनी (c) धोबनी (d) धोबीन

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों के आधार पर शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'धोबिन' है। अतः विकल्प (a) सही है।

**126.शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2013**

(a) भगीरथी (b) भागीरथी (c) भगिरथी (d) भागिरथी

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों में विकल्प (b) 'भागीरथी' शुद्ध विकल्प है। अन्य तीनों त्रुटिपूर्ण हैं।

**127.शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2013**

(a) विरिहिणी (b) विरहणी (c) विरहिणी (d) विरिहणी

**उत्तर : (c)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है 'विरहिणी'। अतः विकल्प (c) सही है। अन्य तीनों विकल्प गलत हैं।

**128.वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है**

**UP RO (Main), 2013**

(a) अनुषांगिक (b) अनुसांगिक
(c) आनुषंगिक (d) आनुसांगिक

**उत्तर : (c)** प्रश्नगत विकल्पों में विकल्प (c) **आनुषंगिक** शब्द सही वर्तनी वाला है, जबकि अन्य तीनों वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध विकल्प हैं।

**129.वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है**

**UP RO (Main), 2013**

(a) परिच्छा (b) परीच्छा
(c) परीक्षा (d) परिक्षा

**उत्तर : (c)** वर्तनी की दृष्टि से विकल्प (a) परिच्छा, (b) परीच्छा, (d) परिक्षा तीनों अशुद्ध विकल्प हैं जबकि शुद्ध विकल्प (c) परीक्षा है।

**130.वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध का चयन कीजिए।**

**UP RO (Main), 2013**

(a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
(c) अनुग्रहित (d) आनुगृहीत

**उत्तर : (b)** वर्तनी की दृष्टि से दिये गये विकल्पों में शुद्ध शब्द **अनुगृहीत** है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

**131.वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है–**

**UP RO (Main), 2013**

(a) नरक (b) नर्क (c) न्रक (d) र्नक

**उत्तर : (a)** वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध विकल्प (a) **नरक** है, जबकि अन्य नर्क, न्रक और र्नक अशुद्ध हैं।

**132.वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध का चयन कीजिए।**

**UP RO (Main), 2013**

(a) टिपड़ी (b) टिप्पणि (c) टीप्पणी (d) टिप्पणी

**उत्तर : (d)** वर्तनी की दृष्टि से चारों विकल्पों में शुद्ध विकल्प (d) **टिप्पणी** है। अन्य तीनों विकल्प अशुद्ध हैं।

**133.किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?**

**UP RO (Pre.), 2010**

(a) लंगड़ (b) बुझक्कड़ (c) कोंकण (d) भुख्खड़

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों में लंगड़, बुझक्कड़ और कोंकण शब्द शुद्ध हैं। विकल्प (d) में दिया गया शब्द 'भुख्खड़' अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा 'भुक्खड़'।

**134.किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?**

**UP RO (Pre.), 2010**

(a) निरनुनासिक (b) छिद्रान्वेशी
(c) गत्यर्थ (d) अन्तश्चेतना

**उत्तर : (b)** निरनुनासिक, गत्यर्थ और अन्तश्चेतना तीनों शुद्ध हैं जबकि छिद्रान्वेशी अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप 'छिद्रान्वेषी' होगा।

**135.निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2010**

(a) कवयित्री (b) कवियित्री
(c) कवियत्री (d) कवित्री

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'कवयित्री' है न कि अन्य तीनों विकल्प।

**136.निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2010**

(a) शुश्रूषा (b) सुश्रूषा (c) सुश्रुषा (d) श्रुशूषा

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'शुश्रूषा' है न कि अन्य तीनों शब्द।

**137.शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2010**

(a) ईर्शा (b) ईर्षा (c) इर्षा (d) ईर्ष्या

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'ईर्ष्या' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

**138.निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –**

**UP RO (Pre.), 2010**

(a) उल्लंघन (b) मनोरथ
(c) उज्वल (d) वत्सल

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में उल्लंघन, मनोरथ और वत्सल सही शब्द है जबकि विकल्प (c) में दिया गया शब्द उज्वल शब्द अशुद्ध है। इसका शुद्ध वर्तनी रूप होगा - 'उज्ज्वल'।

**139.शुद्ध शब्द रूप है –**

**UP RO (Pre.), 2010**

(a) दुरनिवार (b) दुर्नीवार
(c) दुःनिवार (d) दुर्निवार

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'दुर्निवार' शुद्ध वर्तनी रूप है जबकि अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

**140. निम्नलिखित शब्दों में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिएः**

(a) महीना (b) अनुगृह
(c) क्रिया (d) सप्ताह

**KVS TGT Hindi, 2017**

**उत्तर : (b)** अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द अनुगृह है जिसका शुद्ध रूप- 'अनुग्रह' है। जबकि महीना, क्रिया तथा सप्ताह तीनों शुद्ध है।

**141. सही रूप है**

**UPSI, 2016**

(a) इकट्टा (b) इखट्टा
(c) इकट्ठा (d) इखट्ठा

| **उत्तर : (c)** | **अशुद्ध** | – | **शुद्ध** |
|---|---|---|---|
| | इकट्टा | – | इकट्ठा |
| | कनिष्ट | – | कनिष्ठ |
| | कुष्ट | – | कुष्ठ |
| | यत्थेष्ठ | – | यथेष्ठ |

**142. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिएः**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016**

(a) करमनासा (b) कर्मनाशा
(c) कर्मनाला (d) करमनाशा

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'कर्मनाशा' शुद्ध शब्द है जबकि अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**143. निम्नलिखित में से 'शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिएः**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016**

(a) उरिन (b) उरिण
(c) उऋन (d) उऋण

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों के आधार पर उऋण शुद्ध शब्द है जबकि अन्य शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**144. निम्न में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :**

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

(a) पुज्य (b) परिक्षण
(c) प्रान (d) परीक्षा

**उत्तर : (d)** दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'परीक्षा' है। शेष शब्द पुज्य, परिक्षण तथा प्रान वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं, जिनका शुद्ध रूप क्रमशः पूज्य, परीक्षण तथा प्राण है।

**145. निम्न में से कौन-से शब्द की वर्तनी शुद्ध है?**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016**

(a) वाल्मीकि (b) वाल्मिकी
(c) वाल्मीकी (d) वाल्मीक

**उत्तर : (a)** दिये गये शब्दों में से 'वाल्मीकि' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, शेष विकल्प वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं।

**146. सही रूप है**

(a) साहित्यक (b) साहित्यिक
(c) सहित्यक (d) सहित्यिक

**उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016**

**उत्तर : (b)** वर्तनी का सीधा सम्बन्ध उच्चारण से होता है। हिन्दी में जो बोला जाता है, वही लिखा जाता है। यदि उच्चारण अशुद्ध होगा तो वर्तनी भी अशुद्ध होगी। प्रायः अपनी बोली के कारण तथा व्याकरण सम्बन्धी ज्ञान की कमी के कारण अशुद्धियां आ जाती हैं, जिसके कारण वर्तनी में भी अशुद्धियाँ आ जाती है।

'इ', 'ई' सम्बन्धी अशुद्धियाँ

| **अशुद्ध** | – | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| सहित्यिक | – | साहित्यिक |
| आशिर्वाद | – | आशीर्वाद |
| इश्वर | – | ईश्वर |

**147. सही शब्द को पहचानिए।**

(a) सड्यंत्र (b) षड्यंत्र
(c) षड्यंत्र (d) षड्यंत्र

**UPSI Batch - III 22 Dec.2017**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों में 'षड्यंत्र' सही शब्द है।

**148. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द छांटिए।**

(a) क्रपा (b) किरपा
(c) कृपा (d) करिपा

**UPSI Batch - II 22 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में 'कृपा' शुद्ध शब्द है। इसके अतिरिक्त अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**149.''ब्राहमण'' शब्द के शुद्ध रूप का चयन करें।**

(a) ब्राम्हण (b) ब्राह्मण
(c) ब्राह्मन (d) ब्रह्म्ण

**UPSI Batch - I 22 Dec.2017**

**उत्तर : (b)** दिये गये विकल्पों में ब्राहमण शब्द का शुद्ध रूप– 'ब्राह्मण' है। अन्य सभी शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

**150. जिस शब्द में त्रुटि नहीं है, उसका चयन करें।**

(a) छत्रोछाया (b) छत्रीछाया
(c) छतरछाया (d) छत्रच्छाया

**UPSI Batch - I 22 Dec.2017**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पो में 'छत्रच्छाया' शब्द त्रुटिहीन है।

**151. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध छांटिये।**

(a) आभीराम (b) अभीराम
(c) अभिराम (d) अभिरम

**UPSI Batch - III 21 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द 'अभिराम' है। अन्य सभी शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

**152. मानक वर्तनी के आधार पर शुद्ध शब्द पहचानिए–**

(a) मृत्यूदंड (b) मरुत्युदण्ड
(c) मृत्यूदण्ड (d) मृत्युदंड

**UPSI Batch - I 21 Dec.2017**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्प के आधार शुद्ध शब्द- 'मृत्युदंड' होगा। शेष शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

**153. 'सँगम' शब्द में किस तरह की अशुद्धि है?**

(a) नुक्ता (b) रेफ
(c) अनुनासिक (d) अनुस्वार

**UPSI Batch - III 20 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** प्रश्नगत शब्द 'संगम' में अनुनासिक ध्वनि की अशुद्धि है। अतः शुद्ध शब्द 'संगम' होगा।

**154. वर्तनी सम्बन्धी सही शब्द पहचानिए।**

(a) अभीनेता (b) अवनती
(c) उन्नती (d) पूर्ति

**UPSI Batch - III 20 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** वर्तनी सम्बन्धी शुद्ध शब्द 'पूर्ति' है। शेष सभी शब्द अशुद्ध हैं जिनका शुद्ध रूप क्रमशः अभिनेता, अवनति तथा उन्नति है।

**155. मानक भाषा की दृष्टि से अशुद्ध शब्द पहचानिए।**

(a) हिन्दी (b) स्थाई
(c) हिन्दु (d) दायित्व

**UPSI Batch - III 20 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** मानक भाषा की दृष्टि से अशुद्ध शब्द 'हिन्दु' है; अन्य शब्द हिन्दी, स्थाई, दायित्व शुद्ध हैं।

**156. निम्न में से उचित शब्द का चयन करें।**

(a) उद्योगिक (b) ओद्योगिक
(c) औद्योगीक (d) औद्योगिक

**UPSI Batch - II 20 Dec.2017**

**उत्तर : (d)** दिये गये विकल्पों में 'औद्योगिक' वर्तनी के आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। शेष शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धियाँ हैं।

**157. निम्न में से सही शब्द चुनें।**

(a) आदर्श (b) आर्दश (c) आदरस (d) आदर्शा

**UPSI Batch - III 19 Dec.2017**

**उत्तर : (a)** प्रश्नगत विकल्पों में 'आदर्श' सही शब्द है। शेष शब्द अशुद्ध हैं।

**158. नीचे लिखे गए शब्दों में से सही शब्द पहचानिए।**

(a) त्यौहर (b) त्योहर
(c) त्योहार (d) तयोहार

**UPSI Batch - II 16 Dec.2017**

**उत्तर : (c)** दिये गये विकल्पों में सही शब्द 'त्योहार' है तथा शेष शब्दों में वर्तनीगत अशुद्धि है।

**159. निम्न शब्दों में से सही शब्द का चयन कीजिये–**

(a) मृदुल (b) मृदूल
(c) मृधुर (d) म्रदुल

**UPSI Batch - I 16 Dec.2017**

**उत्तर : (a)** दिये गये शब्दों में सही शब्द 'मृदुल' है। शेष विकल्प वर्तनीगत अशुद्धि के कारण गलत हैं।

**160. वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द का चयन करें–**

(a) पर्मार्थ (b) महर्षि
(c) आशीर्वाद (d) सूर्योदय

**UPSI Batch - I 16 Dec.2017**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द 'पर्मार्थ' है जिसका शुद्ध रूप 'परमार्थ' होता है। शेष सभी शब्द शुद्ध हैं।

**161. वर्तनी की दृष्टि से दिए गए विकल्पो में से अशुद्ध छांटिए।**

(a) उपर्युक्त (b) व्यंग
(c) पूजनीय (d) महीना

**UPSI Batch - III 15 Dec.2017**

**उत्तर : (b)** वर्तनी की दृष्टि से दिये गये विकल्प में अशुद्ध शब्द 'व्यंग' है। व्यंग का शुद्ध वर्तनी 'व्यंग्य' होती है। शेष शब्द– पूजनीय, उपर्युक्त, महीना शुद्ध शब्द हैं।

**162. निम्न शब्दों में से अशुद्ध शब्द पहचानिए।**

(a) रचियता (b) पूजनीय
(c) आँख (d) नरक

**UPSI Batch - I 12 Dec.2017**

**उत्तर : (a)** दिये गये विकल्पों में 'रचियता' शब्द अशुद्ध है; जिसका शुद्ध रूप– 'रचयिता' है। अन्य तीनों शब्द वतर्नीगत आधार पर शुद्ध हैं।

**163. वाक्य एवं वर्तनी शुद्धि –**

(i) श्रृंगार, श्रृंखला।
(ii) अनुकृति, अनुक्रिति।
(a) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी शुद्ध हैं।
(b) केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है।
(c) केवल (ii) की वर्तनी अशुद्ध है।
(d) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी अशुद्ध है।

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (d)** (i) और (ii) दोनों की वर्तनी अशुद्ध है। शुद्ध वर्तनी है शृंगार, शृंखला। अनुकृत, अनुकृति

**164. वाक्य एवं वर्तनी शुद्धि –**

(i) आसक्ति, पारितोषिक।
(ii) शुश्रुषा, शुबुद्धि।
(a) केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है।
(b) केवल (ii) की वर्तनी शुद्ध है।
(c) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी शुद्ध है।
(d) (i) और (ii) दोनों की वर्तनी अशुद्ध है।

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**उत्तर : (a)** केवल (i) की वर्तनी शुद्ध है। (i) आसक्ति, पारितोषिक जबकि (ii) की शुद्ध वर्तनी होगा - शुश्रूषा, सुबुद्धि।

**165.'हस्ताक्षेप' का शुद्ध शब्द है –**

(a) 'हस्थोक्षेप (b) हस्तकक्षेप
(c) हस्तक्षेप (d) हस्तक्षेंप

**UP TGT 2010**

**उत्तर : (c)** प्रश्नगत शब्द 'हस्ताक्षेप' का शुद्ध रूप 'हस्तक्षेप' है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण है।

# 04.

# संज्ञा

1. **व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को क्या कहते हैं?**
   (a) संज्ञा। (b) सर्वनाम।
   (c) क्रिया। (d) विशेषण।
   **UPSI Batch - I 20 Dec.2017**

**Ans. (a) :** किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं जबकि संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जिन शब्दों से काम का करना या होना पाया जाता है उसे क्रिया कहते हैं और संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

2. **'संज्ञा' का भेद नहीं होता–**
   **UPP Constable 18.06.2018 II^nd Shift**
   (a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
   (c) निजवाचक (d) भाववाचक

**Ans : (c)** अधिकांश वैयाकरण के अनुसार संज्ञा पाँच प्रकार की होती है– व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा, द्रव्यवाचक संज्ञा, समूहवाचक संज्ञा एवं भाववाचक संज्ञा। अतः निजवाचक, संज्ञा का भेद नहीं है बल्कि यह सर्वनाम का भेद है।

3. **हिंदी में शब्दों का लिंग-निर्धारण किसके आधार पर होता है? निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प को चिह्नित कीजिए:**
   (a) संज्ञा (b) विशेषण
   (c) क्रिया (d) सर्वनाम
   **KVS TGT Hindi, 2016**

**Ans. (a) :** हिन्दी में शब्दों के लिंग निर्धारण 'संज्ञा' के आधार पर होता है, जबकि विशेषण क्रिया तथा सर्वनाम तीनों उत्तर की दृष्टि से असंगत हैं।

4. **वचन किसके लिए प्रयोग किये जाते हैं?**
   (a) संज्ञा (b) सर्वनाम
   (c) विशेषण (d) अलंकार
   **UPSI Batch - II 21 Dec.2017**

**Ans. (a) :** वचन का प्रयोग संज्ञा के लिए किया जाता है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि सर्वनाम, विशेषण और क्रियाओं के रूप मूलतः संज्ञाओं पर आश्रित हैं इसलिए 'वचन' में संज्ञा-शब्दों का रूपान्तर होता है।

5. **बाप का संबंधवाचक संज्ञा रूप होगा:**
   **UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**
   (a) बापा (b) बापती
   (c) बपौता (d) बपौती

**Ans. (d) :** बाप का संबंधवाचक संज्ञा रूप 'बपौती' है।

6. **निम्न में संज्ञा शब्द है –**
   (a) गंगा (b) पुराना
   (c) नीला (d) मोटा

**Ans : (a)** किसी वस्तु, प्राणी, स्थान,...... आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं। संज्ञा के पाँच प्रकार होते हैं–
**1. व्यक्तिवाचक संज्ञा-** राम, गंगा, पटना..... आदि।
**2. जातिवाचक संज्ञा –**नदी, पर्वत, देश, महासागर .... आदि।
**3. द्रव्यवाचक संज्ञा –**सोना, चाँदी, तेल, पानी, घी..... आदि।
**4. समूहवाचक संज्ञा –** टीम, वर्ग, आयोग, पुलिस, सेना, परिवार..... आदि।
**5.भाववाचक संज्ञा –** मिठास, बुढ़ापा, नारीत्व, भोलापन, दया..... आदि।

7. **निम्नलिखित विशेषणों में से संज्ञा को पहचानिए:**
   **UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**
   (a) आसमानी (b) नियमित
   (c) पाश्चात्य (d) अनुशासन

**Ans : (d)** निम्नलिखित विशेषणों में से 'अनुशासन' संज्ञा है, जबकि– आसमानी, नियमित और पाश्चात्य विशेषण शब्द हैं। 'अनुशासन' शब्द से बना विशेषण 'अनुशासित' है। किसी व्यक्ति या वस्तु के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं। जैसे– राम, श्याम, मोहन, हिमालय, इलाहाबाद इत्यादि और जो संज्ञा, सर्वनाम की विशेषता बतलाए उसे 'विशेषण' कहते हैं। जैसे– श्याम की गाय काली है। इसमें काली विशेषण पद है।

8. **निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा के रूप में क्या प्रयोग किया गया है?**
   **''वह इनमें से एक को जानता है।''**
   **UPPCL ARO, 2018**
   (a) है (b) वह
   (c) इनमें (d) एक

**Ans : (d)** 'वह इनमें से एक को जानता है।' वाक्य में 'एक' संज्ञा के रूप में प्रयोग किया गया है। जैसे– वह इनमें से श्याम को जानता है।

**निर्देश: निम्नलिखित प्रश्नों में संज्ञा शब्द पहचानिए।**

9. (a) मीठा (b) मधुर
   (c) चतुर (d) चातुर्य
   **UPPCL RO/ARO, 2016**

**Ans : (d)** 'चातुर्य' 'संज्ञा पुल्लिंग' शब्द है। शेष दिये गये तीनों विकल्प (मीठा, मधुर, चतुर) विशेषण शब्द है। इनसे निर्मित संज्ञा इस प्रकार है–मिठास, मधुरता एवं चतुराई।

10. **वह यौवन में परिश्रम करता रहा। वाक्य रेखांकित पद है :**
    **इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017**
    (a) विशेषण (b) संज्ञा
    (c) क्रिया विशेषण (d) क्रिया

**Ans : (b)** दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'यौवन' 'संज्ञा' है। यह एक 'भाववाचक संज्ञा' है। किसी भाव, गुण, दशा आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा होते हैं। जैसे- मिठास, कालिमा, क्रोध आदि। भाववाचक संज्ञाओं का निर्माण जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया से होता है।

लाल (विशेषण)- लालिमा (भाववाचक संज्ञा)

अपना (सर्वनाम) - अपनत्व (भाववाचक संज्ञा)

**11. निम्न में संज्ञा शब्द है :**

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

(a) हरा (b) पतला

(c) सभा (d) गहरा

**Ans : (c)** दिये गये शब्दों में 'सभा' शब्द समूहवाचक संज्ञा है, जबकि अन्य शब्द 'हरा', 'पतला' तथा 'गहरा' विशेषण शब्द हैं। समूहवाचक संज्ञा के अन्य प्रमुख उदाहरण– सेना, पुलिस, परिवार, समिति, वर्ग, कर्मचारी आदि हैं।

**12. सूची–I में दिए गए संज्ञा को सूची–II में दिए गए संज्ञा के भेद से सुमेलित कीजिए तथा विकल्पों में से सही उत्तर चुनिएः**

**A. जुलाई** **I. व्यक्तिवाचक**

**B. मैना** **II. जातिवाचक**

**C. कुंज** **III. द्रव्यवाचक**

**D. पानी** **IV. समूहवाचक**

**UPSSSC Tube well operator, 12-01-2019**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | III | IV | I | II |
| (b) | IV | III | II | I |
| (c) | II | I | III | IV |
| (d) | I | II | IV | III |

**Ans : (d)**

| **सूची- I** | **सूची- II** |
|---|---|
| जुलाई | – व्यक्तिवाचक |
| मैना | – जातिवाचक |
| कुंज | – समूहवाचक |
| पानी | – द्रव्यवाचक |

**व्यक्तिवाचक संज्ञा–** जिन संज्ञाओं से किसी एक वस्तु या व्यक्ति का बोध हो उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। इसके अन्तर्गत व्यक्तियों, दिशाओं, देशों, समुद्रों, नदियों, पर्वतों, नगरों, चौकों, सड़कों, पुस्तकों, समाचार पत्रों, ऐतिहासिक युद्धों और घटनाओं, दिनों, महीनों, त्योहारों तथा उत्सवों के नाम शामिल किये जाते हैं।

**जातिवाचक संज्ञा–**जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, जातिवाचक संज्ञाएँ कहलाती हैं। सम्बन्धियों, व्यवसायों, पदों और कार्यों के नाम, पशु-पक्षियों के नाम, वस्तुओं के नाम तथा प्राकृतिक तत्त्वों के नाम इसी के अंतर्गत आते हैं।

**द्रव्यवाचक संज्ञा–**नाप-तौल वाली वस्तुओं का बोध कराने वाली संज्ञाएँ, द्रव्यवाचक संज्ञा कहलाती हैं। जैसे– लोहा, सोना, चाँदी, दूध, पानी, तेल, तेजाब।

**समूह वाचक संज्ञा–**इससे वस्तु तथा व्यक्ति के समूह का बोध होता है। जैसे– सभा, दल, गिरोह, गुच्छा, कुंज, मंडल आदि।

**13. निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प में सभी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं?**

(a) राम, रामचरितमानस, गंगा

(b) कृष्ण, कामायनी, मिठास

(c) लखनऊ, आम, बुढ़ापा

(d) ममता, वकील, पुस्तक

**ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा, 2016**

**Ans : (a)** वह संज्ञा जो किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान का बोध कराती है उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहा जाता है। राम, रामचरितमानस, गंगा व्यक्तिवाचक संज्ञायें हैं। कृष्ण, कामायनी व्यक्तिवाचक एवं मिठास भाववाचक इसी तरह लखनऊ व्यक्तिवाचक, आम जातिवाचक एवं बुढ़ापा भाववाचक ठीक इसी प्रकार ममता व्यक्तिवाचक, पुस्तक, वकील जातिवाचक संज्ञा है।

**14. 'रहीम' किस तरह की संज्ञा है? नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिएः**

(a) व्यक्तिवाचक (b) भाववाचक

(c) जातिवाचक (d) समूहवाचक

**KVS PGT Hindi, 2017**

**Ans. (a) :** 'रहीम' शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है। किसी वस्तु स्थान तथा व्यक्ति के नाम से केवल उसी (एक का) बोध हो तो उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- राम सीता गंगा आदि।

**15. संज्ञा शब्द कावेरी का भेद क्या है?**

(a) व्यक्तिवाचक (b) समूहवाचक

(c) जातिवाचक (d) भाववाचक

**UPPCL RO/ARO, 2016**

**Ans : (a) व्यक्तिवाचक संज्ञा–** जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष वस्तु, स्थान या व्यक्ति का बोध हो, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे– कावेरी, गंगा, रामायण, गीता, राम, कृष्ण, शशि, मोहन, इलाहाबाद, कम्प्यूटर आदि।

**16. कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा है?**

(a) मिठाई (b) मीठी

(c) मिठास (d) मीठा

**UPPCL TG2 , 2015**

**Ans: (c)** दिये गये विकल्पों में 'मिठास' भाववाचक संज्ञा है। वे संज्ञा शब्द; जिनसे किसी व्यक्ति के गुण, स्थिति, दशा, भाव या विशेषता के नाम का बोध हो, भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे – मधुरता, सुन्दरता, लम्बाई, चौड़ाई, तीव्रता, अमीरी, गरीबी आदि।

**17. फिसलन______है।**

**UPSI, 2016**

(a) विशेषण (b) क्रियापद

(c) भाववाचक संज्ञा (d) क्रिया विशेषण

**उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016**

**Ans : (c)** भाववाचक संज्ञा– किसी भाव, गुण, दशा आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द भाववाचक संज्ञा होते हैं, जैसे– क्रोध, मिठास, यौवन, कालिमा आदि।

–भाववाचक संज्ञाओं का निर्माण जाति वाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया तथा अव्यय में,–आव,–त्व–पन–अव,–इमा, –ई,–ता, हट आदि प्रत्यय जोड़कर किया जाता है।

जैसे– फिसलन, लालिमा, समीपता, पुरुषत्व।

**18. जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय शब्दों से ........... शब्द बनाए जाते हैं।**

(a) भाववाचक संज्ञा (b) वचन
(c) पुल्लिंग शब्द (d) कारक

**UPSI Batch - I 21 Dec.2017**

**Ans : (a)** जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया अव्ययों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाये जाते हैं।

**19. नीचे लिखे वाक्य के खाली स्थान को भाववाचक संज्ञा से पूरा कीजिए।**
**उसका सारा सौंदर्य उसकी...........में है।**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016**

(a) आँखों (b) बालों
(c) हँसी (d) मुखमंडल

**Ans : (c)** उपर्युक्त वाक्य के खाली स्थान में हँसी शब्द का प्रयोग होगा। 'हँसी' भाववाचक संज्ञा है। इस प्रकार पूर्ण वाक्य होगा- उसका सारा सौंदर्य उसकी हँसी में है।

**20. ''मना'' की भाववाचक संज्ञा क्या है?**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) मनाही (b) मनसा
(c) मानस (d) मन

**Ans : (a)** मना का भाववाचक संज्ञा 'मनाही' होगा, जबकि मनसा, मानस और मन तीनों असंगत हैं।

**21. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द है?**

**ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 04-12-2016**

(a) अमीर, गरीब, समूह, मिठास
(b) जवानी, खट्टास, पुस्तक, गंगा
(c) रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति
(d) धैर्य, चालाकी, उदासी, सूर्य

**Ans. (c) :** दिये गये विकल्पों में 'रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति' सभी शब्द 'भाववाचक संज्ञा' हैं। जिस शब्द से किसी भाव, गुण, दशा आदि के ज्ञान का बोध होता है, वह भाववाचक संज्ञा कहलाता है; जैसे–नारीत्व, वीरता, थकान, समीपता आदि।

**22. 'मीठा' की भाववाचक संज्ञा होगी –**

(a) मिठाई (b) मिठास
(c) मीठी (d) मधुर
(e) मिठुआ

**(Chhattisgarh PSC (Pre) 2012-13)**

**Ans : (b)** मीठा की भाववाचक संज्ञा 'मिठास' होगी। वे संज्ञा शब्द जिससे व्यक्ति या वस्तु के गुण, धर्म, दशा या व्यापार का बोध होता है उसे 'भाववाचक संज्ञा' कहते हैं; जैसे - लम्बाई, नम्रता, मिठास, बुढ़ापा आदि।

**23. निम्नलिखित में से कौन-सी भाववाचक संज्ञा है?**

(a) भारत (b) लड़का
(c) मित्रता (d) पेड़

**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**Ans : (c) भाववाचक संज्ञा-**मित्रता, मूर्खता, घबराहट, बुढ़ापा, पाण्डित्य। भारत, पाकिस्तान, गंगा, मोहन, रविवार, सोमवार आदि 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' हैं। लड़का, पेड़, गाय, पुस्तक, टेबुल, पशु, पक्षी आदि 'जातिवाचक संज्ञा' हैं।

**24. निम्न में कौन सी भाववाचक संज्ञा है?**

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

(a) दिल्ली (b) लड़का
(c) मोहन (d) बीमारी

**Ans : (d) 'बीमारी'** भाववाचक संज्ञा है। जिस संज्ञा (नाम या शब्द) से किसी भाव, दशा, धर्म, गुण या कार्य का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे– मनुष्यता, चलन, सजावट, सरलता, गरीबी, गरमी आदि। दिल्ली व मोहन व्यक्तिवाचक संज्ञा हैं।

**25. '<u>बुढ़ापा</u> एक प्रकार का अभिशाप हैं।' रेखांकित शब्द की संज्ञाः**

(a) जातिवाचक (b) भाववाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) समूहवाचक

**असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015**

**Ans : (b) 'बुढ़ापा'** भाववाचक संज्ञा है। जिस शब्द से व्यक्तियों या वस्तुओं की पूरी जाति का बोध हो उसे 'जातिवाचक संज्ञा'कहा जाता है, जैसे- लड़का, गाय, घर, शिक्षक, मंत्री। जिस शब्द से एक ही व्यक्ति या वस्तु का बोध हो उसे 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहा जाता है, जैसे- राम, गंगा, पटना, रामायण। जिस शब्द से अनेक वस्तुओं या प्राणियों के समूह का बोध हो उसे 'समूहवाचक संज्ञा' कहा जाता है, जैसे- परिवार, संघ, ढेर।

**26. ''वैधव्य'' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण .......... से बना है।**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) वैध (b) वैधानिक
(c) विधवा (d) विवाह

**Ans : (c)** 'वैधव्य' एक भाव वाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण **विधवा** से बना है। अतः रिक्त स्थान पर विधवा शब्द होगा।

**27. ''शूर'' की भाववाचक संज्ञा क्या है?**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) शौर्य (b) शूरपन
(c) शौर्यता (d) शूरवीरता

**Ans : (a)** ''शूर'' का भाववाचक संज्ञा शौर्य है।
अर्थ की दृष्टि से संज्ञा पाँच प्रकार की होती है–

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा–**मोहन, राम, श्याम, यमुना, पटना, भारत, आदि
2. **जातिवाचक संज्ञा–**लड़का, लड़की, देश, पर्वत, नदी, आदि।
3. **द्रव्यवाचक संज्ञा–**सोना, चाँदी, तेल, पानी, ऑक्सीजन, धुआँ आदि।
4. **समूहवाचक संज्ञा–**टीम, आयोग, पुलिस, कर्मचारी, परिवार, आयोग आदि।

**5. भाववाचक संज्ञा–**मिठास, यौवन, दया, कृपा, आदि।

भाववाचक संज्ञा को जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय से बनाया जाता है। जैसे–

| | शब्द | | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| 1. | शूर | – | शौर्य |
| 2. | पुरुष | – | पुरुषत्व |
| 3. | वीर | – | वीरत्व/वीरता |
| 4. | निकट | – | निकटता |

**28. ''कालिमा'' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण ............ से बना है।**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) काल (b) लालिमा
(c) काला (d) कालापन

**Ans : (c)** ''कालिमा'' एक भाववाचक संज्ञा है, जो कि विशेषण ''काला'' से बना है। भाववाचक संज्ञाओं का निर्माण, जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया तथा अव्यय में– आव, त्व, पन, ई, ता, हट..... आदि प्रत्यय जोड़कर बनाये जाते हैं।

| | विशेषण शब्द | | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| 1. | सुन्दर | – | सुन्दरता |
| 2. | वीर | – | वीरता/वीरत्व |
| 3. | काला | – | कालिमा |
| 4. | लाल | – | लालिमा |

**निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में भाववाचक संज्ञा पहचानिए।**

**29.** (a) बंधुत्व (b) क्षत्रिय
(c) पुरुष (d) प्रभु

**UPPCL RO/ARO, 2016**

**Ans : (a) भाववाचक संज्ञा**– जिस शब्द से व्यक्ति के गुणधर्म, भाव या दशा, व्यापार का बोध हो उसे 'भाववाचक संज्ञा' कहा जाता है; जैसे– बचपन, अपनापन, बुढ़ापा, बंधुत्व, लड़कपन, प्रेम, ईर्ष्या, मिठास, आदि।

**30.** (a) सुंदर (b) सौंदर्य
(c) निर्बल (d) निपुण

**UPPCL RO/ARO, 2016**

**Ans : (b)** 'सौन्दर्य' शब्द 'भाव वाचक संज्ञा' है। 'सुन्दर' विशेषण शब्द का भाववाचक संज्ञा सुन्दरता/सौन्दर्य होता है।

**31. '<u>स्वतंत्रता</u> सबको प्यारी होती है।' वाक्य के रेखांकित शब्द का संज्ञा भेद है–**

**लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018**

(a) जातिवाचक संज्ञा (b) भाववाचक संज्ञा
(c) गुणवाचक संज्ञा (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** '<u>स्वतंन्त्रता</u> सबको प्यारी होती है।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'स्वतंत्रता' भाववाचक संज्ञा है। वे शब्द जो किसी भाव, गुण, दशा आदि का बोध कराते हैं, 'भाववाचक संज्ञा' कहलाते हैं। जैसे– लालिमा, मिठास, घृणा, यौवन, क्रोध आदि।

**32. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा है?**

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

(a) खटाई (b) मिठाई
(c) दूध (d) ठण्ड

**Ans : (c)** जिस संज्ञा से **नाप–तौल वाली वस्तु** का बोध हो, उसे 'द्रव्यवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे– लोहा, सोना, चाँदी, दूध, पानी, तेल इत्यादि। द्रव्यवाचक संज्ञाएँ सदैव एकवचन में प्रयुक्त होती हैं। दिये गये विकल्पों में से दूध द्रव्यवाचक संज्ञा है। शेष खटाई, मिठाई और ठंड भाववाचक संज्ञाएँ हैं। खटाई, मिठाई का तात्पर्य क्रमशः खटास, मिठास से है।

**33. ''दूध'' शब्द ......... संज्ञा का उदाहरण है–**

UPPCL JE Electrical, 2016

(a) जातिवाचक (b) द्रव्यवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

**Ans : (b)** दूध शब्द 'द्रव्यवाचक' संज्ञा का उदाहरण है। जिस संज्ञा शब्द से उस सामाग्री या पदार्थ का बोध होता है, जिससे वह वस्तु बनी है तो उसे द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे–सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा, ऊन आदि।

**34. जिस संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो उन्हें कहते हैं:**

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) द्रव्यवाचक संज्ञा

**Ans : (b)** जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध होता है उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे – देश, नदी,पर्वत, लड़का, पठार, मरुस्थल इत्यादि।

**1. व्यक्तिवाचक संज्ञा –** किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु का बोध कराने वाले शब्दों को 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं, जैसे – राम, गंगा, हिमालय, गीता, आदि।

**2. भाववाचक संज्ञा-** किसी भाव, गुण, दशा आदि का ज्ञान कराने वाले शब्द 'भाववाचक संज्ञा' होते हैं, जैसे- दया, कृपा, यौवन, गुरुत्व आदि।

**3. द्रव्यवाचक संज्ञा-** जिस संज्ञा शब्द से किसी सामग्री या पदार्थ का बोध होता है, जैसे- सोना, चाँदी, पानी, घी, ऑक्सीजन, आदि।

**4. समूहवाचक संज्ञा-** जिस संज्ञा शब्द से समूह/समुदाय का बोध होता है, उसे समूहवाचक संज्ञा कहते है। जैसे- टीम, समिति, आयोग, परिवार, सेना, अधिकारी .... आदि।

**35. समुद्रगुप्त ''भारत का नेपोलियन'' था। यहाँ नेपोलियन किस प्रकार की संज्ञा का उदाहरण है?**

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

**आडीटर परीक्षा, 1993**

**Ans : (b)** समुद्रगुप्त 'भारत का नेपोलियन था''। यहाँ नेपोलियन जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है। जब कोई शब्द अपने नाम रूप का त्याग कर दें और दूसरे का नाम रूप ग्रहण करे तो वह 'जातिवाचक संज्ञा' कहलाती है। जैसे - महात्मा गाँधी आज के समय में कृष्ण थे।

**36. जातिवाचक संज्ञा शब्द है-**

(a) कामायनी (b) आम
(c) रसीला (d) वकील

***आडीटर परीक्षा, 1993***

**Ans : (d)** जिस संज्ञा शब्द से उसकी सम्पूर्ण जाति का बोध होता है, उसे 'जातिवाचक' संज्ञा कहते हैं। जैसे- मनुष्य, नदी, भैंस, वकील, नगर, डॉक्टर आदि।

**37. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द कौन-सी संज्ञा दर्शाता है?**
**इतिहास में कई चन्द्रगुप्त मिलते हैं।**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) व्यक्तिवाचक (b) भाववाचक
(c) क्रियार्थक (d) जातिवाचक

**Ans : (d)** दिये गये वाक्य 'इतिहास में हमें कई चन्द्रगुप्त मिलते हैं' में 'चन्द्रगुप्त' जातिवाचक संज्ञा है, क्योंकि वाक्य में 'चन्द्रगुप्त' अनेक के लिए प्रयुक्त हुआ है।

**38. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है?**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016**

(a) पर्वत (b) मिठास
(c) कर्मचारी (d) गंगा

**Ans : (a)** जो संज्ञा किसी जाति का बोध कराती है, जातिवाचक संज्ञा कहलाती है; जैसे- नदी, पर्वत, लकड़ी आदि।

**39. निम्नलिखित में से क्या व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं है?**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) कौआ (b) होली
(c) हिमालय (d) पूर्व

**Ans : (a)** कौआ व्यक्तिवाचक संज्ञा नहीं, बल्कि जातिवाचक संज्ञा है। जातिवाचक संज्ञा से किसी जाति का बोध होता है जैसे– गाय, नदी, पेड़ आदि। व्यक्तिवाचक संज्ञा से किसी व्यक्ति विशेष का बोध होता है जैसे– गंगा, राम, इलाहाबाद आदि।

**40. 'गाय' कौन सी संज्ञा है?**

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) द्रव्यवाचक

**Ans : (b)** 'गाय' जातिवाचक संज्ञा है। संज्ञा के इस रूप में व्यक्तियों या वस्तुओं की पूरी जाति का बोध होता है; जैसे– लड़का, भाई, घोड़ा, मोर, किताब, शिक्षक, मंत्री आदि।

**41. पशु चर रहे हैं। रेखांकित पद हैः**

**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) द्रव्यवाचक संज्ञा

**Ans. (b) :** पशु चर रहे हैं। रेखांकित पद जातिवाचक संज्ञा है।
**जातिवाचक संज्ञा–** ऐसे शब्द जिनसे किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान की सम्पूर्ण जाति का बोध हो 'जातिवाचक संज्ञा' कहलाते हैं। जैसे–मोबाइल, गाँव, स्कूल, आदमी, जानवर, पर्वत, लड़का आदि।

**42. 'राज्यपाल' में कौन सी संज्ञा है-**

(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) भाववाचक (d) समूहवाचक

**लोअर-1 परीक्षा, 2015**

**Ans : (b)** 'राज्यपाल' जातिवाचक संज्ञा शब्द है। जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। विभिन्न संबंधियों, व्यवसायों, पदों और कार्यों का नाम जातिवाचक संज्ञा होती है। जैसे- बहन, भाई, अध्यापक, मंत्री, चोर आदि।

**43. ''गरीबों'' की सहायता करो। ''गरीब'' शब्द क्या है?**

(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) जातिवाचक संज्ञा (d) भाववाचक संज्ञा

**वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**Ans : (c)** 'गरीब' शब्द जातिवाचक संज्ञा है। जब किसी शब्द से पूरे समुदाय का बोध हो तो उसे 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं। जैसे - छात्र, गरीब, अमीर, व्यापारी, अधिकारी आदि।

**44. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द समूहवाचक संज्ञा नहीं है?**

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

(a) सभा (b) कक्षा
(c) भीड़ (d) दौड़

**Ans : (d)** जिस संज्ञा से वस्तु अथवा व्यक्ति के समूह का बोध हो उसे 'समूहवाचक संज्ञा' कहते है। जैसे- सभा, कक्षा, भीड़ समूहवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं। 'दौड़' समूहवाचक संज्ञा नहीं है, यह भाववाचक संज्ञा है।

**45. 'कक्षा' शब्द हिंदी व्याकरण के अनुसार 'संज्ञा' के भेदों की किस श्रेणी में आता है?**

(a) समूहवाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) जातिवाचक संज्ञा

**Ans. (a) :** 'कक्षा' समूहवाचक संज्ञा है। संज्ञा (व्यक्ति, वस्तु, स्थान, दशा, गुण इत्यादि का नाम) के पाँच भेद हैं–

| | |
|---|---|
| **(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा–** | राम, इलाहाबाद, भारत, हिमालय, गीता आदि। |
| **(2) जातिवाचक संज्ञा–** | गाय, भैंस, लड़का, स्त्री, पुरुष आदि। |
| **(3) समूहवाचक संज्ञा–** | कक्षा, टीम, परिवार, सेना, सरकार, जनता आदि। |
| **(4) द्रव्यवाचक संज्ञा–** | सोना, चाँदी, दूध, पानी, लकड़ी, मिट्टी आदि। |
| **(5) भाववाचक संज्ञा–** | मूर्खता, बालपन, सुन्दरता, विद्वत्ता, वैधत्व आदि। |

**46. निम्नलिखित वाक्य में क्रियार्थक संज्ञा क्या है?**
**''मंत्रीजी के ठहरने की व्यवस्था कीजिये।''**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) मंत्रीजी (b) ठहरने
(c) व्यवस्था (d) कीजिये

**Ans : (b)** दिये गये वाक्य 'मंत्री जी के ठहरने की व्यवस्था कीजिए' वाक्य में 'ठहरने' क्रियार्थक संज्ञा है। वह संज्ञा जो किसी कार्य या क्रिया का भी अर्थ देती हो, उसे क्रियार्थक संज्ञा कहते हैं।

**47. क्रियार्थक संज्ञा सदा किस रूप में रहती है?**

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

(a) बहुवचन पुल्लिंग (b) एकवचन पुल्लिंग
(c) एकवचन स्त्रीलिंग (d) बहुवचन स्त्रीलिंग

**Ans. (b) :** जब क्रिया संज्ञा की तरह व्यवहार में आती हो तो ऐसी क्रिया को 'क्रियार्थक संज्ञा' कहते हैं। यह **सदैव एकवचन पुल्लिंग** में रहती है। उदाहरण 'टहलना' स्वास्थ्य के लिये अच्छा है। यहाँ 'टहलना' क्रियार्थक संज्ञा है।

**48. 'समिति' शब्द हिन्दी व्याकरण के अनुसार 'संज्ञा' के भेदों की किस श्रेणी में आता है?**

**UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018**

(a) समूह वाचक संज्ञा (b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) जातिवाचक संज्ञा

**Ans : (a)** 'समिति' शब्द हिन्दी व्याकरण के अनुसार 'संज्ञा' के भेद की समूहवाचक संज्ञा के अन्तर्गत आता है। दिये गये अन्य भेद असंगत हैं।

**49. निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा पदबंध क्या है?**
**घर के आँगन में लगे पेड़ सूख गए।**

(a) घर के
(b) पेड़ सूख गए
(c) घर के आँगन
(d) घर के आँगन में लगे पेड़

**Ans. (d) :** 'घर के आँगन में लगे पेड़' संज्ञा पदबन्ध है। वाक्य में संज्ञा का काम करने वाला पद समूह संज्ञा पदबंध कहलाता है।
**उदाहरण :** भारत के प्रधानमंत्री, रात को पहरा देने वाला।

**50. पुरस्कार पाने वालों में कुछ हमारे विद्यालय के छात्र हैं। रेखांकित पदबंध है**

(a) संज्ञा (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) क्रिया-विशेषण

**NVS TGT Hindi, 2016**

**Ans. (a) :** ''पुरस्कार पाने वालों में कुछ हमारे विद्यालय के छात्र हैं।'' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध 'संज्ञा पदबंध' है, जबकि विशेषण, क्रिया, क्रिया विशेषण तीनों गलत पदबंध दिये गये हैं।

**51. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है?**
**''<u>देशभर के दलित</u> अब बेरोजगार नहीं रहेंगे।''**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) क्रिया विशेषण (b) संज्ञा
(c) सर्वनाम (d) क्रिया

**Ans : (b)** ''देशभर के दलित अब बेरोजगार नहीं रहेंगे।'' वाक्य में 'देशभर के दलित' में संज्ञा पदबंध हैं। जो पदबंध वाक्य में संज्ञापद का कार्य करते हैं, वे संज्ञा पदबंध कहलाते हैं।

**52. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है?**
**''<u>पड़ोस में रहने वाला शक्ति</u> एक मेधावी छात्र है।''**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) सर्वनाम (d) क्रिया

**Ans : (b)** दिये गये वाक्य '**<u>पड़ोस में रहने वाला शक्ति</u>**' एक मेधावी छात्र है। वाक्य में रेखांकित शब्द संज्ञा पद्बन्ध है। जब एक से अधिक पद मिलकर संज्ञा का काम करें, तो उस पदबन्ध को संज्ञा पदबन्ध कहते हैं।

**53. निम्नलिखित वाक्य में संज्ञा पदबंध क्या है?**
**सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कार मिलेगा।**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) पुरस्कार मिलेगा
(b) सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों
(c) सभी प्रश्नों के उत्तर
(d) बच्चों को

**Ans : (b)** दिये गये वाक्य में संज्ञा पदबंध 'सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों', होगा।
<u>सभी प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों</u> को पुरस्कार मिलेगा।
संज्ञा पदबंध

**54. जलेबी में <u>मिठास</u> अधिक है। रेखांकित शब्द का विशेषण बताइए।**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'D' परीक्षा, 2016**

(a) मिठाई (b) मीठापन
(c) मीठा (d) चीनी

**Ans : (c)** प्रश्नगत वाक्य 'जलेबी में मिठास अधिक है' में रेखांकित शब्द 'मिठास' भाववाचक संज्ञा है। इसका विशेषण 'मीठा' होगा।

**55. ''गाँधी को राष्ट्रपिता कहा गया है।'' वाक्य में संज्ञा किस से किस रूप में परिवर्तित हो रही है?**

(a) जातिवाचक से व्यक्तिवाचक
(b) व्यक्तिवाचक से जातिवाचक
(c) व्यक्तिवाचक से भाववाचक
(d) भाववाचक से जातिवाचक

**UPSI Batch - I 14 Dec.2017**

**Ans :(c)** ''गाँधी को राष्ट्रपिता कहा गया है।'' इस वाक्य में संज्ञा व्यक्तिवाचक से भाववाचक में परिवर्तित हुई है।

**56. अचूक विशेषण के साथ उपयुक्त संज्ञा है :**

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

(a) चोट (b) नेत्र
(c) निशाना (d) जवाब

**Ans. (c)** अचूक विशेषण के साथ उपयुक्त संज्ञा शब्द 'निशाना' है। शेष संज्ञा शब्द उपयुक्त नहीं हैं।

# 05.

# सर्वनाम

1. **निम्नलिखित में से किस वाक्य में सर्वनाम का प्रयोग हुआ है–**

**UPP Constable, 2017**

(a) आज बरसात होगी (b) मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ
(c) घर का काम कर लो (d) सीमा और रीमा बहनें हैं

**Ans : (b)** जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उसे सर्वनाम कहते हैं। मैं, तू, आप, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या आदि सर्वनाम हैं। जैसे– मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ। वाक्य में 'मैं' शब्द सर्वनाम है। हिन्दी में सर्वनाम के छः (6) भेद हैं–
1. पुरुषवाचक 2. निजवाचक
3. निश्चयवाचक 4. अनिश्चयवाचक
5. सम्बन्धवाचक 6. प्रश्नवाचक

2. **सर्वनाम के कुल कितने भेद होते हैं?**

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**
**वनरक्षक परीक्षा 2015**

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**Ans : (b)** जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। सर्वनाम के छः भेद होते हैं–
(1) पुरुषवाचक सर्वनाम (2) निश्चयवाचक सर्वनाम
(3) निजवाचक सर्वनाम (4) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(5) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (6) प्रश्नवाचक सर्वनाम

3. **हिन्दी में कुल कितने सर्वनाम है?**

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

(a) 9 (b) 10
(c) 11 (d) 12

**Ans : (c)** हिंदी में मान्य सर्वनामों की संख्या 11 है जो इस प्रकार हैं- मैं, तू, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या।

4. **कौन सा सर्वनाम का भेद नहीं है?**

**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

(a) पुरुषवाचक (b) गुणवाचक
(c) निजवाचक (d) प्रश्नवाचक

**Ans. (b) :** गुणवाचक सर्वनाम का भेद नहीं है। यह विशेषण का भेद है। सर्वनाम के छः भेद होते हैं–
1. पुरुषवाचक 2. निश्चयवाचक
3. अनिश्चयवाचक 4. संबंधवाचक
5. प्रश्नवाचक 6. निजवाचक सर्वनाम।

5. **'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?**

(a) उत्तम पुरुष (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष (d) इनमें से कोई नहीं

**लोअर-2 परीक्षा, 2015**

**Ans : (a)** बोलने वाले वक्ता को 'उत्तम पुरुष' कहा जाता है। जैसे- मैं, हम, परन्तु सर्वनाम में कारकों की विभक्तियाँ लगाने से इसके रूप में विकृति आ जाती है। जैसे- मैं मुझे, मेरा, मुझसे, मुझको आदि। अतः 'मुझे' उत्तम पुरुष का सर्वनाम है।

6. **निम्नलिखित में सर्वनाम है–**

**UPP Constable, 19.06.2018 I[st] Shift**

(a) यह (b) सभा
(c) मनुष्य (d) हिमालय

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'यह' सर्वनाम है, जबकि सभा, मनुष्य तथा हिमालय संज्ञा हैं। 'सभा' समूहवाचक, 'मनुष्य' जातिवाचक एवं 'हिमालय' व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

**निर्देश : निम्नलिखित प्रश्न में रिक्त स्थान की उपयुक्त सर्वनाम से पूर्ति कीजिए**

7. **पिताजी आ रहे हैं ________सहारा दो**

(a) उसे (b) उसको
(c) उनको (d) उस

**UPPCL RO/ARO, 2016**

**Ans : (c)** पिताजी आ रहे है 'उनको' सहारा दो। इस वाक्य में पिता जी के लिए आदर सूचक सर्वनाम 'उनको' प्रयोग होगा। हिन्दी में छः प्रकार के सर्वनाम होते हैं–(1) पुरुषवाचक सर्वनाम (2) निश्चयवाचक सर्वनाम (3) अनिश्चय वाचक सर्वनाम (4) निजवाचक सर्वनाम (5) संबंधवाचक सर्वनाम (6) प्रश्नवाचक सर्वनाम।

8. **''बुरा'' शब्द का निम्नलिखित में से किस रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता?**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) सर्वनाम (d) विशेषण

**Ans : (c)** 'बुरा' शब्द का प्रयोग सर्वनाम के रूप में नहीं किया जा सकता है, क्योंकि 'बुरा' सर्वनाम नहीं बल्कि एक विशेषण है।
**उदाहरण द्रष्टव्य हैं–**
क्रिया-विशेषण के रूप में – रजनीश ने रमेश के साथ बुरा किया।
संज्ञा के रूप में – बुरा नहीं सोचना चाहिए।
विशेषण के रूप में – करैले का बुरा स्वाद मन खराब कर देता है।

9. **''मैंने मेरे को सुधार लिया है।'' वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?**

(a) कारक (b) सर्वनाम
(c) लिंग (d) वचन

**UPSI Batch - II 16 Dec.2017**

**Ans : (b)** 'मैंने मेरे को सुधार लिया है।' इस वाक्य में सर्वनाम की अशुद्धि है। इसका शुद्ध रूप होगा– 'मैंने अपने को सुधार लिया' है।

10. **निम्नलिखित में सर्वनाम है–**

**UPP Constable 18.06.2018 I[st] Shift**

(a) घर (b) आप
(c) पहाड़ (d) नदी

**Ans : (b)** जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे– मैं, तुम, हम, यह, आप, इसका, उसका, तुम्हारा आदि। शेष घर, पहाड़ व नदी जातिवाचक संज्ञा है।
**सर्वनाम के भेद–**
(1) पुरुषवाचक – (i) उत्तम पुरुष– मैं, हम, हम लोग
(ii) मध्यम पुरुष – तू, तुम, आप
(iii) अन्य पुरुष – यह, ये, वह, वे, ये लोग, वे लोग

| | | |
|---|---|---|
| (2) | निश्चयवाचक | – यह, वह |
| (3) | अनिश्चयवाचक | – कोई, कुछ |
| (4) | सम्बन्धवाचक | – जो, सो |
| (5) | प्रश्नवाचक | – कौन, क्या |
| (6) | निजवाचक | – आप |

**11. निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम के रूप में क्या प्रयोग किया गया है?**
**''ऐसा भी हो सकता है?''**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) सकता (b) हो
(c) भी (d) ऐसा

**Ans : (d)** दिये गये वाक्य में 'ऐसा भी हो सकता है।' में 'ऐसा' यौगिक सर्वनाम है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**12. ''सीधा'' शब्द का निम्नलिखित में से किस रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता है?**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा
(c) सर्वनाम (d) विशेषण

**Ans : (c)** सीधा शब्द का सर्वनाम के रूप में प्रयोग नहीं किया जा सकता क्योंकि सर्वनाम किसी संज्ञा के बदले में प्रयुक्त होते हैं जबकि क्रिया-विशेषण, संज्ञा एवं विशेषण के रूप में किया जा सकता है।

**13. 'कौन' सर्वनाम का गुणवाचक शब्द दिए गए विकल्पों में से चिह्नित कीजिएः**

(a) कितने (b) कैसा
(c) कितना (d) किस

**KVS TGT Hindi, 2016**

**Ans. (b) :** 'कौन' सर्वनाम का गुणवाचक शब्द 'कैसा' होता है। जबकि कितने, कितना एवं किस तीनों असंगत विकल्प हैं। कितने कितनों परिमाण बोधन एवं 'किस' प्रकार बोधक शब्द है।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वनाम पद है? चिह्नित कीजिए।**

(a) राधा (b) वह
(c) सुन्दर (d) विभीषण

**KVS TGT Hindi, 2017**

**Ans. (b) :** दिये गये शब्दों में 'वह' सर्वनाम है जबकि राधा, और विभीषण दोनों व्यक्ति वाचक संज्ञा हैं तथा सुन्दर विशेषण शब्द है। 'विभीषण' शब्द कभी-कभी जातिवाचक संज्ञा के रूप में भी प्रयुक्त होता है; जैसे–'वह आख का विभीषण है।'

**15. निम्न में सर्वनाम शब्द है–**

**UP Bed Exam 2005**

(a) दान (b) भजन
(c) कुछ (d) पढ़ना

**Ans : (c)** 'कुछ' अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द 'सर्वनाम' कहलाते हैं; जैसे- मैं, तुम, हम, वे आप.... .आदि।
सर्वनाम के छः भेद होते हैं-
**1. पुरुषवाचक सर्वनाम-**(a) **उत्तम पुरुष**- मैं, हम, मैंने, हमने, मुझे, मुझको, मेरा।
(b) **मध्यम पुरुष**–तू, तुम, तुमको, आपको आदि।
(c) **अन्य पुरुष**–वह, वे, उन, उनको, उन्हें आदि।
**2. निश्चयवाचक सर्वनाम –** यह, वह, वे , ये आदि।
**3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम –** कुछ, कोई आदि।
**4. संबंधवाचक सर्वनाम –** जो, सो आदि।
**5. प्रश्नवाचक सर्वनाम –** कौन, क्या आदि।
**6. निजवाचक सर्वनाम –** आप, स्वतः, स्वयं आदि।

**16. यह मकान मेरे भाई का है। रेखांकित पद हैः**

**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

(a) संज्ञा (b) संकेतवाचक सर्वनाम विशेषण
(c) विशेषण (d) क्रिया विशेषण

**Ans. (b) :** यह मकान मेरे भाई का है। रेखांकित पद संकेतवाचक सर्वनाम विशेषण है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**17. पुरुषवाचक सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?**

**UPP, 2017**

(a) तीन (b) दो
(c) चार (d) सात

**Ans. (a) :** वे सर्वनाम जो पुरुषों (पुरुष या स्त्री) के नाम के बदले आते हैं, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।
पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं–
1- **उत्तम पुरुष** - मैं, हम, मैंने, मेरा, हमारा, मुझे, मुझकों।
2- **मध्यम पुरुष** - तुम, तू, तुमने, तुमको, आप, आपको,.....।
3- **अन्य पुरुष** - वह, वे, ये, उन, उन्हें, उसको, यह....।

**18. हम ताजमहल देखने जाएँगे। रेखांकित पद हैः**

**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**

(a) निजवाचक सर्वनाम (b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) निश्चय वाचक सर्वनाम (d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

**Ans. (b) :** हम ताजमहल देखने जाएँगे। रेखांकित पद पुरुषवाचक सर्वनाम है। यह उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम है।

**19. मैं जा रहा हूँ _________चिंता मत करना**

(a) अपनी (b) अपुन की
(c) मेरी (d) मुझकी

**UPPCL RO/ARO, 2016**

**Ans : (c)** मैं जा रहा हूँ **'मेरी'** चिन्ता मत करना। उपर्युक्त वाक्य में 'मैं' के साथ सर्वनाम 'मेरी' का प्रयोग होगा। हिन्दी में निम्नलिखित सर्वनाम हैं–मैं, तुम, आप, वह, यह, जो, सो, कोई कुछ, कौन, क्या।

**20. निम्नलिखित में से कौन पुरुषवाचक सर्वनाम है?**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) तू (b) जो
(c) कोई (d) क्या

**Ans : (a)** 'तू' पुरुषवाचक सर्वनाम है, जबकि 'कोई' अनिश्चय-वाचक सर्वनाम 'क्या' प्रश्नवाचक सर्वनाम तथा 'जो' सम्बन्धवाचक सर्वनाम है।

**21. ............, मैं (उत्तम पुरुष) के सम्प्रदान कारक का एकवचन रूप नहीं है।**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) मेरे (b) मुझको
(c) मेरे लिए (d) मुझे

**Ans : (a)** 'मैं' का सम्प्रदान कारक एकवचन रूप– मुझको, मेरे लिए तथा मुझे है। 'मेरे' मैं के सम्बन्ध कारक का रूप है।

**22. निम्नलिखित जोड़ों में से उत्तम पुरुष वाले जोड़ों को पहचानिए।**

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

(a) मैं-हम (b) तू-तुम
(c) वह-वे (d) इससे-इन्होंने

**Ans : (a)** पुरुष वाचक सर्वनाम के तीन भेद होते हैं-
**1. उत्तम पुरुष-** मैं, हम, मैंने, हमने, मेरा, हमारा, मुझे, मुझको।
**2. मध्यम पुरुष-** तू, तुम, तुमने, तुझे, तुम्हें, तुमकों, तुमसे, आपने, आपको।
**3. अन्य पुरुष-** वह, वे, ये, यह, इन, उन, उनको, उनसे, उससे, उसको।,
**अत**:-मैं-हम जोड़ा उत्तम पुरूष का है।

**23. निम्नलिखित में से क्या तू (पुरुषवाचक) के सम्बन्ध कारक का एकवचन रूप नहीं है?**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) तेरे लिए (b) तेरी
(c) तेरे (d) तेरा

**Ans : (a)** हिन्दी में तीन पुरुष हैं– **1. उत्तम पुरुष–**हम, हमें, हमने, हमारे, हमको आदि। **2. मध्यम पुरुष–**तू, तूने, तेरा, तेरे, तेरी, तुम्हारा, तुमको आदि और **3. अन्य पुरुष–**वे, ये, वह आदि।

**24. 'मैं अपने आप काम कर लूँगा' वाक्य में रेखांकित सर्वनाम शब्द का भेद क्या है**

(a) पुरुषवाचक सर्वनाम (b) निजवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम (d) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

**UPPCL RO/ARO, 2016**

**Ans : (b) निजवाचक सर्वनाम –** जिस सर्वनाम शब्द से निजता का बोध होता है उसे निजवाचक सर्वनाम कहते हैं। ये शब्द कर्त्ता के बोधक तो होते हैं किन्तु स्वयं कर्ता नहीं होते या कर्ता का कार्य नहीं करते हैं।
**उदाहरण** (1) मैं अपने आप काम कर लूँगा।
(2) उसने अपने पैरों पर आप ही कुल्हाड़ी मार ली।
**नोट :** इन वाक्यों में 'आप' निजवाचक सर्वनाम है, जिसका अर्थ 'स्वयं' होता है।

**25. निम्नलिखित में से कौन निजवाचक सर्वनाम नहीं है?**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) निज (b) हम
(c) आप (d) खुद

**Ans : (b)** 'हम' शब्द निजवाचक सर्वनाम न होकर बल्कि उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम है जबकि अन्य विकल्प (निज, आप और खुद) निजवाचक सर्वनाम हैं।

**26. आप की सब राह देख रहे हैं।**
**रेखांकित शब्द कौन सा सर्वनाम है?**

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम (b) सम्बन्धवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम

**Ans : (d)** जिन शब्दों का प्रयोग वक्ता स्वयं के लिए करता है, वे निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। 'आप' निजवाचक सर्वनाम का रूप है। जहाँ शब्द का प्रयोग श्रोता के लिए हो, वहाँ यह आदर सूचक मध्यम पुरुष होता है और जहाँ 'आप' शब्द का प्रयोग अपने लिए हो, वहाँ निजवाचक होता है।

**27. वह आप ही चला गया।' - वाक्य में रेखांकित शब्द सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है।**

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

(a) पुरुष वाचक (b) निजवाचक
(c) निश्चयवाचक (d) संबंधवाचक

**Ans : (b)** वह आप ही चला गया।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'आप' निजवाचक सर्वनाम का रूप है। जिस सर्वनाम से कर्ता का बोध होता है, वह निजवाचक सर्वनाम कहलाता है।
पुरुषवाचक सर्वनाम हैं– मैं, हम, तुम, वह
निश्चयवाचक सर्वनाम हैं– यह, वह, ये, वे
संबंधवाचक सर्वनाम हैं– जो-सो

**28. यह मेरी पतंग है। रेखांकित का भेद बताइए।**

**UPP, 2017**

(a) निश्चयवाचक सर्वनाम (b) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम (d) प्रश्नवाचक सर्वनाम

**Ans. (a) : निश्चयवाचक सर्वनाम**
दूर अथवा समीप की वस्तुओं का निश्चय पूर्वक बोध कराने वाले सर्वनाम निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं– यह मेरी पतंग है।
**अनिश्चयवाचक सर्वनाम–**वह सर्वनाम जो किसी निश्चित वस्तु अथवा व्यक्ति का बोध नहीं कराते, अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।
वहाँ कोई खड़ा है
**निजवाचक सर्वनाम–**जो सर्वनाम वाक्य के कर्ता के साथ 'अपनापन' बतलाने के लिए आते हैं, निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।
**जैसे–** स्वयं खुद, निज, आप, अपने आप इत्यादि।
यह कार्य मैं स्वंय कर लूंगा।
**प्रश्नवाचक सर्वनाम–**जिन सर्वनामों से किसी संज्ञा के विषय में प्रश्न का बोध हो, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।
**जैसे–** कौन, कहाँ, कैसे, किसने, किससे
पंखा किसने चलाया?

**29. वह (निश्चयवाचक) के अपादान कारक का एकवचन रूप क्या है?**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) उससे (b) उसके लिए
(c) उसको (d) उस लिए

**Ans : (a)** वह (निश्चयवाचक) के अपादान कारक का एकवचन रूप 'उससे' होगा।
उससे – अपादान कारक का एक वचन रूप।
इसके लिए – सम्प्रदान कारक का एक वचन रूप।
उसको – कर्म कारक का एक वचन रूप।

**30. निम्नलिखित में से क्या एक निश्चयवाचक सर्वनाम है?**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) यह (b) हम
(c) कोई (d) आप

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'यह' निश्चयवाचक सर्वनाम है, जबकि 'हम' उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम, 'कोई' अनिश्चितवाचक सर्वनाम और 'आप' निजवाचक सर्वनाम है।

**31. 'यह' कौन-सा सर्वनाम है? नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए:**

(a) निजवाचक (b) पुरूषवाचक
(c) निश्चयवाचक (d) सम्बन्धवाचक

**KVS PGT Hindi, 2016**

**Ans. (c) :**

| **शब्द** | | **सर्वनाम** |
|---|---|---|
| यह | - | निश्चयवाचक |
| आप | - | निजवाचक |
| मैं, तुम | - | पुरुषवाचक |
| जो-सो | - | सम्बन्धवाचक |

32. **'कोई सज्जन आपको बुला रहा है'', इस वाक्य में किस सर्वनाम का प्रयोग किया गया है?**
(a) निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
(b) पुरुषवाचक सार्वनामिक विशेषण
(c) अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण
(d) प्रश्नवाचक सार्वनामिक विशेषण
**UPSI Batch - I 21 Dec.2017**

**Ans : (c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम-** जिस सर्वनाम से किसी निश्चित वस्तु का बोध न हो उसे अनिश्चियवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे-कोई, कुछ
इस वाक्य में अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण का प्रयोग हुआ है। अनिश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण में 'कोई', 'कुछ' निश्चयवाचक सार्वनामिक विशेषण में 'यह', 'वह' और प्रश्नवाचक सार्वनामिक विशेषण के अन्तर्गत 'कौन', 'क्या' आता है।

33. **'कोई आ रहा है'- वाक्य में 'कोई' किस प्रकार का सर्वनाम है?**
(a) अनिश्चयवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) संबंधवाचक (d) निजवाचक
**लोअर-1 परीक्षा, 2015**

**Ans : (a)** 'कोई आ रहा है' वाक्य में 'कोई' शब्द अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। जो शब्द अनिश्चित प्राणी, पदार्थ अथवा वस्तु के बदले प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं। यहाँ 'कोई' शब्द किसी अनिश्चित व्यक्ति के लिए प्रयुक्त है। अतः यह अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। 'कुछ' एवं 'कोई' अनिश्चयवाचक सर्वनाम हैं।

34. **अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में बहुवचन रूप होगाः**
**UPSSSC वनरक्षक, 02.12.2018 I Shift**
(a) किसी से (b) किन से
(c) किन्हीं से (d) किन को

**Ans. (c) :** 'किन्हीं से' अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में बहुवचन रूप होगा, जबकि किसी से, किन से अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में एकवचन रूप होगा।

35. **निम्नलिखित में से क्या एक सम्बन्धवाचक सर्वनाम नहीं है?**
**UPPCL ARO, 2018**
(a) वहाँ (b) यह
(c) जो (d) सो

**Ans : (b) संबंधवाचक सर्वनाम-** जिस सर्वनाम से वाक्य में किसी दूसरे सर्वनाम से संबंध स्थापित किया जाए उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे- जो,सो उदाहरण- वह कौन है जो रो रहा है। अतः दिये गये विकल्पों में 'यह' सम्बन्ध वाचक सर्वनाम नहीं है। यह निश्चयवाचक सर्वनाम है। शेष तीनों विकल्प सम्बन्ध वाचक सर्वनाम हैं।

36. **जो करेगा सो भरेगा। रेखांकित शब्द क्या है?**
(a) क्रिया विशेषण (b) संकेत वाचक सर्वनाम
(c) संबंध वाचक सर्वनाम (d) गुण वाचक सर्वनाम
**उत्तर- (c)** **वन रक्षक परीक्षा, 2015**

**व्याख्या-** 'जो करेगा सो भरेगा' में सम्बन्धवाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम द्वारा किसी दूसरे सर्वनाम से सम्बन्ध स्थापित हो जाए, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे - जो, सो।

37. **निम्नलिखित में कौन सा अनिश्चयवाचक सर्वनाम नहीं है?**
(a) कुछ भी (b) कुछ-न-कुछ
(c) सब कुछ (d) जो, वह
***फूड इंस्पेक्टर, 1996***

**Ans : (d)** दिए गए विकल्पों में 'जो' में अनिश्चयवाचक सर्वनाम नहीं है। यह सम्बंधवाचक सर्वनाम के अंतर्गत आता है तथा 'वह' पुरुष वाचक सर्वनाम के अंतर्गत आता है।

38. **'किस-किस से झगड़ा करते फिरोगे?' रेखांकित पद.......... है।**
**इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016**
(a) संज्ञा (b) विशेषण
(c) सर्वनाम (d) प्रविशेषण

**Ans : (c)** दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'किस-किस' सर्वनाम है। यह प्रश्नवाचक सर्वनाम के अन्तर्गत आता है। प्रश्नवाचक सर्वनाम उसे कहते हैं, जिनका प्रयोग प्रश्न करने के लिए किया जाता है, जैसे- कौन, क्या इत्यादि।

39. **निम्नलिखित में से क्या एक अप्राणिवाचक प्रश्नवाचक सर्वनाम है?**
**UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018**
(a) किस (b) कोई
(c) कौन (d) क्या

**Ans : (d)** दिये गये विकल्पों में 'क्या' शब्द अप्राणिवाचक/वस्तु बोधक प्रश्नवाचक सर्वनाम है। शेष विकल्प प्राणिवाचक प्रश्नवाचक सर्वनाम है।

40. **निम्न में सर्वनाम शब्द है :**
**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**
(a) नींद (b) रोग
(c) सफाई (d) कौन

**Ans : (d)** दिये गये शब्दों में 'कौन' शब्द प्रश्नवाचक सर्वनाम है। जबकि अन्य 'नींद','रोग' तथा 'सफाई' संज्ञा शब्द है। प्रश्नवाचक सर्वनाम के अन्य प्रमुख उदाहरण– कौन, क्या आदि हैं।

41. **निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम पदबंध क्या है?**
**परेशानी में उलझा हुआ मैं कुछ भी नहीं कर पाया।**
**UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018**
(a) कुछ भी नहीं कर पाया (b) उलझा हुआ मैं
(c) परेशानी में (d) परेशानी में उलझा हुआ मैं

**Ans : (d)** किसी वाक्य में जब कोई शब्द मिलकर सर्वनाम की तरह कार्य करे, तो वहाँ सर्वनाम पदबन्ध होता है। जैसे– 'परेशानी में उलझा हुआ मैं कुछ भी नहीं कर पाया' वाक्य में सर्वनाम पदबन्ध है– **'परेशानी में उलझा हुआ मैं'**

42. **निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है? ''बढ़-चढ़ कर बातें करने वाले तुम संजीदा क्यों हो गए।''**
**UPPCL ARO, 2018**
(a) संज्ञा (b) क्रिया-विशेषण
(c) सर्वनाम (d) विशेषण

**Ans : (c)** ''बढ़-चढ़ कर बातें करने वाले तुम संजीदा क्यों हो गए'' वाक्य में रेखांकित शब्द सर्वनाम पदबन्ध है। शेष विकल्प असंगत है।

43. **निम्नलिखित वाक्य में सर्वनाम पदबंध क्या है?**
**जो लड़का कल आया था वह पढ़ता है।**
**UPPCL Stenographer, 2018**
(a) कल आया था (b) पढ़ता है
(c) जो लड़का कल आया था (d) जो लड़का

**Ans : (c)** दिये गये वाक्य में 'जो लड़का कल आया था' सर्वनाम पदबंध है।

# 06.

# विशेषण

1. **विशेषण के मुख्यतः कितने भेद होते हैं?**
(a) तीन (b) चार
(c) छह (d) दो
**उ.प्र.पु. कांस्टेबल 25.10.2018**

**Ans. (b) :** विशेषण के मुख्यतः चार (4) भेद होते हैं–
**विशेषण के भेद–**
1. सार्वनामिक विशेषण, 2. गुणवाचक विशेषण, 3. संख्यावाचक विशेषण, 4. परिमाण वाचक विशेषण

2. **''बैताल पचीसी'' किस विशेषण का उदाहरण है?**
(a) अपूर्ण संख्या वाचक (b) पूर्ण संख्या वाचक
(c) क्रम वाचक (d) समुदाय वाचक
**UPSI Batch - III 19 Dec.2017**

**Ans. (d) :** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर ''बैताल पचीसी'' में समुदाय वाचक विशेषण है। 'भय' भाववाचक संज्ञा है।

3. **'ऋषि' संज्ञा शब्द से विशेषण शब्द क्या बनेगा?**
**UP RO (Pre.), 2013**
(a) आर्ष (b) ऋषिकल्प
(c) ऋषितुल्य (d) ऋषिवत्

**Ans : (a)** ऋषि संज्ञा शब्द से विशेषण 'आर्ष' बनेगा। अतः विकल्प (a) सही है। अन्य विकल्प ऋषिकल्प, ऋषिवत् और ऋषितुल्य विशेषण पद का निर्माण नहीं करते हैं।

4. **व्याकरण की दृष्टि से कौन सा शब्द विशेषण नहीं है?**
**UP RO (Pre.), 2013**
(a) भयभीत (b) निर्भीक
(c) भीरु (d) भय

**Ans : (d)** व्याकरण की दृष्टि से भयभीत, निर्भीक और भीरु शब्द विशेषण हैं, जबकि भय शब्द विशेषण नहीं अपितु विशेष्य है। इसका विशेषण भयानक होता है।

5. **`तुम कहाँ पढ़ते हो'–में किस कोटि का विशेषण प्रयुक्त हुआ है?**
**UP RO (Main), 2013**
(a) गुणवाचक (b) प्रश्नवाचक
(c) संख्यावाचक (d) संकेतवाचक

**Ans : (b)** तुम कहाँ पढ़ते हो - में प्रश्नवाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है। न कि गुणवाचक, संख्यावाचक या संकेतवाचक विशेषण।

6. **`लोभी' किस विधि से निर्मित विशेषण है?**
**UP RO (Main), 2013**
(a) संज्ञा-विधि (b) सर्वनाम-विधि
(c) क्रिया-विधि (d) प्रत्यय-विधि

**Ans : (a)** लोभी 'लोभ' संज्ञा शब्द से निर्मित विशेषण है। यह संज्ञा विधि का बोध कराता है।

7. **इनमें कौन सा युग्म विशेषण नहीं है?**
**UP RO (Main), 2013**
(a) छोटा-बड़ा (b) हरा-पीला
(c) दो-तीन (d) राम-लक्ष्मण

**Ans : (d)** दिये गये विकल्पों में राम-लक्ष्मण युग्म विशेषण नहीं है जबकि छोटा-बड़ा, हरा-पीला गुणवाचक विशेष शब्द युग्म और दो-तीन संख्यावाचक विशेषण शब्द युग्म हैं।

8. **निम्नलिखित में से कौन शब्द विशेषण नहीं है –**
**UP RO (Pre.), 2010**
(a) उत्कृष्ट (b) निकृष्ट
(c) धृष्ट (d) विषाद

**Ans : (d)** दिये गये विकल्पों में उत्कृष्ट, निकृष्ट और धृष्ट शब्द विशेषण (गुणवाचक) हैं, जबकि 'विषाद' शब्द विशेषण नहीं है। विषाद संज्ञा (भाववाचक) पद है।

9. **निम्नलिखित शब्दों में से जो शब्द विशेषण नहीं है, उसका उल्लेख कीजिए –** **UP RO (Pre.), 2010**
(a) सज्जन (b) दुर्जन
(c) सुकुमार (d) मानस

**Ans : (d)** दिये गये विकल्पों में 'सज्जन', 'दुर्जन' और 'सुकुमार' विशेषण हैं, जबकि 'मानस' विशेषण नहीं है अपितु यह शब्द संज्ञा का द्योतक है।

10. **निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'विशेषण' नहीं है?**
**UP RO (Pre.), 2010**
(a) आगामी (b) शान्त (c) काला (d) तुम

**Ans : (d)** 'आगामी', 'काला' और 'शान्त' विशेषण शब्द हैं जबकि 'तुम' शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम है। ऐसे सर्वनाम जो किसी पुरुष या स्त्री के लिए प्रयुक्त होते हैं, पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे - मैं, हम, तू, तुम, आप, वह, वे, यह और ये।

11. **निम्नलिखित में विशेषण पद है –**
**UP RO (Pre.), 2010**
(a) उपासना (b) उद्गार
(c) आयतलोचना (d) वन्दना

**Ans : (c)** 'आयतलोचना' विशेष पद है। शेष उपासना, वंदना एवं उद्गार क्रिया पद है।

12. **निम्नलिखित में कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है?**
**UP RO (Main), 2010**
(a) कुटिलता (b) जटिलता (c) कौटिल्य (d) कुरूपता

**Ans : (c)** कुटिलता, जटिलता, कुरूपता तीनों शब्द विशेषण हैं, जबकि कौटिल्य विशेषण नहीं है। कौटिल्य भाववाचक संज्ञा पद है।

13. **नीचे दिये किस वाक्य में विशेषण का प्रयोग हुआ है?**
**UP RO (Main), 2010**
(a) राम और श्याम भाई है
(b) राम ने माँ से पानी और खाना माँगा।
(c) माँ ने खाने में दाल और रोटी परोसी।
(d) राम ने रोटी खाकर और रोटी माँगी।

**Ans : (d)** प्रश्नगत विकल्पों में 'राम ने रोटी खाकर और रोटी माँगी' वाक्य में विशेषण 'और' का प्रयोग किया गया है। प्रश्न के संदर्भ में 'और' अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है।

14. **निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?**
**UP RO (Pre), 2010**
(a) सुन्दरता (b) कवि
(c) विद्वान (d) भलाई

**Ans : (c)** दिये गये शब्दों में 'विद्वान' विशेषण पद है। सुन्दरता एवं भलाई भाववाचक तथा कवि जातिवाचक संज्ञा है।

**15. 'जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है' उसे कहते हैं**

**UP RO (Pre), 2010**

(a) विशेष्य (b) विशेषण
(c) विशेषण एवं विशेष्य (d) विशिष्ट

**Ans : (b)** 'जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है उसे विशेषण कहते हैं, जबकि जिसकी विशेषता बतलायी जाये उसे विशेष्य कहते हैं।

**16. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण शब्द है**

**UP RO (Pre), 2010**

(a) पाँचवाँ (b) प्रपंच
(c) सरपंच (d) पहुँच

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में 'पाँचवाँ' शब्द क्रमसूचक संख्यावाचक विशेषण है। जिस विशेषण से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध हो उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।

**17. इनमें से किस वाक्य में गलत विशेषण प्रयुक्त हुआ है?**

**UP RO (Pre), 2010**

(a) कविता परिश्रमी युवती है।
(b) प्रबुद्धजनों से हमारी अपेक्षा है।
(c) यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है।
(d) वह अच्छा आदमी था, लेकिन काम न आया।

**Ans : (c)** दिए गए विकल्पों में 'यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है।' त्रुटिपूर्ण वाक्य हैं क्योंकि इसमें शब्द क्रम दोष है। अतः सम्यक् वाक्य कुछ इस प्रकार है– यह महिलाओं का सरकारी अस्पताल है।

**18. ''तुम बहुत अच्छे बच्चे हो।'' इस वाक्य में कौन-सा पदबंध विशेषण पदबंध है?**

(a) तुम बच्चे हो (b) बहुत अच्छे
(c) तुम अच्छे (d) अच्छे बच्चे हो

**KVS PGT Hindi, 2016**

**Ans. (b) :** ''तुम बहुत अच्छे बच्चे हो।'' इस वाक्य में विशेषण पदबन्ध 'बहुत अच्छे' होगा। किसी संज्ञा की विशेषता बताने वाला पद समूह विशेषण पदबंध होता है।

**19. निम्नलिखित वाक्य में विशेषण पदबंध क्या है? रोज कसरत करने वाले लोग स्वस्थ रहते हैं।**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) लोग स्वस्थ रहते हैं
(b) रोज़ कसरत करने वाले लोग
(c) रोज़ कसरत करने वाले
(d) रोज़ कसरत

**Ans : (c)** वे पदबंध जो वाक्य में विशेषण (संज्ञा, सर्वनाम की विशेषता बताने) का कार्य करते हैं, वे विशेषण पदबंध कहलाते हैं। अतः 'रोज कसरत करने वाले लोग स्वस्थ रहते हैं।' वाक्य में वाक्यांश 'रोज कसरत करने वाले' विशेषण पदबंध हैं।

**20. निम्नलिखित में से ''धर्म'' शब्द से बनने वाला विशेषण क्या होगा?**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) धर्मी (b) धार्मिक
(c) धर्मधीर (d) अधर्म

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में से 'धर्म' शब्द से बनने वाला विशेषण 'धार्मिक' होगा। शेष तीनों विकल्प असंगत है।

**21. निम्नलिखित वाक्य में विशेषण पदबंध क्या है? ''सात बजे आने वाली गाड़ी आज एक बजे आएगी।''**

**UPPCL ARO, 2018**

(a) सात बजे (b) सात बजे आने वाली
(c) एक बजे (d) एक बजे जाएगी

**Ans : (b)** दिये गये वाक्य 'सात बजे आने वाली गाड़ी आज एक बजे आएगी' में 'सात बजे आने वाली' विशेषण पदबंध है। जब एक से अधिक पद मिलकर किसी संज्ञा की विशेषता प्रकट करें, उन्हें विशेषण पदबन्ध कहते हैं। जैसे– मुझे चार किलो पिसी हुई लाल मिर्च ला दो।

**22. निम्न में कौन-सा शब्द विशेषण है?**

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

(a) आगरा (b) चमकीला
(c) कुछ (d) लिखना

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में 'चमकीला' शब्द विशेषण है, जबकि आगरा-व्यक्तिवाचक संज्ञा, लिखना-क्रिया तथा कुछ अनिश्चयवाचक सर्वनाम शब्द हैं।

**23. निम्न में विशेषण शब्द है–**

(a) बुढ़ापा (b) दौड़
(c) क्रोध (d) शांत

**Ans : (d)** संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जिस संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बतलाई जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं, जैसे- नया, लाल, सच्चा, झूठा, **शांत,** लंबा, आठ, एक, पहला, तिगुना, तीनों, बहुत, थोड़ा इत्यादि विशेषण शब्द हैं। बुढ़ापा, दौड़ तथा क्रोध भाववाचक संज्ञा है।

**24. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द विशेषण है?**

**व्यायाम प्रशिक्षक 16-09-2018 द्वितीय पाली**

(a) शासन (b) अनुशासन
(c) अनुशंसा (d) अनुशासित

**Ans : (d)** दिये गये विकल्पों में से 'अनुशासित' विशेषण शब्द है। अन्य विकल्प संज्ञा के रूप में जाने जाते हैं।

**25. 'जैसा काम वैसा दाम' में 'जैसा' किस व्याकरणात्मक कोटि का है?**

(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) सर्वनाम (d) अव्यय

**असिस्टेन्ट एकाउण्टेन्ट परीक्षा, 2015**

**Ans : (a)** दिए गए विकल्पों में 'जैसा' विशेषण शब्द है। जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध हो, उसे विशेषण कहा जाता है।

**26. 'अभ्यास' का विशेषण रूप है –**

(a) अभ्यासिक (b) अभ्यासी
(c) आभास (d) आभासित

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**Ans : (b)** प्रश्नगत विकल्पों में 'अभ्यास' का विशेषण रूप 'अभ्यासी' होगा। अभ्यास में 'ई' प्रत्यय के योग से अभ्यासी शब्द बना है।

**27. 'निशा' का विशेषण रूप है –**

(a) निशाचर (b) निशीथ
(c) निशान्त (d) नैश

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**Ans : (d)** प्रश्नगत विकल्पों में 'निशा' का विशेषण रूप 'नैश' होगा, जबकि निशाचर से तात्पर्य रात में विचरण करने वाला, निशीथ का तात्पर्य मध्य रात्रि से तथा निशान्त से तात्पर्य निशा का अंत (रात का चौथा पहर) से है।

**28. 'महान' का उत्तरावस्था होगा –**

(a) महानतर (b) महत्तम

(c) महत्तर (d) महानतम

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**Ans : (c)** 'महान' का उत्तरावस्था 'महत्तर' होगा, जबकि इसका मूलावस्था 'महान' तथा उत्तमावस्था 'महत्तम' होगा। यह विशेषण की अवस्थाएं हैं। विशेषण की तीन अवस्थाएं होती हैं:–

**1. मूलावस्था -** इसमें किसी की तुलना नहीं होती, बल्कि किसी एक व्यक्ति, वस्तु, या स्थान की सामान्य विशेषता बताई जाती है। **जैसे -** ऐश्वर्या सुन्दर अभिनेत्री है।

**2. उत्तरावस्था** - इसमें दो व्यक्तियों अथवा वस्तुओं की विशेषताओं की आपस में तुलना की जाती है:
**जैसे -** चीता शेर से तीव्र दौड़ता है।

**3. उत्तमावस्था** - इसमें बहुत से लोगों अथवा वस्तुओं की तुलना करके उन सब में एक को सबसे अच्छा या सबसे बुरा बताया जाता,
**जैसे -** ऐश्वर्या सबसे सुन्दर अभिनेत्री है।

**29. 'गुरु' का उत्तमावस्था होगा –**

(a) गुरुतम (b) गुरुतर

(c) गुरुतमतम (d) गौरव

**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**Ans : (a)** 'गुरु' का उत्तमावस्था 'गुरुतम' होगा। इसका मूलावस्था 'गुरु' तथा उत्तरावस्था 'गुरुतर' होगा।

**30. निम्न में विशेषण शब्द है :**

**UPSSSC VDO 22/12/2018 I Shift**

(a) लड़कपन (b) उचित

(c) कठोरता (d) घबराहट

**Ans : (b)** दिये गये शब्दों में 'उचित' शब्द गुणवाचक विशेषण है, जबकि 'लड़कपन', 'कठोरता' तथा 'घबराहट' शब्द–संज्ञा (भाववाचक संज्ञा) हैं। गुणवाचक विशेषण के अन्य प्रमुख उदाहरण– नया, पुराना, कपटी, पतला, प्राचीन आदि हैं।

**31. स्त्री शब्द का विशेषण है :**

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

(a) स्त्री (b) स्त्रीय

(c) स्तैण (d) स्त्रैण

**Ans. (d) :** प्रश्नगत विकल्पों में 'स्त्री' शब्द का विशेषण 'स्त्रैण' होगा। शब्दों में प्रत्ययों के योग से विशेषण का निर्माण किया जाता है। क्रिया या धातु में कृत प्रत्यय के योग से कृदन्त विशेषण एवं संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण में तद्धित प्रत्यय के योग से तद्धितान्त विशेषणों का निर्माण होता है।

**32. विशेषण बताइए :**

**UPSSSC वनरक्षक, 02.02.2018 II Shift**

(a) क्षम्य (b) फेन

(c) शिक्षा (d) भ्रम

**Ans. (a) :** उपर्युक्त विकल्पों में से क्षम्य शब्द विशेषण है, जो 'क्षमा' शब्द से निर्मित है। शेष विकल्प संज्ञा शब्द हैं।

**33. 'कला का अंतिम और सर्वोच्च ध्येय सौन्दर्य है' वाक्य में कितने विशेषण हैं?**

(a) एक (b) चार

(c) पाँच (d) तीन

**जूनियर इंजीनियर परीक्षा, 2015**

**Ans : (d)** 'कला का अंतिम और सर्वोच्च ध्येय सौंदर्य है' वाक्य में तीन विशेषण हैं - अंतिम, सर्वोच्च और ध्येय। 'कला' और 'सौन्दर्य' विशेष्य या संज्ञा शब्द है।

**34. निम्नलिखित में से ''आकाश'' शब्द से बनने वाला विशेषण क्या होगा?**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) आकाशी (b) आकाशगंगा

(c) आकाशीय (d) आसमान

**Ans : (c)** प्रश्नगत विकल्पों में 'आकाश' शब्द से बनने वाला विशेषण 'आकाशीय' होगा। वे शब्द जो संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं, विशेषण कहलाते हैं। जैसे– मोहन **अच्छा** लड़का है। इस वाक्य में लड़के की विशेषता को 'अच्छा' शब्द से प्रदर्शित किया जा रहा है। संज्ञा से निर्मित कुछ विशेषण शब्द युक्त निम्नलिखित हैं–

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आकाश | – | आकाशीय | 2. | चमक | – | चमकीला। |
| 3. | भारत | – | भारतीय | 4. | अर्थ | – | आर्थिक |
| 5. | गुलाब | – | गुलाबी | 6. | अग्नि | – | आग्नेय |
| 7. | ईश्वर | – | इश्वरीय | 8. | उपन्यास | – | औपन्यासिक |

**35. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित किये हुए भाग में कौन-सा पदबंध है?**
**''गीत गाती हुई स्त्रियाँ पानी भरने जा रही हैं''**

**UPPCL Stenographer, 2018**

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा

(c) विशेषण (d) क्रिया

**Ans : (c)** दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश विशेषण पदबंध हैं।

| गीत गाती हुई | स्त्रियाँ | पानी | भरने जा रही हैं। |
|---|---|---|---|
| **विशेषण पदबंध** | **विशेष्य** | **कर्म** | **क्रिया** |

**36. 'आलस' शब्द का विशेषण क्या होगा?**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ग्रुप 'C' परीक्षा, 2014**

(a) आलसी (b) आलस्य

(c) अलस (d) अलसी

**Ans : (a)** प्रश्नगत विकल्पों में आलस शब्द का विशेषण 'आलसी' होता है, जबकि आलस्य 'आलस' शब्द का तत्सम एवं भाववाचक संज्ञा है। शेष विकल्पों का 'आलस' शब्द से कोई सम्बन्ध नहीं है।

**37. 'चर्चा' शब्द से बना विशेषण है–**

**UPP, 2017**

(a) चर्चाएँ (b) चार्चा

(c) चर्चित (d) चर्या

**Ans. (c) :** चर्चा शब्द से बना विशेषण 'चर्चित' है। शेष असंगत शब्द है।

**38. विशेषण किस शब्द की विशेषता बताता है?**

**UPP, 2017**

(a) संज्ञा की (b) कारक की

(c) क्रिया की (d) वचन की

**Ans : (a)** संज्ञा, सर्वनाम की विशेषता बतलाने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं। अर्थात् जिसकी विशेषता बताई जाय उसे विशेष्य कहते हैं। जैसे- काला घोड़ा, इस वाक्य में घोड़ा की विशेषता बताई जा रही है कि घोड़ा काला है। जबकि क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द को क्रिया विशेषण कहते हैं और विशेषण की भी विशेषता बताने वाले शब्द को प्रविशेषण कहते हैं।

**39. निम्नलिखित में से कौन-सा विशेषण नहीं है?**

**UPP, 2017**

(a) पथरीला (b) नमकीन
(c) बर्फीला (d) नमक

**Ans. (d) :** प्रश्नगत विकल्पों में 'नमक' विशेष्य है। इसका विशेषण-नमकीन हैं। जो संज्ञा/सर्वनाम की विशेषता बतलाए, उसे विशेषण कहते हैं। जैसे–पथरीला, बर्फीला तथा नमकीन आदि।

**40. निम्नलिखित में विशेषण है–**

**UPP Constable, 19.06.2018 Ist Shift**

(a) शीतलता (b) बल
(c) नया (d) वृद्धि

**Ans : (c)** संज्ञा एवं सर्वनाम की विशेषता (आकार, अवस्था, रूप, गुण, स्वभाव, स्थिति आदि) बतलाने वाले शब्द को विशेषण कहते हैं। जैसे– नया, पुराना, सुन्दर, लम्बी, लाड़ली आदि। शीतलता, बाल तथा वृद्धि भाववाचक संज्ञा है।

**41. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण को पहचानिए।**

**UPP Constable, 19.06.2018 IInd Shift**

(a) ऐतिहासिक (b) उपासना
(c) आश्वासन (d) अपेक्षा

**Ans : (a)** वे शब्द जो संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं विशेषण कहलाते हैं।

| | **विशेष्य** | **विशेषण** |
|---|---|---|
| 1. | इतिहास | ऐतिहासिक |
| 2. | उपासना | उपास्थ |
| 3. | आश्वासन | आश्वस्त |
| 4. | अपेक्षा | अपेक्षित |
| 5. | अग्नि | आग्नेय |
| 6. | लक्षण | लाक्षणिक |

**42. 'वह बहुत धार्मिक व्यक्ति है', वाक्य में रेखांकित पद है-**

**UPP Constable 18.06.2018 IInd Shift**

(a) संज्ञा (b) सर्वनाम
(c) क्रिया (d) विशेषण

**Ans : (d)** 'वह बहुत धार्मिक व्यक्ति है' वाक्य में रेखांकित पद विशेषण है। जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता (आकार, अवस्था, रूप, गुण, स्वभाव, स्थिति आदि) का बोध हो, उसे विशेषण कहते हैं। उपरोक्त वाक्य में 'धार्मिक' शब्द व्यक्ति की विशेषता बतला रहा है। अतः 'धार्मिक' विशेषण शब्द है।

**43. ''सब कुछ समाप्त हो गया'' में प्रयुक्त विशेषण का प्रकार बताएँ।**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ARO, 2016**

(a) सार्वनामिक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) परिमाणबोधक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

**Ans : (b)** जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम की संख्या का बोध कराते हैं, उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। प्रश्नगत वाक्य 'सब कुछ समाप्त हो गया' में अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण है।

**44. ''सालों बाद उसका प्रवासी पति लौटा है।'' इस वाक्य में कौन सा शब्द विशेषण है?**

(a) सालों (b) लौटा
(c) प्रवासी (d) पति

**UPSI Batch - II 20 Dec.2017**

**Ans. (c) :** ''सालों बाद उसका प्रवासी पति लौटा है।'' वाक्य में **प्रवासी** विशेषण शब्द है जो पति की विशेषता बता रहा है। संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जैसे– काला लड़का हँस रहा है। यहाँ 'काला' विशेषण है और लड़का विशेष्य (संज्ञा) है।

**45. ''_______से संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता प्रकट होती है।**

(a) विशेष्य। (b) विशेषण।
(c) संज्ञा। (d) विशेषता।

**UPSI Batch - I 20 Dec.2017**

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों के आधार पर रिक्त स्थान के लिए 'विशेषण' सर्वाधिक उपयुक्त शब्द है। अतः सम्यक् विन्यास है– **विशेषण** से संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता प्रकट होती है।

**46. ''इलाहाबादी अमरूद मीठे होते हैं।'' यहाँ क्या विशेषता बताई जा रही है?**

(a) दशा (b) गंध
(c) स्वाद (d) स्थान

**UPSI Batch - III 21 Dec.2017**

**Ans. (d) :** 'इलाहाबादी अमरूद मीठे होते हैं।' इस वाक्य में 'स्थान' का नाम (इलाहाबाद) दिया हुआ है। अतः यहाँ मीठे अमरूद के स्थान की विशेषता बतलायी जा रही है।

**47. निम्न वाक्यों में से विशेषण सम्बन्धी वाक्य चुनिये–**

(a) रमा अच्छा गाती है
(b) आज वर्षा अधिक हुई
(c) सुनयना अच्छा चित्र बनाती है
(d) धीरे-धीरे बोलो

**UPSI Batch - I 16 Dec.2017**

**Ans : (c)** दिये गये वाक्यों में विशेषण युक्त वाक्य 'सुनयना अच्छा चित्र बनाती है' इस वाक्य में 'अच्छा' विशेषण है, जो 'चित्र' शब्द की विशेषता बतला रहा है। शेष वाक्यों में क्रमशः अच्छा, अधिक और धीरे-धीरे क्रिया-विशेषण है।

**48. 'न्यूनतम' विशेषण की कौनसी अवस्था है?**

(a) मूलावस्था (b) प्रथमावस्था
(c) उत्तरावस्था (d) उत्तमावस्था

**UPSI Batch - III 15 Dec.2017**

**Ans. (d) : उत्तमावस्था–** इसमें विशेषण द्वारा किसी वस्तु को सबसे अधिक गुणवान या दोषी बताया जाता है, जैसे- हमारे कालेज में नरेन्द्र **सबसे अच्छा** खिलाड़ी है।

| **मूलावस्था** | **उत्तरावस्था** | **उत्तमावस्था** |
|---|---|---|
| न्यून | न्यूनतर | न्यूनतम |
| लघु | लघुत्तर | लघुत्तम |
| निम्न | निम्नतर | निम्नतम |

**49. दिए गए विकल्पों में से 'पवित्रता' का विशेषण कौन सा है?**

(a) पाक (b) पवित्रात्मा
(c) पवित्र (d) पवित्रतम

**UPSI Batch - I 14 Dec.2017**

**Ans :(c)** प्रश्नगत विकल्पों के आधार पर पवित्रता का विशेषण 'पवित्र' होगा।

**50. दिए गए विकल्पों में से 'उन्नति' शब्द क्या दर्शाता है?**

(a) विशेष्य (b) प्रतिविशेषण
(c) विशेषण (d) क्रियाविशेषण

**UPSI Batch - I 14 Dec.2017**

**Ans :(c)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'उन्नति' शब्द विशेषण है। यथा– राम उन्नति कर रहा है। इस वाक्य में राम की विशेषता के लिए बताया जा रहा है कि वह उन्नति कर रहा है।

51. ''मौसम आज कुछ सुहावना-सा है।'' वाक्य में 'सुहावना' शब्द किसका परिचायक शब्द है?

(a) विशेष्य (b) विशेषण
(c) क्रियाविशेषण (d) संज्ञा

**UPSI Batch - II 13 Dec.2017**

**Ans : (b)** वाक्य में 'सुहावना' शब्द विशेषण का परिचायक है, क्योंकि यह मौसम की विशेषता बतला रहा है।

52. ''कुछ बच्चे इधर आओ'' वाक्य में विशेषण पहचानिए।

(a) गुणवाचक (b) परिमाण वाचक
(c) संकेतवाचक (d) संख्यावाचक

**UPSI Batch - I 13 Dec.2017**

**Ans : (d)** 'कुछ बच्चे इधर आओ' वाक्य में संख्यावाचक विशेषण है। गणनीय विशेष्य के साथ सदैव संख्यावाचक विशेषण प्रयुक्त होता है।

53. 'बसंत के मौसम में पीले फूल खिलते हैं'- प्रस्तुत वाक्य में विशेषण कौन-सा है?

(a) मौसम (b) फूल
(c) बसंत (d) पीले

**UPSI Batch - I 12 Dec.2017**

**Ans. (d) :** ऐसे शब्द जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता इंगित करते हैं; विशेषण कहलाते हैं। प्रस्तुत वाक्य में जो फूल की विशेषता बता रहा है। इस प्रकार 'पीले' शब्द विशेषण हैं।

54. 'दुबई कितना सुंदर देश है।' रेखांकित पद.......... है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016**

(a) प्रविशेषण (b) संख्यावाची विशेषण
(c) परिमाप वाचक विशेषण (d) विधेय विशेषण

**Ans :** (d) दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'सुंदर' विधेय विशेषण हैं।

55. 'एक प्रतिभासम्पन्न छात्र' का विशेषण है –

**UP RO (Pre.), 2013**

(a) कुशल (b) चतुर
(c) अध्ययनशील (d) मेधावी

**Ans : (d)** एक प्रतिभासम्पन्न छात्र का विशेषण दिये गये विकल्पों में **मेधावी** है न कि चतुर, कुशल और अध्ययनशील है।

56. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण को पहचानिए:

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

(a) मजहब (b) नैतिक
(c) पीड़ा (d) अज्ञान

**Ans : (b)** जिस शब्द से 'संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध हो, उसे 'विशेषण' कहते हैं। अतः नैतिक' शब्द विशेषण है। जो 'नीति' संज्ञा शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने से बना है।

57. 'वहाँ भयंकर दुर्घटना हुई है।' रेखांकित पद............ है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट RO, 2016**

(a) विशेषण (b) क्रियाविशेषण
(c) प्रविशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

**Ans :** (c) दिये गये वाक्य में रेखांकित पद 'भयंकर' विशेषण है, जो दुर्घटना की विशेषता बताता है। विशेषता बतलाने वाले को विशेषण तथा जिसकी विशेषता बतायी जाय उसे विशेष्य कहते हैं। विशेषण की विशेषता बतलाने वाले को प्रविशेषण कहते हैं।

58. एक विशेषण शब्द नहीं है

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) लजीला (b) लाड़ला
(c) लांछन (d) लापता

**Ans : (c)** संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं और विशेषण के प्रयोग से जिस संज्ञा अथवा सर्वनाम का गुण अथवा धर्म प्रकट होता है, विशेष्य कहलाता है। प्रश्नगत सन्दर्भ में लजीला, लाड़ला और लापता विशेषण है जबकि लांछन विशेष्य है।

59. 'इन्द्रिय' का विशेषण शब्द है

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) इन्द्रीय (b) इन्द्रिक
(c) ऐन्द्रि (d) ऐन्द्रिय

**Ans : (d)** 'इन्द्रिय' शब्द का विशेषण पद 'ऐन्द्रिय' है जबकि ईश्वर का विशेषण 'ईश्वरीय' और इतिहास का विशेषण 'ऐतिहासिक' होता है।

60. निम्नलिखित शब्दों में से एक विशेषण नहीं है :

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) श्रव्य (b) सर्व
(c) गर्व (d) भव्य

**Ans : (c)** श्रव्य, सर्व और भव्य विशेषण पद है जबकि गर्व विशेष्य (भाववाचक संज्ञा) पद है। गर्व का विशेषण पद गर्वीला होता है।

61. एक वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) वह विद्यार्थी है (b) वह लड़का विद्यार्थी है
(c) वह प्रबुद्ध विद्यार्थी है (d) वह परिश्रमी भी है

**Ans : (a)** 'वह विद्यार्थी है' वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है जबकि अन्य विकल्पों में क्रमशः विद्यार्थी, प्रबुद्ध और परिश्रमी विशेषण प्रयुक्त हुआ है।

62. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द नहीं है :

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) वरदान (b) वरद
(c) वरदायक (d) वरणीय

**Ans : (a)** वरद, वरदायक और वरणीय विशेषण शब्द है जबकि वरदान विशेष्य पद है।

63. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द है :

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) लाघव (b) महत्त्व
(c) लघुता (d) महत्

**Ans : (d)** लाघव, महत्व और लघुता विशेष्य पद हैं जबकि महत् विशेषण शब्द है।

64. निम्नलिखित में से एक विशेषण शब्द नहीं है :

**UP RO (Pre.), 2016**

(a) बहुरूपिया (b) बातूनी
(c) बादामी (d) बांका

**Ans : (a)** बांका, बातूनी और बादामी विशेषण पद हैं जबकि बहुरूपिया विशेष्य पद है।

65. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?

**UP RO (Main), 2014**

(a) बनारसी (b) भारतवर्ष
(c) बाजार (d) खेती

**Ans : (a)** प्रश्नगत विकल्पों में 'बनारसी' विशेषण है। जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं। **उदाहरणार्थ-** 'राधा बनारसी साड़ी पहनी है'। यहाँ विशेष्य 'साड़ी' की 'बनारसी' विशेषण के द्वारा विशेषता बतलायी जा रही है।

**66. जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे कहते हैं–**

**UP RO (Main), 2014**

(a) सर्वनाम (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) अव्यय

**Ans : (b)** जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे 'विशेषण' कहते हैं। **उदाहरण–**घोड़ा दौड़ रहा है। यहाँ 'घोड़ा' शब्द समस्त घोड़ा जाति का बोध करा रहा है, जबकि 'एक घोड़ा' दौड़ रहा है।' इस उदाहरण में 'एक' संख्या वाचक विशेषण है, जो घोड़ा (संज्ञा) की व्याप्ति को मर्यादित कर रहा है।

**67. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण कौन है?**

**UP RO (Main) 2010**

(a) अजय (b) अजित (c) अकर्म (d) अनुशंसा

**Ans : (b)** अजित, विशेषण शब्द है जबकि अजय, अकर्म और अनुशंसा विशेष्य शब्द है।

**68. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण कौन नहीं है?**

**UP RO (Main) 2010**

(a) आंतरिक (b) अंतर
(c) आग्नेय (d) अधिकारी

**Ans : (b)** आंतरिक, आग्नेय और अधिकारी शब्द विशेषण है जबकि 'अंतर' शब्द विशेष्य है न कि विशेषण।

**69. 'गुणवाचक विशेषण' के कितने भेद हैं?**

**UP RO (Pre), 2010**

(a) चार (b) पाँच
(c) छह (d) सात

**Ans : (c)** जिस शब्द से संज्ञा का गुण, दशा, स्वभाव आदि लक्षित हो उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं। इसके भेद निम्न है – काल, स्थान, आकार, रंग, दशा, गुण।

**70. नीचे दिए गए शब्द किस गुणवाचक विशेषण के प्रकार हैं? अच्छा, दानी, न्यायी, कृपालु**

(a) आकारबोधक (b) गंधबोधक
(c) गुणबोधक (d) दोषबोधक

**UPSI Batch - II 12 Dec.2017**

**Ans : (c)** अच्छा, दानी, न्यायी, कृपालु शब्द गुणवाचक विशेषण के गुणबोधक रूप के उदाहरण हैं। गुणवाचक विशेषण के 7 मुख्य रूप हैं–
**काल बोधक–** नया, पुराना, ताजा, भूत
**स्थान बोधक–** पंजाबी, ऊपरी, सतही, दायाँ
**आकार बोधक–**गोल, चौकोर, सुडौल, लम्बा
**रंगबोधक–** लाल, पीला, नीला, हरा
**दशाबोधक–** दुबला, पतला, मोटा, भारी
**गुणबोधक–** भला, बुरा, झूठा, सच्चा
**द्रष्टव्य–** बड़ा–सा, पीला–सा, छोटी–सी

**71. 'पर्वतीय' कौन सा विशेषण है?**

**UPSSSC VDO 23/12/2018 I Shift**

(a) गुणवाचक विशेषण
(b) संख्यावाचक विशेषण
(c) परिमाण वाचक विशेषण
(d) सार्वनामिक विशेषण

**Ans : (a)** 'पर्वतीय' शब्द में गुणवाचक विशेषण है। विशेषण के जिस रूप में किसी संज्ञा या सर्वनाम का गुण-दोष, रूप-रंग, आकार-प्रकार, सम्बन्ध, दशा आदि का पता चले, उसे 'गुणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे–विद्वान, दुष्ट, सुन्दर, हरी, मोटा, दुर्बल, पठारीय, स्वस्थ आदि।

**72. ''मैंने अपना घर मटमैले रंग का रंगवाया है।'' इसमें 'मटमैला शब्द क्या है?**

(a) विशेषण (b) सर्वनाम
(c) विशेष्य (d) संज्ञा

**UPSI Batch - I 12 Dec.2017**

**Ans. (a) :** प्रश्नगत वाक्य ''मैंने अपना घर मटमैले रंग का रंगवाया है।'' में विशेषण का प्रयोग हुआ है। 'मटमैला' शब्द 'रंग' की विशेषता बता रहा है अतः यह विशेषण शब्द है और 'रंग' विशेष्य।

**73. 'मीठा अमरूद' में 'मीठा' विशेषण किस कोटि का है?**

**UP RO (Main), 2013**

(a) परिमाणवाचक (b) गुणवाचक
(c) व्यक्तिवाचक (d) संख्यावाचक

**Ans : (b)** 'मीठा अमरूद' में 'मीठा' गुणवाचक विशेषण है। यह अमरूद के मीठा होने के गुण की चर्चा करता है। ध्यातव्य है कि विशेषण चार प्रकार के होते हैं–
(1) गुणवाचक
(2) संख्यावाचक
(3) परिमाणवाचक
(4) सार्वनामिक।

**74. 'धुँधला' शब्द में विशेषण है –**

**UP RO (Pre.), 2014**

(a) संख्यावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में 'धुँधला' गुणवाचक विशेषण है। विशेषण में गुणवाचक विशेषणों की संख्या सर्वाधिक है। काल, स्थान, आकार, रंग, दशा तथा गुण के आधार पर गुणवाचक विशेषण को वर्गीकृत किया जाता है।

**75. 'सरीखा' शब्द में विशेषण है –**

**UP RO (Pre.), 2014**

(a) गणनावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) समुदायवाचक विशेषण (d) क्रमवाचक विशेषण

**Ans : (b)** 'सरीखा' शब्द में गुणवाचक विशेषण है। जिस विशेषण से किसी संज्ञा या सर्वनाम का गुण-दोष, रूप-रंग, आकार-प्रकार, सम्बन्ध, दशा आदि का पता चले, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

**76. 'यह चाँदी खोटी-सी दिखती है'–इस वाक्य में खोटी सी' विशेषण का प्रकार है–**

**UP RO (Main), 2014**

(a) गुणवाचक विशेषण
(b) संख्यावाचक विशेषण
(c) परिमाण बोधक विशेषण
(d) पूर्णांक बोधक विशेषण

**Ans : (a)** 'यह चाँदी खोटी सी दिखती है' वाक्य में 'खोटी सी' 'गुणवाचक विशेषण' का प्रकार है। गुणवाचक विशेषण में 'सा/सा' सादृश्य वाचक पद जोड़कर गुणों को कम भी किया जाता है। जैसे – बड़ा-सा, पीला-सा, छोटी-सी, खोटी-सी इत्यादि।

77. ''चीनी, मद्रासी, बिहारी'' आदि शब्द कौन-सा विशेषण हैं?
(a) आकारबोधक (b) अवस्था बोधक
(c) स्थान बोधक (d) दिशा बोधक
**UPSI Batch - III 14 Dec.2017**

**Ans : (c)** ''चीनी, मद्रासी, बिहारी'' शब्द में स्थान बोधक विशेषण है। स्थान का बोध कराने वाले व्यक्तिवाचक संज्ञा में प्रत्यय आदि के प्रयोग से जो विशेषण पद बनते है उन्हें स्थान बोधक विशेषण कहते है।

**78. 'नीली साड़ी' में कौन सा विशेषण है?**
**UP RO (Pre.), 2013**
(a) संख्यावाचक (b) परिमाणवाचक
(c) गुणवाचक (d) सार्वनामिक

**Ans : (c)** नीली साड़ी में प्रयुक्त विशेषण गुणवाचक विशेषण है जबकि संख्यावाचक विशेषण संख्या प्रकट करते हैं। वहीं परिमाणवाचक विशेषण द्रव्य वस्तु से सम्बन्धित होते हैं।

**79. 'विद्वान् व्यक्ति पूज्य होते हैं' में प्रयुक्त विशेषण है –**
**UP RO (Pre.), 2010**
(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) परिमामबोधक विशेषण

**Ans : (b)** 'विद्वान व्यक्ति पूज्य होते हैं' में गुणवाचक विशेषण प्रयुक्त है। गुणों के आधार पर व्यक्ति की विशेषता 'विद्वान' तथा 'पूज्य' शब्दों से परिलक्षित हो रही है।

**80. 'गीला' है**
**UP RO (Main) 2010**
(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans : (b)** 'गीला' में गुणवाचक विशेषण है। जिस विशेषण में दशा के आधार पर वस्तु या व्यक्ति की विशेषता का बोध होता है। वहाँ गुणवाचक विशेषण होता है। **जैसे-**गाढ़ा, सूखा, घना, रोगी, दुबला इत्यादि।

**81. ''छोटा'', निम्नलिखित में से किस प्रकार का विशेषण है?**
**UPPCL Stenographer, 2018**
(a) परिणामवाचक (b) संख्यावाचक
(c) सार्वनामिक (d) गुणवाचक

**Ans : (d)** ''छोटा'' गुणवाचक विशेषण है। यहाँ प्रयुक्त 'छोटा' शब्द गुणवाचक विशेषण के अन्तर्गत आकार सम्बन्धी विशेषता को प्रकट कर रहा है। गुणवाचक विशेषण के अन्य उदाहरण के तौर पर गोल, चौकोर, समान, लंबा, सीधा इत्यादि आते हैं।

**82. शब्द ''ठण्डा'' हिन्दी व्याकरण के अनुसार 'विशेषण' के भेदों की किस श्रेणी में आता है?**
**UPPCL अपर निजी सचिव परीक्षा, 2018**
(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

**Ans : (d)** ठण्डा शब्द गुणवाचक विशेषण हैं, जैसे– ठण्डा पानी, ठण्डा दूध, ठण्डा मौसम आदि।

**83. शब्द 'पुराना' हिंदी व्याकरण के अनुसार 'विशेषण' के भेदों की किस श्रेणी में आता है?**
(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

**Ans. (d) :** 'पुराना' शब्द गुणवाचक विशेषण है। काल के आधार पर वस्तु या व्यक्ति के विशेषता को प्रदर्शित करने वाले शब्दों को कालबोधक गुणवाचक विशेषण के अंतर्गत वर्गीकृत करते हैं। जैसे- नया, पुराना, वर्तमान, ताजा, भविष्य, अगला, पिछला आदि।

**84. 'समझदार' शब्द विशेषण का कौन सा भेद है–**
(a) सार्वनामिक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) परिमाण विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण
**उ.प्र.पु. कांस्टेबल, 26.10.2018 (प्रथम पाली)**

**Ans. (d) :** प्रश्नगत शब्द 'समझदार' गुणवाचक विशेषण है। 'समझदार' गुणवाचक विशेषण के अंतर्गत गुणबोधक विशेषण के रूप में विभक्त किया जाता है। भला, बुरा, उचित, अनुचित, न्यायी दानी इत्यादि गुणबोधक विशेषण के अंतर्गत आते हैं।

**85. ''मोह'' शब्द कौन-सा विशेषण है?**
(a) सार्वनामिक (b) परिमाणवाचक
(c) संख्यावाचक (d) गुणवाचक
**UPSI Batch - I 20 Dec.2017**

**Ans. (d) :** ''मोह'' शब्द में गुणवाचक विशेषण है, जबकि पुरुषवाचक या निजवाचक सर्वनामों को छोड़कर अन्य सर्वनाम जब किसी संज्ञा की विशेषता बतलाएँ तो उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।

**86. नीचे दिए शब्दों में से कौन-सा गुणवाचक का उदाहरण नहीं है?**
(a) ऐतिहासिक (b) प्रभावशाली
(c) पाश्चात्य (d) बहुत लम्बी रस्सी
**UPSI Batch - II 16 Dec.2017**

**Ans : (d)** दिये गये शब्दों में 'बहुत लम्बी रस्सी' गुणवाचक नहीं है। जिस शब्द से संज्ञा का गुण, दशा, स्वभाव आदि लक्षित हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।

**87. ''योग्य व्यक्ति ही पहचाना जाता है।'' वाक्य में 'योग्य' शब्द क्या है?**
(a) परिमाणवाचक विशेषण
(b) संख्यावाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण
(d) गुणवाचक विशेषण
**UPSI Batch - III 15 Dec.2017**

**Ans. (d) :** प्रश्नगत वाक्य 'योग्य व्यक्ति ही पहचाना जाता है' में 'योग्य' गुणवाचक विशेषण है।

**88. 'उत्कर्ष एक कुशाग्र विद्यार्थी है' – यहाँ कुशाग्र कौन-सा विशेषण है?**
(a) परिमाणबोधक (b) सार्वनामिक
(c) संख्यावाचक (d) गुणवाचक
**कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2016**

**Ans : (d)** वह विशेषण जो संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण धर्म, स्वभाव का बोध कराते हैं, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे –** कुशाग्र, नया, पुराना, मोटा, पतला, भला, बुरा, झूठा, सच्चा इत्यादि।

**89. 'प्राचीन' शब्द विशेषण के किस प्रकार में आता है?**
(a) सार्वनामिक (b) परिमाणवाचक
(c) संख्यावाचक (d) गुणवाचक
**UDA/LDA परीक्षा, 2015**

**Ans : (d)** 'प्राचीन' शब्द गुणवाचक विशेषण है। जो विशेषण शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम के आकार-प्रकार, गुण-दोष, रंग-रूप, स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, वे गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे -** चंचल, बुद्धिमान, समझदार, परिश्रमी, आधुनिक, ऐतिहासिक आदि।

**90. 'दृश्य बहुत ही मनोरम था।' वाक्य के रेखांकित शब्द का विशेषण भेद है–**

**लोअर II भर्ती परीक्षा, 15-07-2018**

(a) गुणवाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** 'दृश्य बहुत ही मनोरम था।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'मनोरम' गुणवाचक विशेषण है। वे शब्द जो संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण–धर्म, स्वभाव का बोध कराते हैं। गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे–** लाल, अच्छा, युवा, चौकोर, सुन्दर, मौसमी आदि।

**91. ''कितने प्रश्न करने हैं?'' इस वाक्य में विशेषण भेद है ..........।**

(a) परिमाणवाचक विशेषण (b) संख्यावाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) गुणवाचक विशेषण

**UPSI Batch - III 16 Dec.2017**


**Ans : (b)** प्रश्नगत वाक्य 'कितने प्रश्न करने हैं' में संख्यावाचक विशेषण है।
**संख्यावाचक विशेषण–** जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या लक्षित होती हो, उसे 'संख्यावाचक विशेषण' कहते हैं।
संख्यावाचक विशेषण के तीन मुख्य भेद हैं–
1. निश्चित संख्यावाचक, 2. अनिश्चित संख्यावचक, 3. परिणाम बोधक।

**92. ''दादी ने ढेर सारे खिलौने खरीदे।'' इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण कौन-सा है?**

(a) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(b) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

**UPSI Batch - II 19 Dec.2017**

**Ans : (b)** ''दादी ने ढेर सारे खिलौने खरीदे'' इस वाक्य में अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण प्रयुक्त है। संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते है। यह मुख्यतः चार प्रकार का होता है जो निम्नवत है–




कुछ विद्वान परिमाणवाचक विशेषण को संख्यावाचक विशेषण का ही एक भेद मानते हैं। विशेषण जिसकी विशेषता बताता है, उसे विशेष्य कहते है।

**93. 'चौथाई' शब्द का विशेषण है –**

**UP RO (Pre.), 2014**

(a) आवृत्तिवाचक विशेषण (b) गणनावाचक विशेषण
(c) क्रमवाचक विशेषण (d) अपूर्णांकबोधक विशेषण

**Ans : (d)** 'चौथाई' शब्द में अपूर्णांकबोधक विशेषण है। जिससे पूर्ण संख्या के किसी एक भाग का बोध हो, उसे अपूर्णांकबोधक कहा जाता है। जैसे- पौने दो, साढ़े दस, चौथाई, तिहाई आदि।

**94. 'दनामोल' में किस प्रकार का विशेषण है?**

**UP RO (Main), 2014**

(a) परिमाण बोधक (b) अपूर्णांक बोधक
(c) अनिश्चित संख्यावाचक (d) निश्चित संख्यावाचक

**Ans : (b)** 'दनामोल' में अपूर्णांक बोधक विशेषण हैं।

**95. 'दोनों' शब्द किस प्रकार का संख्यावाचक विशेषण है?**

**UP RO (Pre), 2010**

(a) समुदायबोधक (b) पुनरुक्तिबोधक
(c) आवृत्तिबोधक (d) क्रमबोधक

**Ans : (b)** प्रश्नगत शब्द 'दोनों' समुदाय बोधक संख्यावाचक विशेषण है क्योंकि इससे एक समुदाय का स्पष्टीकरण होता है।
संख्यावाचक विशेषण के निम्न भेद है-
(अ) निश्चित संख्यावाचक (गणनावाचक, क्रमवाचक, आवृत्तिवाचक समुदायवाचक और प्रत्येक बोधक)
(ब) अनिश्चित संख्यावाचक

**96. 'दोनों' शब्द है**

**UP RO (Main) 2010**

(a) समुदाय वाचक विशेषण (b) आवृत्तिवाचक विशेषण
(c) गणनावाचक विशेषण (d) क्रमवाचक विशेषण

**Ans : (a)** प्रश्न में दिया गया शब्द 'दोनों' समुदायवाचक विशेषण है।

**97. विशेषणों में तुलना के आधार पर कितनी अवस्थाएँ होती हैं?**

(a) दो (b) पाँच
(c) चार (d) तीन

**UPSI Batch - I 19 Dec.2017**

**Ans. (d) :** विशेषणों में तुलना के आधार पर तीन अवस्थाएँ होती हैं–1. मूलावस्था, 2. उत्तरावस्था, 3. उत्तमावस्था। जैसे–कोमल (मूलावस्था), कोमलतर (उत्तरावस्था) एवं कोमलतम (उत्तमावस्था)।

**98. ''एक लड़का स्कूल जा रहा है'', इस वाक्य में विशेषण पहचानिए।**

(a) क्रमवाचक (b) समुदायवाचक
(c) आवृत्तिवाचक (d) गणनावाचक

**UPSI Batch - I 15 Dec.2017**

**Ans : (d) –** 'एक लड़का स्कूल जा रहा है।' इस वाक्य में गणनावाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है। गणनावाचक के अन्य **उदाहरण –** एक, दो, तीन, चार पाँच आदि होता है।

**99. ''मोहन तुमसे चौगुना काम करता है'', इस वाक्य में विशेषण पहचानिए।**

(a) आवृत्ति वाचक (b) परिमाण वाचक
(c) संकेत वाचक (d) सार्वनामिक

**UPSI Batch - I 15 Dec.2017**

**Ans : (a) –** 'मोहन तुमसे चौगुना काम करता है' इस वाक्य में आवृत्ति वाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है। आवृत्ति वाचक विशेषण हैं– दूना, तिगुना, चौगुना, पाँच गुना .......। ध्यातव्य हो कि यह संख्यावाचक विशेषण है।

**100. ''चौथा व्यक्ति ज्यादा होशियार है।'' इस वाक्य में 'चौथा' क्या है?**

(a) गुणवाचक विशेषण (b) क्रिया विशेषण
(c) उपर्युक्त तीनों (d) संख्यावाचक विशेषण

**UPSI Batch - III 22 Dec.2017**

**Ans. (d) :** प्रश्नगत वाक्य ''चौथा व्यक्ति ज्यादा होशियार है।'' वाक्य में 'चौथा' शब्द संख्यावाचक विशेषण है। जिस विशेषण से संज्ञा की संख्या का बोध हो, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। **जैसे–** तीन, तीसरा, दोनों, हर एक, चार आदि।

**101. ''पच्चीस रुपये दीजिये'' वाक्य में विशेषण पहचानें।**

(a) क्रमवाचक (b) समुदाय वाचक
(c) निश्चित संख्यावाचक (d) आवृत्ति वाचक

**UPSI Batch - III 13 Dec.2017**

**Ans : (c)** दिये गये विकल्पों के आधार पर 'पच्चीस रुपये दीजिए।' में 'पच्चीस' निश्चित संख्यावाचक विशेषण है। दोगुना, तिगुना, चौगुना आदि आवृतिसूचक विशेषण है।

**102. 'तीसरा' शब्द में विशेषण है –**

**UP RO (Pre.), 2014**

(a) पूर्णांकबोधक विशेषण (b) आवृत्तिवाचक विशेषण
(c) गणनावाचक विशेषण (d) क्रमवाचक विशेषण

**Ans : (d)** 'तीसरा' शब्द में क्रमवाचक विशेषण है। **उदाहरणार्थ-** पहला, दूसरा, तीसरा आदि जबकि गणनावाचक विशेषण एक, दो, तीन, चार आदि होता है एवं आवृत्तिवाचक विशेषण दुगुना, तीगुना, चौगुना आदि होता है।

**103. 'विशेषण' शब्द का चयन कीजिये –**

**UP RO (Pre.), 2013**

(a) सरपंच (b) पाँचवाँ (c) प्रपंच (d) पहुँच

**Ans : (b)** दिये गये विकल्पों में 'पाँचवाँ' विशेषण शब्द है जो कि निश्चित संख्या (क्रमसूचक) की अभिव्यक्ति करता है जबकि अन्य शब्द 'सरपंच', 'प्रपंच' और 'पहुँच' इससे इतर शब्द हैं।

**104. इनमें संख्यावाचक विशेषण कौन सा है?**

**UP RO (Main), 2013**

(a) सात (b) काला
(c) रावण (d) खट्टा

**Ans : (a)** दिये गये विकल्पों में विकल्प (a) **सात** शब्द संख्यावाचक विशेषण है। काला व खट्टा गुणवाचक विशेषण हैं तथा रावण व्यक्तिवाचक संज्ञा है।

**105. कुछ लोग इधर ही आ रहे हैं। वाक्य को रेखांकित अंश में विशेषण है :**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट स्टेनोग्राफर (PA) परीक्षा, 2017**

(a) अनिश्चित संख्या वाचक (b) निश्चित संख्यावाचक
(c) गुण वाचक (d) परिणाम वाचक

**Ans : (a)** दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश 'कुछ लोग' में 'अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण' है। इस प्रकार के विशेषण में अनिश्चित संख्या का बोध होता है। **जैसे-** कुछ आदमी, कई लोग, सब कुछ आदि।

**106. ''चंद रुपए बचाने के चक्कर में कई लोगों को शर्मसार होना पड़ा।'' इस वाक्य में प्रयुक्त विशेषण का भेद पहचानिए।**

(a) निश्चित संख्यावाचक (b) विभागबोधक
(c) अनिश्चित संख्यावाचक (d) निश्चित परिमाणवाचक

**UPSI Batch - I 22 Dec.2017**

**Ans. (c) :** प्रश्नगत वाक्य में 'चंद रुपये बचाने के चक्कर में कई लोगों को शर्मसार होना पड़ा' में संख्यावाचक विशेषण प्रयुक्त है। इस वाक्य में 'चंद' एवं 'कई' अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण है।

**107. कौन सा विशेषण निश्चित संख्यावाचक विशेषण नहीं है?**

(a) कुर्ते के लिए दो मीटर कपड़ा चाहिए।
(b) चाय में पचास ग्राम चीनी डालना।
(c) सैंकड़ों लोग मारे गए।
(d) एक किलो आम से ज्यादा मत लाना।

**UPSI Batch - III 12 Dec.2017**

**Ans : (c)** 'सैकड़ों लोग मारे गये' में सैकड़ों निश्चित संख्यावाचक विशेषण नहीं है। 'सैकड़ों' से कितना सौ ? यह निश्चित नदी है। यह अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण है।

**108. ''कई दर्शक गण'' किस विशेषण का उदाहरण है?**

(a) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(b) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(c) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(d) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

**UPSI Batch - II 12 Dec.2017**

**Ans : (d)** ''कई दर्शक गण'' में अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण प्रयुक्त हुआ है। शेष विकल्प असंगत हैं।

**109. इनमें कौन-सा परिमाणवाचक विशेषण का उदाहरण नहीं है?**

(a) अनगिनत तारे (b) पचास गज जमीन
(c) दो किलो सेब (d) दस लीटर पानी

**UPSI Batch - I 21 Dec.2017**

**Ans :(a)** किसी वस्तु की नाप या तौल का बोध कराने वाले विशेषण 'परिमाणवाचक' विशेषण कहलाते हैं। **जैसे–** पचास गज, दस लीटर, दो किलो क्रमशः जमीन, पानी, सेब की नाप और तौल दर्शा रहे हैं। अतः इन सभी में परिमाणवाचक विशेषण हैं, जबकि 'अनगिनत तारे' अनिश्चित संख्यावाची विशेषण है।

**110. ''मेरे कुर्ता–पाजामा में साढ़े तीन मीटर कपड़ा लगेगा'' वाक्य में विशेषण पहचानिए।**

(a) संख्यावाचक (b) संकेतवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) गुणवाचक

**UPSI Batch - I 13 Dec.2017**

**Ans : (c) परिमाणवाचक–** संख्यावाचक विशेषण का एक मुख्य भेद परिमाणवाचक है। यह किसी वस्तु की नाप या तौल का बोध कराता है। **जैसे–** ''मेरे कुर्ता-पाजामा में साढ़े तीन मीटर कपड़ा लगेगा।'' वाक्य में निश्चित परिमाणवाचक विशेषण है।
**संख्यावाचक–** जिन शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या लक्षित होती हो, उसे 'संख्यावाचक विशेषण' कहते है।

**111. 'गिलास में थोड़ा दूध है।'– वाक्य में रेखांकित शब्द विशेषण के किस भेद के अंतर्गत आएगा?**

**UPSSSC VDO 22/12/2018 II Shift**

(a) परिमाणवाचक (b) संख्यावाचक
(c) संकेतवाचक (d) गुणवाचक

**Ans : (a) परिमाणवाचक विशेषण** किसी वस्तु की नाप-तौल का बोध कराता है। अतः वाक्य में रेखांकित शब्द परिमाणवाचक विशेषण के अन्तर्गत आएगा। अन्य परिमाणवाचक विशेषण हैं – बहुत, अनेक, कुछ,चार किलो, दो मीटर इत्यादि।

**112. ''थोड़ा-सा दूध गरम कर दो।'' इस वाक्य में विशेषण का कौनसा भेद है?**

(a) गुणवाचक (b) निश्चित संख्यावाचक
(c) सार्वनामिक (d) अनिश्चित परिमाणवाचक

**UPSI Batch - III 22 Dec.2017**